माघ कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

कानपुर
शुक्रवार, 9 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 169, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

जर्मनी में गिरा क्षुद्रग्रह, पृथ्वी से संबंधित मिलेगी जानकारी 14

झलक दिखला जा में शाहिद ने की अद्रिजा की तारीफ 2

रिजर्व बैंक ने छठी बार रेपो दर को 6.5 % पर बरकरार रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लगातार छठी बार नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में बदलाव की संभावना कम है। आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। रिजर्व बैंक ने फरवरी, 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति की तीन दिन की समीक्षा बैठक के बाद यह फैसला लिया।

मिलेगी राहत

- मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्ज की नहीं बढ़ेंगी मासिक किश्तें
- केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति की समीक्षा बैठक में लिया फैसला

केंद्र की विफलताओं पर कांग्रेस का ब्लैक पेपर, मोदी ने बताया काला टीका

नई दिल्ली, एजेंसी

- विपक्षी दल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश की समृद्धि को नजर से बचाने को यह जरूरी
- प्रधानमंत्री ने डॉ. मनमोहन सिंह के योगदान को बताया लोकतंत्र के लिए एक प्रेरक उदाहरण
- कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने महंगाई बेरोजगारी, किसानों की दुर्दशा आदि मुद्दों पर सरकार को घेरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सराहना करते हुए उन्हें 'प्रेरक उदाहरण' बताया और कहा कि जब भी लोकतंत्र की चर्चा होगी तो उनके योगदान को याद किया जाएगा। राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों की विदाई के मौके पर उच्च सदन में उन्होंने कांग्रेस की ओर से केंद्र सरकार के खिलाफ 'ब्लैक पेपर' जारी किए जाने का स्वागत भी किया और विपक्षी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश की समृद्धि को नजर ना

लगे, इसके लिए 'काला टीका' बहुत जरूरी होता है।

प्रधानमंत्री ने शारीरिक अस्वस्थता के बावजूद सदन की कार्यवाही में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मनमोहन सिंह की सराहना की और उनके दीर्घायु होने की भी कामना की। मनमोहन सिंह सहित उच्च सदन के 68 सदस्य फरवरी से मई महीने के बीच सेवानिवृत्त हो रहे हैं। मोदी ने कहा कि जब भी हमारे लोकतंत्र की चर्चा होगी... कुछ सदस्यों की जो चर्चा होगी, उसमें डॉ. मनमोहन सिंह की चर्चा जरूर होगी। एक घटना को याद करते हुए कहा कि सभी को पता था कि विजय सत्ताधारी पक्ष की होने वाली है लेकिन डॉक्टर मनमोहन सिंह व्हीलचेयर में आए और मतदान किया। एक सांसद अपने दायित्व के लिए कितना सजग है, इसका वो उदाहरण थे। समिति या समिति के सदस्यों के चुनाव में भी वह व्हीलचेयर पर वोट देने आए। सवाल ये नहीं है कि वह किसको ताकत देने के लिए आए थे... मैं मानता हूं वो लोकतंत्र को ताकत देने आए थे। प्रधानमंत्री के संबोधन से कुछ देर पहले ही कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ 'ब्लैक पेपर' जारी किया, जिसमें महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक न्याय, किसान और कई अन्य विषयों पर सरकार की 'विफलताओं' का उल्लेख किया गया है। मोदी ने उनकी सरकार के खिलाफ 'ब्लैक पेपर' लाने के लिए खरगे को धन्यवाद दिया और अपनी सरकार द्वारा किए जा रहे अच्छों कामों के बीच इसे नजर न लगे जाए इसलिए उसे 'काला टीका' कहा।

वित्तमंत्री ने लोकसभा में अर्थव्यवस्था पर रखा श्वेतपत्र

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में भारतीय अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र रखा। संसद में इस पर चर्चा इसी सत्र में कराई जाएगी। वित्त मंत्री ने अपराह्न सदन की कार्यवाही के दौरान सदन पटल पर यह श्वेत पत्र रखा। सीतारमण ने एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करते हुए श्वेत पत्र लाने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि श्वेत पत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से 2024 राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार और इससे पहले 2004 से 2014 के बीच की तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के दौरान अर्थव्यवस्था का तुलनात्मक चिट्ठा प्रस्तुत किया जाएगा।

एक नजर

राहुल बोले-प्रधानमंत्री मोदी जन्मजात ओबीसी नहीं

झारसुगुडा (ओडिशा)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से ताल्लुक रखने वाले परिवार में नहीं हुआ और वह खुद को ओबीसी बताकर लोगों को 'गुमराह' कर रहे हैं। राहुल ने ओडिशा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के अंतिम दिन कहा कि मोदी का जन्म ऐसे परिवार में हुआ जो सामान्य जाति की श्रेणी में आता है। मोदी जी का जन्म घांची जाति के परिवार में हुआ था, जिसे 2000 में गुजरात में भारतीय जनता पार्टी सरकार के कार्यकाल के दौरान ओबीसी सूची में शामिल किया गया।

दिल्ली में मेट्रो स्टेशन का हिस्सा ढहा, एक की मौत

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में पिंक लाइन पर गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन का एक हिस्सा गुरुवार को ढह गया जिससे 53 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने मृतक के परिजनों के लिए 25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। इस घटना में स्टेशन के प्लेटफॉर्म की दीवार (पूर्वी तरफ) का एक हिस्सा सड़क पर गिर गया और इस दौरान व्यक्ति अपने स्कूटर पर सवार था। पुलिस ने मृतक की पहचान पास के करावल नगर इलाके की शहीद भगत सिंह कॉलोनी के रहने वाले विनोद कुमार के रूप में की है। डीएमआरसी गंभीर रूप से घायलों को पांच लाख और मामूली रूप से घायलों को एक लाख रुपये की सहायता राशि देगी।

हल्द्वानी में बवाल, थाना फूंका, कर्फ्यू

- जिलाधिकारी ने दिए दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश
- बनभूलपुरा के मलिक के बगीचे में नजूल भूमि पर अवैध निर्माण हटाने गई थी टीम
- पुलिस वाहन, सरकारी संपत्ति में लगाई आग

हालात काबू में करने को बुलाई गई सेना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शहर के मुस्लिम बहुल बनभूलपुरा क्षेत्र के मलिक का बगीचा में नजूल भूमि पर बने मदरसा और मस्जिद ध्वस्त करने पर दंगा भड़क गया। उग्र भीड़ ने प्रशासन, नगर निगम टीम, पुलिस फोर्स और कवरेज कर रहे पत्रकारों पर पथराव व आगजनी कर दी। उग्र भीड़ ने बनभूलपुरा थाना फूंक दिया और दर्जनों बाइकों में आग लगा दी। अंधेरा होता ही फायरिंग और बमबाजी की घटनाएं भी सामने आई हैं। पथराव व आगजनी में 250 से ज्यादा पुलिसकर्मी, प्रशासनिक अधिकारी व लोग घायल हो गए। स्थिति पर नियंत्रण के लिए जिलाधिकारी ने दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए हैं। हालात पर काबू पाने के लिए देरशाम सेना भी बुला ली गई है। एहतियातन पूरे शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

गुरुवार की शाम नगर निगम, प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम मलिक के बगीचे में नजूल भूमि पर निर्मित मदरसा और मस्जिद ध्वस्त करने पहुंची। जैसे ही अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के लिए जेसीबी और नगर निगम कर्मी पहुंचे वैसे ही उग्र भीड़ ने उसे चारों तरफ से घेर लिया, नारेबाजी और धक्कामुक्की शुरू कर दी। महिलाएं भी घरों से निकल आईं और रास्ते में ही बैठ कर दुआ करने लगीं। पुलिस ने भीड़ को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने और बवाल शुरू कर दिया। भीड़ ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी। पुलिस ने भीड़ को शांत करने के लिए लाठियां फटकारी, लेकिन भीड़ बेकाबू हो गई। जैसे ही जेसीबी मदरसा व मस्जिद पर चलने लगी, चारों तरफ से पत्थरबाजी शुरू हो गई। पुलिस ने भीड़ को शांत करने के लिए कई राउंड आंसू गैस भी छोड़ी, लेकिन बवाल बढ़ता गया। जब तक आसपास के थानों से पुलिस फोर्स पहुंचती, तब तक हालात बेकाबू हो चुके थे।

शाम को हल्का अंधेरा होने पर उग्र भीड़ ने पुलिस की गाड़ियों, बाइकों और बैरिकेड्स को आग के हवाले कर दिया। उग्र भीड़ ने बनभूलपुरा थाना भी फूंका दिया। देर शाम तमंचों से फायरिंग और बमबाजी की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। पुलिस ने किसी तरह भीड़ के बीच फंसे प्रशासनिक अधिकारियों को वहां से सुरक्षित बाहर निकाला। खबर लिखे जाने तक देर शाम तक बवाल जारी था।

उपद्रवियों द्वारा की गई आगजनी के बाद हालात पर नियंत्रण पाने के लिए भारी संख्या में तैनात सुरक्षाबल। ● अमृत विचार

दंगाइयों द्वारा फूंकी गई बाइक।

> नगर निगम व प्रशासन की टीम बनभूलपुरा में मलिक का बगीचा में नजूल भूमि पर निर्मित अवैध मदरसा और मस्जिद ध्वस्त करने गई थी। इस बीच उग्र भीड़ ने पुलिस फोर्स, प्रशासन, नगर निगम की टीम पर हमला कर दिया। आगजनी भी की गई। देर रात तक हालात को काबू करने के लिए पुलिस फोर्स मौके पर डटी हुई है। **-प्रहलाद नारायण मीणा,** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल

मुख्यमंत्री धामी ने बुलाई आपात बैठक

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बनभूलपुरा दंगे को लेकर उच्चस्तरीय बैठक बुलाई और पूरे घटनाक्रम की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने गुरुवार शाम को अपने आवास पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार तथा अन्य उच्चाधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए अराजकतत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्पष्ट किया कि प्रदेश में किसी को भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने की छूट नहीं दी जानी चाहिए।

स्कूल वैन ट्रक में घुसी, 1 छात्र की मौत, 9 घायल

दुर्घटना में क्षतिग्रस्त स्कूल वैन।

कार्यालय संवाददाता, बिल्हौर/कानपुर

- बिल्हौर के अरौल थाना क्षेत्र में ग्राम सरैया के पास हुआ हादसा
- लोडर की टक्कर लगने से आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी वैन
- अस्पतालों में भर्ती कराए गए आठ बच्चे, दो की हालत नाजुक
- अपना दल कमेरावादी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल का है स्कूल

अमृत विचार : बिल्हौर के अरौल थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर लोडर की टक्कर से आगे चल रही स्कूल वैन पीछे से ट्रक में घुस गई जिससे वैन के परखच्चे उड़ गए। एक छात्र (13) की मौत हो गई और आठ बच्चे घायल हो गए। वैन चालक भी घायल है। पांच घायल बच्चों को हैलट अस्पताल और तीन को निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है जिसमें दो की हालत गंभीर है। वैन चालक का इलाज बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। स्कूल अपना दल कमेरावादी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल का है जो केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की मां हैं। जिलाधिकारी और मेडिकल कॉलेज प्राचार्य की निगरानी में घायल बच्चों का इलाज किया जा रहा है।

गुरुवार दोपहर तीन बजे अरौल क्षेत्र स्थित डॉ सोनेलाल पटेल एजुकेशन सेंटर की छुट्टी हुई थी। 13 छात्र-छात्राओं से भरी एक स्कूल वैन चालक हरिओम कटियार लेकर जा रहा था। सरैया गांव के सामने कानपुर-अलीगढ़ हाईवे पर एक ट्रक धीमी गति से चल रहा था। तभी पीछे से आए लोडर ने स्कूल वैन में टक्कर मार दी जिससे वैन बेकाबू होकर आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। वैन की छत, दरवाजे के परखच्चे उड़ गए और वैन पिचक गई। सड़क पर घायल बच्चे, उनके बैग, बोतल और अन्य सामान बिखर गया। आस-पास के ग्रामीणों और राहगीरों ने बचाव कार्य शुरू किया। थोड़ी देर में पुलिस और एंबुलेंस भी पहुंची। घायलों को बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां अरौल के आकिन गांव के आलोक तिवारी के पुत्र यश तिवारी (13) की मौत हो गई। आकिन गांव के सूर्यांश त्रिपाठी, अरौल के अभिनंदन, कृतिका, अनिका कटियार व देवांश चौरसिया को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। निष्ठा दीक्षित, समृद्धि को ज्यादा गंभीर होने पर सर्वोदय नगर और ऐश्वर्य को लखनपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही एसीपी अजय कुमार द्विवेदी व एसडीएम रश्मि लंबा घटनास्थल पर पहुंच गईं। कानपुर डीएम राकेश कुमार सिंह भी हैलट अस्पताल पहुंचे। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल संजय काला समेत पूरा स्टॉफ भी हैलट अस्पताल पहुंच गया और घायल बच्चों का इलाज शुरू किया गया।

उप्र. को बीमारू राज्य बनाना राजनीतिक मानसिकता थी : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण के कर्टेन रेजर कार्यक्रम में बोले योगी
- औद्योगिक आस्थानों और ओडीओपी सीएफसी के 13 प्रोजेक्ट की शुरुआत

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य बनाना एक राजनीतिक मानसिकता थी, जिसे खत्म करके हमने इसे देश की दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाया है।

परंपरागत कारीगर, शिल्पकार और युवा उद्यमी जो पहले निराश था आज उसके चेहरे पर उत्साह दिखता है। ओडीओपी योजना आज आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला बन चुकी है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोकभवन में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण के कर्टेन रेजर सेरेमनी के आयोजन के दौरान कही। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने औद्योगिक आस्थानों और ओडीओपी सीएफसी की 13 परियोजनाओं की शुरुआत की। विभिन्न जिलों के परंपरागत हस्तशिल्पियों और कारीगरों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि उप्र. में बीते वर्ष ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन हुआ था। फिर से 25 से 29 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण का आयोजन होगा। कहा कि इंटरनेशनल ट्रेड शो में हमारी क्षमता को देखकर कोई उप्र. को कोई बीमार नहीं कहेगा।

19 को मोदी रखेंगे 10 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट की आधारशिला : मुख्यमंत्री ने बताया कि 19 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी उप्र. के चतुर्थ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर एक ही दिन में 10 लाख करोड़ की योजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी। इससे 33 लाख नौजवानों को सीधे नौकरी मिलेगी। ये उद्योग जहां भी लगेंगे वहां सड़क बनेगी, बिजली मिलेगी, पेयजल की व्यवस्था होगी, नए रोजगार सृजित होंगे। आवासीय सुविधाएं भी विकसित होंगी।

जालंधर में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 8 सदस्य गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब के जालंधर में पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के आठ सदस्यों को गिरफ्तार कर तीन पिस्तौल, 10 कारतूस, चार मैगजीन, एक मोटरसाइकिल, दो स्कूटर बरामद किए हैं। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने गुरुवार को कहा कि जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने जबरन वसूली, फिरौती, धमकी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के आठ बदमाशों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

टी-20 विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज होंगे बुमराह : वेर्नोन

सभी प्रारूपों में भारत की सफलता की कुंजी रहने के साथ ही सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज होंगे साबित

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

सभी प्रारूपों में जसप्रीत बुमराह के हालिया प्रदर्शन से प्रभावित दक्षिण अफ्रीका के पूर्व मध्यम तेज गेंदबाज वेर्नोन फिलैंडर ने कहा है कि वह इस साल होने वाले टी-20 विश्व कप में भारत की सफलता की कुंजी रहने के साथ सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज भी साबित होंगे। इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में 9 विकेट लेकर भारत को 91 रन से जीत दिलाकर श्रृंखला में 1-1 से वापसी कराने वाले बुमराह आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले कपिल देव दिसंबर 1979 से फरवरी 1980 के बीच दूसरे नंबर पर पहुंचे थे।फिलैंडर ने कहा कि बुमराह इस समय मुकम्मिल गेंदबाज है। उनके पास जबर्दस्त कौशल है और उन्होंने सटीक गेंदबाजी का हुनर सीख लिया है, जिससे टेस्ट क्रिकेट में इतनी सफलता मिल रही है। पहले वह हर समय विकेट लेने वाली गेंद फेंकना चाहते थे जिससे महंगे साबित होते थे लेकिन अब उनके प्रदर्शन में निरंतरता है। उन्होंने कहा कि वह ऐसे गेंदबाज हैं जिन्हें टी-20 क्रिकेट में भी कमतर नहीं आंका जा सकता । वह नई गेंद से स्विंग कराते हैं और बल्लेबाज को आगे बढ़कर खेलने के लिए मजबूर करते हैं। उनके यॉर्कर काफी धारदार होते हैं और टी-20 क्रिकेट में यही तो चाहिए। मुझे लगता है कि वह टी-20 विश्व कप में सबसे कामयाब तेज गेंदबाज होंगे। टी-20 विश्व कप जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा।

बुमराह से पहले कपिल देव दिसंबर 1979 से फरवरी 1980 के बीच रैंकिंग में दूसरे नंबर पर रहे

उन्होंने मोहम्मद शमी के लिए कहा कि वह गेंद को बखूबी स्विंग कराते हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए 64 टेस्ट में 224 विकेट लेने वाले इस गेंदबाज ने कहा कि बुमराह के अलावा मोहम्मद शमी भी हैं जो सीम का बखूबी इस्तेमाल करते हैं। दक्षिण अफ्रीका में गेंदबाजी करना आसान नहीं होता लेकिन भारत की सपाट पिचों पर गेंदबाजी करने के बाद उन्होंने जिस तरह यहां गेंदबाजी की, वह काबिले तारीफ है।

इंग्लैंड के स्पिनरों की सफलता का श्रेय कप्तान को: अहमद

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के दौरे पर इंग्लैंड के स्पिनरों ने शुरुआती दो टेस्ट मैचों में उम्मीदों से कही बेहतर प्रदर्शन किया है और युवा गेंदबाज रेहान अहमद ने इस सफलता का श्रेय टीम के माहौल और बेन स्टोक्स के नेतृत्व को दिया है। पांच मैचों की श्रृंखला इस समय 1-1 से बराबर है, लेकिन इसका आश्चर्यचकित करने वाला पहलू यह है कि इंग्लैंड के अनुभवहीन स्पिनरों ने भारतीय स्पिनरों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है।

रेहान, टॉम हार्टले और शोएब बशीर की स्पिन गेंदबाजों की तिकड़ी दो मैचों में 33 विकेट चटकाए हैं तो वहीं रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे बेहद अनुभवी स्पिनरों ने आपस में 23 विकेट साझा किए हैं। 19 साल के अहमद ने कहा कि इससे पता चलता है कि टीम का माहौल कितना बढ़िया है। उन्होंने कहा कि अपने देखा होगा कि हार्टले और बशीर यहां आने के बाद दबाव में नहीं दिखे और इसका श्रेय टीम को जाता है।

रेहान ने कहा कि हमारी टीम में माहौल और नेतृत्व ऐसा है कि आप यह भूल जाते हैं कि आप किसके खिलाफ खेल रहे हैं। आपका ध्यान सिर्फ इस बात पर होता है कि आपको क्या करने की जरूरत है। टीम की नेतृत्व इकाई में स्टोक्स और मैकुलम जैसे दिग्गजों की मौजूदगी में रेहान ज्यादा दबाव लेने से बचना चाहते है। उन्होंने कहा कि उन्हें (स्टोक्स और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम) इसकी परवाह नहीं है कि चीजें कितनी बुरी हो सकती हैं। यह हमेशा इस बारे में होता है कि आप इससे क्या हासिल कर सकते है।

खेल डायरी

मेस्सी की मौजूदगी में इंटर मियामी को विस्सेल ने हराया



तोक्यो, एजेंसी। हांगकांग में प्रशंसकों को निराश करने के बाद लियोनेल मेस्सी यहां विस्सेल कोबे के खिलाफ इंटर मियामी के प्रदर्शनी मैच के आखिरी 30 मिनट के लिए मैदान में उतरे लेकिन उनकी मौजूदगी टीम को जीत नहीं दिला सकी। मेस्सी के पास इस मैच में गोल करने के दो मौके थे लेकिन उनका प्रयास विफल रहा। मैच के 80वें मिनट में गोलकीपर शोता आरिया ने उनके प्रयास को विफल कर दिया जबकि उनके दूसरे प्रयास को विस्सेल कोबे की रक्षापंक्ति ने असफल कर दिया। नियमित समय में मुकाबला गोलरहित छूटने के बाद पेनल्टी शूटआउट में विस्सेल कोबे ने 4-3 से जीत दर्ज की। मेस्सी ने हालांकि पेनल्टी किक नहीं लगाया जिससे स्टेडियम में मौजूद 29 हजार दर्शक ने निराशा में हूटिंग की। यह हूटिंग हालांकि हांगकांग से कम थी जहां प्रदर्शनी मैच में मेस्सी मैदान पर नहीं उतरे थे। वहां मेस्सी और इंटर मियामी को नाराज प्रशंसकों और सरकार दोनों की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा था। मेस्सी ने मंगलवार को ही संकेत दिया था कि वह चोट से उबर कर अच्छा महसूस कर रहे हैं और फिटनेस हासिल कर इस मैच के लिए मैदान पर उतरेंगे।

मुंबई ओपन के दूसरे दौर में कोर्नीवा से हारीं श्रीवल्ली

मुंबई, एजेंसी। भारतीय टेनिस खिलाड़ी श्रीवल्ली भादिमिपति एलएंडटी मुंबई ओपन के दूसरे दौर के मुकाबले में रूस की 16 वर्षीय अलीना कोर्नीवा से हार गईं। भारतीय खिलाड़ी से 380 पायदान ऊपर रैंकिंग वाली कोर्नीवा ने बुधवार को क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) परिसर में श्रीवल्ली को दो घंटे 25 मिनट तक चले मुकाबले में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मुंबई ओपन की शीर्ष पांच वरीयता प्राप्त खिलाड़ी प्रतियोगिता से बाहर हो गई हैं, जिससे छठी वरीयता प्राप्त दारजा सेमेनिस्टाजा टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। लातविया की दारजा ने फ्रांस की अमांडाइन हेसे को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। चौथी वरीयता प्राप्त अरीना रोडियोनोवा और पांचवीं वरीयता प्राप्त लौरा पिगोसी बुधवार को एकल स्पर्धा से बाहर हो गईं। युगल मुकाबलों में सहजा यमलापल्ली और वैष्णवी अदकर की भारतीय जोड़ी दूसरी वरीयता प्राप्त सबरीना सांतामारिया और डेलिला जाकुपोविच से हार गई।

पटियाला में होगी आयु वर्ग की राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप

नई दिल्ली, एजेंसी। अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन अब 28 फरवरी से पटियाला में होगा। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के संचालन के लिए गठित तदर्थ समिति ने गुरुवार को यह घोषणा की। पहले इस प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 17 फरवरी के बीच ग्वालियर में होना था लेकिन कुछ राज्य संघ ने समय कम होने पर इसमें भाग लेने में असमर्थता जताई थी। इसके बाद तदर्थ समिति ने इसे स्थगित कर दिया था। तदर्थ समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा ने कहा कि अंडर-15 और 20 वर्ग की फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन अब 28 फरवरी से 5 मार्च तक पटियाला में नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान में होगा। राज्य संघों ने चैंपियनशिप की तैयारी के लिए अधिक समय देने के लिए कहा था जिसके बाद यह फैसला किया गया। बाजवा ने कहा कि इस चैंपियनशिप में 18 से 20 राज्यों के 1200 से 1400 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है।

जेनेसिस इनविटेशनल में पहला मैच खेलेंगे वुड्स

लॉस एंजिलिस, एजेंसी। टाइगर वुड्स अगले हफ्ते रिवेरा में 'जेनेसिस इनविटेशनल' में भागीदारी के साथ सत्र का आगाज करेंगे। वह इसकी मेजबानी कर रहे हैं। वह पिछले साल मास्टर्स टूर्नामेंट के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धी मुकाबले में उतरेंगे। वुड्स ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वह 15 फरवरी से शुरू होने वाले 20 मिलियन डॉलर (1.66 अरब रुपये) पुरस्कार वाले पीजीए टूर के अगले आयोजन का 'मेजबान बनने को लेकर उत्साहित' है। रिवेरा गोल्फ कोर्स पर वुड्स ने बिना जीत दर्ज किए सबसे ज्यादा 12 मुकाबलों में भाग लिया है। वह पिछले सत्र में यहां संयुक्त 45वें स्थान पर थे। जेनेसिस इनविटेशनल में शानदार प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों को भी भागीदारी का मौका मिलता है लेकिन वुड्स प्रायोजक से मिली छूट के साथ खेलेंगे।

कोहली की अनुपस्थिति भारत, श्रृंखला और विश्व क्रिकेट के लिए झटका: हुसैन

व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच से दूर रहे दिग्गज क्रिकेटर

चेन्नई, एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन का मानना है कि विराट कोहली जैसे खिलाड़ी का आगामी टेस्ट मैच में नहीं खेलना सिर्फ भारतीय टीम ही नहीं बल्कि श्रृंखला और विश्व क्रिकेट के लिए झटका है। हुसैन ने हालांकि भारतीय क्रिकेटर के व्यक्तिगत जिंदगी को प्राथमिकता देने का समर्थन किया। कोहली व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच से हट गए थे। उनके राजकोट और रांची में आगामी मुकाबलों में भी खेलने की संभावना नहीं है। धर्मशाला में अंतिम टेस्ट में भी उनका खेलना संदिग्ध है। पांच टेस्ट की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है।

हुसैन ने कहा कि हां, अभी पुष्टि नहीं हुई है। ये सब अटकलें हैं, वह अगले दो टेस्ट मैच में खेलेंगे या नहीं। अगले कुछ घंटों में वे अपनी टीम घोषित करेंगे। यह अगले तीन टेस्ट मैच के लिए होगी या नहीं, कुछ भी अभी स्पष्ट नहीं है। लेकिन यह झटका होगा। हुसैन ने कहा कि यह भारत के लिए झटका होगा। यह श्रृंखला के लिए ही नहीं विश्व क्रिकेट के लिए झटका होगा। यह एक विशेष श्रृंखला होने जा रही है। यह पहले ही शुरू हो चुकी है। पहले दो मैच काफी शानदार रहे। कोहली की उपलब्धियों और क्रिकेट में योगदान की प्रशंसा करते हुए इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा कि उन जैसा खिलाड़ी 15 साल तक खेल की सेवा करने के बाद अपने परिवार के साथ समय बिताने का हकदार है। खेल को विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों का भी ध्यान रखने की जरूरत है। वह पिछले 15 साल से अधिक समय से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं और अगर उन्हें परिवार के साथ रहने के लिए खेल से ब्रेक की जरूरत है तो हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। हुसैन ने कहा कि भले ही इस कारण हमें एंडरसन बनाम कोहली का दिलचस्प मुकाबला देखने को नहीं मिले जैसा हमने पिछले कुछ वर्षों में देखा है तो भी ठीक है, लेकिन कोहली और उनका परिवार और उनकी निजी जिंदगी सर्वोपरि है। विराट कोहली खेल और किसी श्रृंखला के खेलने वाले महान बल्लेबाजों में से एक हैं और उनके जैसे खिलाड़ी की टीम को कमी खलेगी, लेकिन जैसा कि हमने देखा है कि उनके पास युवा बल्लेबाजों की अच्छी जमात है।

राजकोट और रांची में होने वाले मुकाबलों में भी खेलने की संभावना कम

केएल राहुल के अंतिम एकादश में शामिल होने की उम्मीद

हुसैन ने कहा कि कोहली की जगह लेना मुश्किल है लेकिन उन्हें केएल राहुल के अंतिम एकादश में शामिल होने की उम्मीद है जो दर्द के कारण दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। मुझे लगता है कि केएल राहुल भारतीय टीम में शामिल हो सकते हैं जो दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। तीसरा टेस्ट राजकोट में 15 से 19 फरवरी तक खेला जाएगा जबकि चौथा टेस्ट रांची में 23 से 27 फरवरी तक होगा। हाल में कोहली के मित्र और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने यूट्यूब शो पर खुलासा किया था कि भारतीय बल्लेबाज अपने दूसरे बच्चे के जन्म के लिए टेस्ट मैच नहीं खेल पा रहे हैं।

चुनौतीपूर्ण होगा पेरिस ओलंपिक: पीवी सिंधु

नई दिल्ली, एजेंसी

चोटिल होने से पिछले कुछ समय से बाहर रहने के बाद अब वापसी के लिए तैयार दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का मानना है कि पेरिस ओलंपिक चुनौतीपूर्ण होगा और उन्हें स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए अधिक होशियार होना होगा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। पिछले 18 महीनों में उन्हें चोटों और खराब फॉर्म से जूझना पड़ा।

राष्ट्रमंडल खेल 2022 के दौरान उनके बाएं टखने में चोट लगी थी जबकि पिछले साल अक्टूबर में फ्रेंच ओपन के दौरान उनका बायां घुटना चोटिल हो गया था। सिंधु ने कहा कि इस बार ओलंपिक में अलग तरह का अनुभव मिलने वाला है क्योंकि 2016 और 2020 के ओलंपिक पूरी तरह से भिन्न थे। पेरिस ओलंपिक अधिक चुनौतीपूर्ण होगा लेकिन मैं अब अधिक अनुभवी हो गई हूं और इस बार मुझे अधिक होशियारी से खेल खेलना होगा। महिला सर्किट में शीर्ष 10 से 15 स्थान पर काबिज खिलाड़ी कड़ी चुनौती पेश करते हैं। ऐसे में अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करना और अच्छी रणनीति के साथ कोर्ट पर उतरना महत्वपूर्ण होता है, जिससे आप शुरुआती रणनीति के नहीं चल पाने पर दूसरी रणनीति को अपना सकें। फॉर्म में वापसी के लिए बेताब सिंधु ने पिछले साल कोरियाई कोच पार्क ताए-सांग से नाता तोड़ दिया था। अब उनके साथ पूरी तरह से नया सहयोगी स्टाफ है। वह प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी (पीपीबीए) में इंडोनेशिया के एगस सैंटोसो की देखरेख में अभ्यास कर रही हैं।

टी-20 विश्व कप चयन के लिए आईपीएल का रहेगा महत्व: मूडी

चेन्नई, एजेंसी

कोच टॉम मूडी ने गुरुवार को कहा कि खिलाड़ियों का आईपीएल और आईएल टी-20 जैसी लीग में प्रदर्शन इस बार मायने रखेगा क्योंकि इसका टी-20 विश्व कप से पहले टीम चयन पर असर पड़ेगा। आईसीसी (अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) का इस चरण का टी-20 विश्व कप जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जायेगा। मूडी ने 'आईएल टी-20' की डेजर्ट वाइपर्स टीम द्वारा कराई बातचीत के दौरान कहा कि मार्च और मई के बीच खेली जाने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के साथ अन्य टी-20 लीग जैसे आईएल टी-20 किसी भी खिलाड़ी के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि कोई भी घरेलू टीम इन टूर्नामेंट में इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखेगी क्योंकि इन लीग में काफी बेहतरीन क्रिकेट खेला जाता है।

डेविस कप: सितंबर में स्वीडन से भिड़ेगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत डेविस कप विश्व ग्रुप एक के मुकाबले में सितंबर में मेजबान स्वीडन का सामना करेगा। भारत ने पिछले सप्ताह इस्लामाबाद में विश्व ग्रुप एक प्लेऑफ में पाकिस्तान को 4-0 से मात दी थी जबकि स्वीडन क्वालीफायर के पहले दौर में ब्राजील से 1-3 से हारा था। भारत और स्वीडन के बीच डेविस कप में अब तक पांच मुकाबले हुए हैं। भारत स्वीडन को हराने में नाकाम रहा है लेकिन इस बार उसके पास अच्छा मौका होगा क्योंकि मेजबान टीम में कोई बड़ा एकल खिलाड़ी नहीं है।

यकीन है विश्व कप जीतेंगे : सहारन

बेनोनी, एजेंसी

लगातार पांचवीं बार अंडर-19 विश्व कप फाइनल में पहुंची भारतीय टीम के कप्तान उदय सहारन ने इसका श्रेय खिलाड़ियों के आपसी तालमेल को देते हुए कहा है कि फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके उनकी टीम इतिहास में नाम दर्ज कराने के लिए लालायित है ।

भारत का अंडर-19 विश्व कप में दबदबा इसी बात से साबित होता है कि पिछले 9 में से 7 बार टीम फाइनल में पहुंची है। हर बार किसी खिलाड़ी ने जिम्मेदारी लेकर टीम को जीत तक पहुंचाया है। सहारन ने विलोरमूर पार्क पर टीम के अभ्यास सत्र से इतर दिए इंटरव्यू में कहा कि हमारी टीम के अच्छे प्रदर्शन का राज आपसी तालमेल है। हमारी बॉडिंग इतनी अच्छी है कि ड्रेसिंग रूम का माहौल बहुत दोस्ताना है। सभी एक दूसरे पर भरोसा करते हैं और एक दूसरे की मदद को तत्पर रहते हैं। इसी से प्रदर्शन ग्राफ लगातार अच्छा रहा है।

श्रीगंगानगर से निकले इस खिलाड़ी ने कहा कि बहुत गर्व की बात है कि हम लगातार पांचवीं बार फाइनल में पहुंचे हैं । भारत का टूर्नामेंट में इतना दबदबा रहा है। हमारे सभी खिलाड़ी लय में हैं और अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। अब तक टूर्नामेंट में छह मैचों में सर्वाधिक 389 रन बना चुके सहारन ने कहा कि फाइनल में सामने आस्ट्रेलिया हो या पाकिस्तान, फर्क नहीं पड़ता।

बॉलीवुड हलचल

12 जुलाई को आएगी जॉन की 'वेदा'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम की आने वाली फिल्म वेदा 12 जुलाई को रिलीज होगी। जॉन अब्राहम ने इंस्टाग्राम पर फिल्म वेदा के दो पोस्टर रिलीज किए हैं, जिसमें से पहली तस्वीर में जॉन गन और बंदूक लिए खड़े दिख रहे हैं. लेकिन चेहरा नजर नहीं आ रहा है, वहीं दूसरे पोस्टर में फिल्म के नाम के साथ जॉन अब्राहम और श्रावरी नजर आ रही हैं। निर्देशक निखिल आडवाणी ने बताया, 'वेदा' सिर्फ एक फिल्म नहीं है। यह रियल लाइफ स्टोरी से प्रेरित है और हमारे समाज का आईना भी है। जॉन, शरवरी और अभिषेक बनर्जी के साथ काम करना एक शानदार अनुभव बताया। उन्होंने कहा- मुझे आखिरकार रिलीज की तारीख की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। जी स्टूडियोज, एम्मे एंटरटेनमेंट और जेए एंटरटेनमेंट द्वारा प्रोड्यूस और निखिल आडवाणी द्वारा निर्देशित, असीम अरोड़ा द्वारा लिखित, 'वेदा' 12 जुलाई, 2024 को रिलीज होगी।

पवन सिंह की फिल्म जियो मेरी जान का मोशन पोस्टर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह की आने वाली फिल्म जियो मेरी जान का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। जेपी स्टार पिक्चर्स प्रस्तुत फिल्म जियो मेरी जान के मोशन पोस्टर को जेपी स्टार भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज भी किया गया है। मोशन पोस्टर के अंत में पवन सिंह का लुक भी आउट होता है, जिसमें उनके चेहरे पर कट्स और माथे पर खून लगा हुआ नजर आ रहा है। मोशन पोस्टर जारी होने के बाद फिल्म को लेकर पवन सिंह ने कहा कि यह फिल्म बेहद धमाकेदार होने वाली है। हमने इस फिल्म में शानदार काम किया है, लेकिन अंतिम फैसला दर्शकों का होगा। फिर भी हम इस बात का दावा करते हैं कि इस फिल्म में जो एक्शन देखने को मिलेगा।

'झलक दिखला जा' में शाहिद ने की अद्रिजा की तारीफ



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर ने झलक दिखला जा के मंच पर अद्रिजा सिन्हा की तारीफ की है। इस वीकेंड, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर झलक दिखला जा के 'लव स्पेशल' एपिसोड में सभी प्रतियोगी मनमोहक परफॉर्मेंस के जरिए प्यार की अपनी परिभाषा व्यक्त करेंगे। जावेद जाफ़री, विशेष अतिथि के रूप में इस एपिसोड की शोभा बढ़ाएंगे, जबकि शाहिद कपूर और कृति सैनन भी फिल्म, 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' को प्रमोट करने के लिए मौजूद होंगे। कोरियोग्राफर आकाश थापा के साथ, अद्रिजा सिन्हा, शाहिद और कृति की आगामी फिल्म के गीत लाल पीली अंखियां पर अपने प्रदर्शन के साथ एक बार फिर जादू जगाने के लिए तैयार हैं। शाहिद कपूर ने अद्रिजा की तारीफ करते हुए कहा, मैं केवल इतना कह सकता हूं कि आज वह दिन है जब फैन एक्ट से बेहतर डांस करता है; पूरे एक्ट के दौरान मेरी नजरें अद्रिजा से हट ही नहीं रही थीं। अद्रिजा, आप इसके मालिक हैं। आपकी हर धड़कन, हर कदम, हर अभिव्यक्ति, मैं आपके भीतर से फूटते डांस को महसूस कर सकता हूं। आपमें अपार प्रतिभा है और आप डांस फ्लोर के लिए ही पैदा हुए हैं। आज आपको देखकर मैंने बहुत कुछ सीखा है, इसके लिए आपका शुक्रिया। कृति सैनन ने कहा, यह अविश्वसनीय था, क्या परफॉर्मेंस है! मुझे इसका हर पल बेहद पसंद आया। आपने जिस तरह से डांस किया, आपकी ऊर्जा और आपके चेहरे के भाव अद्भुत थे। मैं सचमुच एक फैन हूं। 'लाल पीली अंखिया' में, एक पल में, आप अपनी जीभ बाहर निकालकर चंचल थीं, और अगले ही पल, आप एक पटाखे की तरह थीं। मैं इस गाने पर कभी इस तरह के एक्ट की कल्पना भी नहीं कर सकती थी।

सोनम कपूर बनीं ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन नेक्स्ट का शो स्टॉपर

नई दिल्ली, एजेंसी। ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन नेक्स्ट के पहले संस्करण में फैशन डिज़ाइनर रिमज़िम दादू ने युवा दिल की आज़ादी को अपनाने की ओर समर्पित चयनशील कैप्सूल कलेक्शन को प्रदर्शित किया, जिसका शो स्टॉपर अभिनेत्री सोनम कूपर रहीं। वैश्विक फैशन और लाइफस्टाइल ट्रेंड्स के प्रभावों को प्रस्तुत करते हुए, फैशन नेक्स्ट को तीन अनूठी थीम्स पर क्यूरेट किया गया है जो उभरते फैशन के शीर्ष पर हैं: हॉलिडे वियर में लक्ज़री फैशन के प्रभाव का प्रतिनिधित्व करने वाला, वांडरलक्स; हाई फैशन में ग्लैमर की आधुनिक व्याख्या का प्रतिनिधित्व करने वाला, ग्लॉस ऐंड ग्लैम; और भविष्यवाद से प्रेरित फैशन का प्रतिनिधित्व करने वाला, इंटरग्लैमैटिक। अपने शोकेस में इन तीन थीम्स को बुनते हुए, फैशन डिज़ाइनर रिमज़िम दादू ने ऐसा कलेक्शन पेश किया, जो ग्लैमर के साथ फ्यूचरिस्टिक फैशन के सार को जोड़ता है। इसकी पहचान दादू की नवीन टेक्सटाइल और तकनीकें हैं। स्कल्प्टेड मैटेलिक कॉर्ड्स और मेश को फ्यूचरिस्टिक फैब्रिक में ट्रांसफॉर्म किया गया हैं, जो उनके कल के दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है।

खुशी कक्कर और लवली काजल का लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' हुआ रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका खुशी कक्कर और अभिनेत्री लवली काजल का भोजपुरी लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' रिलीज हो गया है। भोजपुरी लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' की, वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है, जिसके वीडियो में लवली काजल नाचते और ठुमका लगाते हुए खूब अपनी बड़ाई कर रही है। इसको खुशी कक्कड़ ने गाया है। गाने के वीडियो में लवली ठुमका लगाते हुए कहती है कि ... 'हमर बलमुआ हवें हो इकलौता, दादा दादी के दुलारा हवे पोता, नाही देवरानी न घर मे जेठानी, करी ससुरा में राज हम बनके रानी ..' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' निर्माता रत्नाकर कुमार है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

12 फरवरी को लगेगा रोजगार मेला

चित्रकूट। जिला समन्वयक जितेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि 12 फरवरी को प्रात: 10 बजे से नवीन गल्ला मंडी परिसर स्थित सेवायोजन कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जिसमें देश की लगभग दस प्रतिष्ठित कंपनियां आएंगी। 1200 से अधिक रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार होगा। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करते हुए समय से पहुंचें। साथ ही ऑनलाइन न कर पाने की स्थिति में सीधे भी प्रतिभाग कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय या राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से संपर्क कर सकते हैं।

टेंपो और ई-रिक्शा चालकों को दी गई नसीहत

चित्रकूट। मौनी अमावस्या मेले के संबध में गुरुवार को यातायात प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने रेलवे स्टेशन के पास टेंपो एवं ई-रिक्शा चालकों के साथ बातचीत की। यातायात प्रभारी ने चालकों को निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियों को वाहन पर न बैठाने, पायदान या छत पर यात्रियों को न बैठाने, मादक द्रव्य का सेवन करके वाहन न चलाने, यात्रियों को बैठाते एवं उतारते समय वाहन को सड़क के किनारे खड़ा करने की नसीहत दी।

कालूपुर में रामलीला का मंचन शुरू

चित्रकूट। ट्रांसपोर्ट नगर कालूपुर में बुधवार रात से रामलीला मंचन शुरू हो गया। प्रयागराज रामलीला मंडली के कलाकार इसमें अभिनय करेंगे। व्यवस्थापक रोहित पांडेय, रज्जू गौतम, गुड्डा पांडेय, कृष्णा भारद्वाज, अतुल शुक्ला, मनोज, दीनदयाल आदि ने बताया कि कार्यक्रम 18 फरवरी तक रोजाना शाम सात बजे से रात 11 बजे तक चलेगा।

अवैध संबंध में युवक की हत्या में दंपति को उम्रकैद

जिला जज विकास कुमार प्रथम ने सुनाया निर्णय

चित्रकूट कार्यालय

अमृत विचार। अवैध संबंध के चलते युवक की हत्या कर शव खेत में फेंकने के मामले में दोषी दंपति को सत्र न्यायाधीश ने आजीवन कारावास की सजा दी। कोर्ट ने इनको अर्थदंड भी दिया।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि 15 जनवरी 2018 को मानिकपुर थाने के लक्ष्मणपुर कल्याणपुर गांव निवासी दयाशंकर पांडेय ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका 23 वर्षीय पुत्र दीपू 12 जनवरी की रात लगभग नौ बजे के सरसों के खेत में फेंक दिया है। मौके पर जाकर उसने देखा तो पाया कि कुल्हाडी मारकर उसके बेटे की हत्या की गई थी।

मृतक के पिता ने इस मामले में गांव के ही राजा भइया उर्फ बोग्गा व उसकी पत्नी ममता समेत लगभग छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार किया था। पूछतांछ के दौरान अवैध संबंधों के कारण दीपू की हत्या का मामला सामने आया था। इसके बाद पुलिस ने हत्यारोपी दंपति के विरुद्ध न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध राजा भइया व उसकी पत्नी ममता को आजीवन करावास की सजा दी। इनको 15-15 हजार रुपये का अर्थदंड भी दिया।

लोस चुनाव होने तक क्रियाशील रहेगा डीसीसी

चित्रकूट। उप जिला निर्वाचन अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में अंतिम निर्वाचन नामावलियों का प्रकाशन 23 जनवरी को किया जा चुका है। नामावलियां बूथ लेवल अधिकारियों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय तथा जिला निर्वाचन कार्यालय में निरीक्षण तथा दावे आपत्तियां प्राप्त करने के लिए उपलब्ध हैं। जन सामान्य की जानकारी एवं सुविधा के लिए कलेक्ट्रेट चित्रकूट स्थित आपदा नियंत्रण कक्ष में डिस्ट्रिक्ट कांटेक्ट सेंटर (डीसीसी) की स्थापना की गई है और यह लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए मतदान की समाप्ति तक क्रियाशील रहेगा। इसका टोल फ्री नंबर- 1950 है, जो 24 घंटे क्रियाशील है। निर्वाचक नामावली से संबंधित किसी भी जानकारी/शिकायत के लिए इस नंबर पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

इस्टीमेट बनाकर शुरू कराएं टेंडर प्रक्रिया: जिलाधिकारी

चित्रकूट कार्यालय। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने राजकीय विद्यालयों में किए जाने वाले कामों के लिए इस्टीमेट तैयार कर टेंडर प्रक्रिया शुरू कराने के निर्देश दिए। डीएम ने गुरुवार को प्रोजेक्ट अलंकार योजना की समीक्षा बैठक की।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने राजकीय विद्यालयों के जर्जर भवनों के पुनर्निर्माण, जीर्णोद्धार, अवस्थापना को लेकर दिशानिर्देश दिए। डीएम ने राजकीय विद्यालयों में पेयजल, मल्टीपरपज हाल, शौचालय, लाइब्रेरी, प्रयोगशाला आदि के कामों की जानकारी ली। सहायक अभियंता आवास विकास सलिल कुमार मिश्र को निर्देश दिए कि विद्यालयों में कामों का मॉडल प्राक्कलन तैयार कराएं और टेंडर की प्रक्रिया शुरू करें। डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र से कहा कि विद्यालयों का निर्माण कार्य शासन के निर्देशों के अनुसार कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में कर्मचारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

विद्यालय में आशीर्वाद समारोह का आयोजन

सीतापुर, चित्रकूट

अमृत विचार। सद्गुरु पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन हुआ।

समारोह का शुभारंभ डायरेक्टर डा. बीके जैन व सद्गुरु शिक्षा समिति की अध्यक्ष ऊषा जैन ने गुरु पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। डॉ. जैन ने बच्चों को प्रेरणा दी कि जीवन में उपलब्धियां अर्जित करते हुए नाम रोशन करें। उन्होंने सभी बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने की सलाह दी। इस अवसर पर सभी लोगों ने छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षाओं में सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा गया कि मेहनत ही एक ऐसी कुंजी है जिसके बल पर सभी बच्चे सफलता की सीढ़ी को आसानी से चढ़ सकते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा कोई विकल्प नहीं है। इस मौके पर शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष, अनुभा अग्रवाल, सचिव आरबीएस चौहान आदि मौजूद रहे।

बच्चों को आशीर्वाद देते डा. बीके जैन। अमृत विचार

सहकारिता से ही भारत बनेगा विकसित राष्ट्र

चित्रकूट कार्यालय

अमृत विचार। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक में जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि सहकारिता से ही विकासशील देश से भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान सभागार में हुई बैठक में सहकारिता पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय संयोजक आशुतोष तिवारी ने और संचालन संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ चित्रकूट योगेश जैन ने किया। लवकुश ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ गांव गरीब एवं अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक सहकारिता ही पहुंचा सकती है। क्षेत्रीय संयोजक ने सभी से आगामी महासम्मेलन एवं संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए। डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल को इस संबंध में बनी समिति का संयोजक बनाया गया। सहकारी बंधु राजेश मिश्रा ने भी सहकारिता पर अपनी बात रखी। डीसीएफ उपाध्यक्ष आलोक द्विवेदी ने गुजरात और महाराष्ट्र में सहकारिता से हुए कामों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता बताई।

सुशील द्विवेदी गनीवां ने कहा कि सब को साथ लेना ही सहकारिता है। हेमंत सिंह ने इसमें सभी के सहयोग की अपेक्षा की। दिव्या त्रिपाठी ने आदर्श सहकारी समिति बनाने की बात कही। शंकर दयाल पयासी ने रोजगार के अवसर सहकारिता में ही बताए। हरिओम करवरिया ने सभी को एकजुट होने को कहा। आलोक पांडेय ने सभी का आभार जताया।

बैठक में अरुण कुमार मिश्रा, योगेंद्र सिंह, सह संयोजक चंद्रमोहन द्विवेदी, लाल बहादुर सिंह, प्रकाश पांडेय, शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी, गुलाबचंद पांडेय सहकार भारती से कुलदीप सिंह महामंत्री संगठन आदि ने भी विचार रखे।

बैठक में भाग लेने पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

मंथन

- भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ की हुई बैठक

अवैध रूप से संचालित हो रहे पांच निजी अस्पताल सीज

तुलसीतीर्थ में उपजिलाधिकारी प्रमोद झा के नेतृत्व में की गई औचक छापेमारी, प्रशासन की बड़ी कार्रवाई से मचा हड़कंप

अस्पताल को सीज करता कर्मचारी। अमृत विचार

छापेमारी करते एसडीएम और सीओ आदि। अमृत विचार

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

अमृत विचार। तुलसीतीर्थ में तेजी से फल फूल रहे अनधिकृत निजी अस्पतालों की शिकायतों पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। गुरुवार को संयुक्त टीम ने औचक छापेमारी की। पांच निजी चिकित्सालयों को मानक के विपरीत पाए जाने पर आंशिक या पूर्ण रूप से सीज कर दिया गया। कई अस्पतालों में आननफानन में संचालकों ने ताला डाल दिया। जानकारी के मुताबिक, राजापुर कस्बे में लगभग एक दर्जन से अधिक निजी चिकित्सालयों का संचालन किया जा रहा है। कुछ ऐसे चिकित्सालय हैं, जहां मानक पूरे नहीं होते। गुरुवार को उप जिलाधिकारी प्रमोद झा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अरुण कुमार आर्या व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. उदय सिंह के साथ क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय व प्रभारी एसओ बलवान सिंह की संयुक्त टीम ने अस्पतालों में छापेमारी की गई। एसडीएम ने बताया कि मानकविहीन संचालन के आरोप में हेल्थ हेवेन हॉस्पिटल, मानस हॉस्पिटल, अनुष्का हॉस्पिटल, चैतन्या अस्पताल को सीज कर दिया गया है। शंकरलाल पॉली क्लीनिक में ओपीडी रजिस्टर व कुछ दवाइयां सील की गईं। बाकी अस्पतालों में संचालक ताला डालकर भाग गए।

शिकायतों के मद्देनजर की कार्रवाई

उप जिलाधिकारी ने बताया कि कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों से आए दिन शिकायतें मिल रही थीं। इसी वजह से यह औचक छापामारी की गई हैं। छापेमारी की कार्रवाई आगे भी होगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ से खिलवाड़ करने वाले चिकित्सालयो के संचालकों तथा झोलाछापों की खैर नहीं है।

बिना डिग्री वाला कर रहा था आपरेशन

एसडीएम ने बताया कि एक अस्पताल में बिना डिग्री होल्डर डॉक्टर ऑपरेशन थियेटर में हाइड्रोसील का ऑपरेशन करते हुए पकड़ा गया। मरीज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर अरुण कुमार आर्या की देखरेख में भर्ती कराया गया है।

सनातन धर्मयात्रा में शामिल साधु-संत। अमृत विचार

तीर्थक्षेत्र में सनातन धर्मयात्रा का स्वागत

सीतापुर (चित्रकूट)। वाराणसी से चलकर चित्रकूट पहुंची सनातन धर्मयात्रा का गुरुवार को तीर्थक्षेत्र में गायत्री शक्तिपीठ में स्वागत किया गया। यहां हुए कार्यक्रम में साधु-संतों ने अपने विचार रखे। शाम को कामतानाथ मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई। मंदाकिनी की संध्या आरती के बाद यात्रा ने श्रीलंका के लिए प्रस्थान किया। यात्रा का संयोजन व मार्गदर्शन गायत्री शक्तिपीठ के संचालक डॉ. रामनारायण त्रिपाठी ने किया और बताया कि यह 45 दिन की यात्रा है। नेतृत्व सचिन सनातन ने किया।

कोल आदिवासियों को मिले अनुसूचित जनजाति का दर्जा

चित्रकूट कार्यालय। विस सत्र के दौरान गुरुवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने कोल आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिलाने का मुद्दा उठाया।

सपा विधायक ने कहा मिर्जापुर, सोनभद्र, चंदौली, प्रयागराज और चित्रकूट आदि जिलों में करीब 70 लाख कोल आदिवासी रहते हैं। केंद्र सरकार के सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा 1965 में बनी बीएन लोकुर कमेटी ने भी कोल जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में रखने का प्रस्ताव दिया था। इनका सरकारी नौकरियों में भी उचित प्रतिनिधित्व नहीं है अथवा नाममात्र को है। वन अधिकार कानून के तहत इनको वन भूमि पर भी अधिकार नहीं मिल पा रहा। केंद्र और प्रदेश में इसी पार्टी की सरकार है। इसके

बाद भी प्रदेश में इस जाति को एसटी का दर्जा नहीं मिल पा रहा। बताया कि 2013-14 में तत्कालीन सपा सरकार ने इस संबंध में केंद्र सरकार को प्रस्ताव भी भेजा था। बताया कि इस संबंध में मंत्री ने बताया है कि यह प्रस्ताव 2022 में सरकार ने निरस्त कर दिया है। यह नहीं बताया गया कि प्रस्ताव निरस्त क्यों हुआ। सदर विधायक ने नियम-56 के तहत मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना पर भी बात रखी। कहा कि इसमें कुछ ऐसी शर्तें रखी गई हैं, जिनसे किसानों को पूर्ण रूप से इसका लाभ नहीं मिल पा रहा। सपा की सरकार थी तो केवल 70 हजार रुपये का आय प्रमाणपत्र लगता था और किसान, व्यापारी, मजदूर, रिक्शावाले आदि को इसका लाभ मिल जाता था। अब कई मामलों में लेखपाल का प्रमाणपत्र लगता है और कई बार लेखपाल लाभार्थियों का आर्थिक दोहन करते हैं। बताया कि लगभग 98 प्रतिशत मामले लाभार्थी द्वारा पैसा न देने के कारण लेखपाल पत्रावली निरस्त कर देते हैं। विधायक ने सदन में सर्पदंश में बिसरा जांच रिपोर्ट न आने के कारण मृतक के परिजनों को योजना का लाभ न मिल पाने की बात कही। बताया कि इस संबंध में उन्होंने कई बार सरकार को बताया पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

एक-दूसरे के पूरक हैं स्वास्थ्य और योग: रामजी दास

- महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय ग्रामोदय महोत्सव शुरू

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

अमृत विचार। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में गुरुवार से पांच दिवसीय ग्रामोदय महोत्सव शुरू हो गया। इस मौके पर स्वास्थ्य संवर्धन में योग की भूमिका विषयक कार्यशाला में संतोषी अखाड़ा के महंत रामजी दास ने कहा कि योग और स्वास्थ्य एक दूसरे के पूरक हैं।

महंत ने कहा कि योग से शरीर बनता है तथा योग से जीवन प्रारंभ होता है। स्वास्थ्य संवर्धन में योग की भूमिका को रेखांकित करते हुए महंत ने भौतिकता और आध्यात्मिकता को जोड़ा। उन्होंने श्री रामचरितमानस की चौपाइयों का उदाहरण देकर अपनी बात रखी। कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने कहा कि शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए नियमित योगाभ्यास की आवश्यकता है। उन्होंने सुव्यवस्थित खानपान पर जोर दिया। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यशाला की संयोजक डॉ. नीलम चौरे ने विषयवस्तु की जानकारी दी। प्रो. आईपी त्रिपाठी, प्रो. डीपी राय, प्रो. एसके त्रिपाठी, प्रो. आरपी बाजपेई, डॉ. तुषार कांत शास्त्री आदि मौजूद रहे। सत्र संचालन डॉ. ललित कुमार सिंह ने किया। डॉ. वीके सिंह ने सभी का आभार जताया।

खेल प्रतियोगिताओं की रही हलचल: इस मौके पर खेल प्रतियोगिताएं भी हुईं। इनमें छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। एकल एवं समूह गायन प्रतियोगिता, ललित कला की प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

योग के विषय में बताते महंत रामजी दास। अमृत विचार

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। अमृत विचार

नाबालिग से दुराचार के दोषी को दस साल की कैद

अदालत से

- छेड़छाड़ में तीन वर्ष की कैद और अर्थदंड भी लगाया

चित्रकूट कार्यालय

अमृत विचार। नाबालिग को बरगलाकर ले जाने एवं दुराचार करने के दोषी को न्यायालय ने 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा दी। कोर्ट ने इसे 20 हजार रुपये अर्थदंड भी दिया। एक अन्य मामले में छेड़छाड़ के दोषी को कोर्ट ने तीन वर्ष की कठोर कैद की सजा दी।

विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति ने कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 14 वर्षीया बेटी को दो अप्रैल 2017 को एक गांव निवासी निक्की उर्फ विनोद बरगलाकर अपने साथ ले गया था। 20 दिन बाद 20 अप्रैल को शिवरामपुर पुलिस ने इसका पता लगाया था। पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज कराने के बाद चिकित्सीय परीक्षण कराया था। 13 जून 2017 को आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पांडेय ने निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध आरोपी निक्की उर्फ विनोद को 10 वर्ष कठोर कारावास के साथ 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई। इसी क्रम में नाबालिग से छेडछाड के आरोपी को भी न्यायालय ने तीन वर्ष कठोर कारावास और दो हजार रुपये अर्थदंड दिया। विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि 24 जून 2017 को मऊ थाने के एक गांव निवासी अखिलेश निषाद के विरुद्ध एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने कोचिंग जाते समय उसकी बेटी से छेडछाड की थी। गुरुवार को विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पांडेय ने अखिलेश निषाद को सजा सुनाई।

दस्यु बबुली कोल के साथी को छह साल का सश्रम कारावास

चित्रकूट कार्यालय

अमृत विचार। पुलिस मुठभेड़ के मामले में दस्यु बबुली कोल के साथी लवलेश कोल को कोर्ट ने छह वर्ष सश्रम कारावास की सजा दी। इसे 12,500 रुपये अर्थदंड भी दिया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि 29 दिसंबर 2015 को मारकुंडी के तत्कालीन थाना प्रभारी शाजिद अली खान पुलिसकर्मियों के साथ क्षेत्र भ्रमण पर गए थे। इस दौरान मुखबिर ने दस्यु बबुली कोल गिरोह के संबंध में सूचना दी। इस पर पुलिस टीम बदमाशों को घेरने के लिए मौके पर पहुंची और बदमाशों को आत्मसमर्पण करने को कहा।

दस्यु बबुली कोल व लवलेश कोल आदि ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब ने पुलिस टीम ने भी फायरिंग की। इसके कुछ दिन बाद पुलिस मुठभेड़ में दस्यु बबुली कोल मारा गया था। लवलेश वर्ष 2016 से जेल में बंद है। पुलिस ने इस मामले में लवलेश के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव ने निर्णय सुनाया। दोषी लवलेश कोल को छह वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसे 12,500 रुपये अर्थदंड भी दिया।

मानसिक बीमार व्यक्ति को परिजनों को सौंपा

मऊ (चित्रकूट)। ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस टीम ने मानसिक बीमार व्यक्ति को परिजनों के सुपुर्द किया। आरक्षी राहुल पांडेय एवं अजय प्रकाश भारती मऊ बस स्टैंड पर मिले मानसिक बीमार पंकज गौतम पुत्र स्व. जानकी प्रसाद गौतम निवासी ग्राम मालातर थाना मऊगंज (मप्र) को, जो घर से भटक गया था, थाने ले गए। यहां परिवारीजनों से संपर्क कर उन्हें थाने बुलाया गया। पंकज को पुलिस ने जीजा राजेंद्र प्रसाद शुक्ला निवासी भलवार जिला सीधी मध्य प्रदेश के सुपुर्द किया।

किसानों को और धारदार बनाना होगा अपना आंदोलन

चित्रकूट कार्यालय। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुद्र प्रसाद मिश्र एडवोकेट ने कहा कि किसानों को अपना आंदोलन और धारदार बनाना होगा। उन्होंने कहा कि बजट में किसानों की उपेक्षा से कृषि क्षेत्र का संकट और गहराएगा।

रुद्र प्रसाद ने कहा कि भाजपा को यह भरोसा है कि वह झूठ, विभाजन और ईवीएम के जरिये चुनावों में बाजी मार लेगी। इसी वजह से अंतरिम बजट में उसने हर वर्ग की उपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि बजट से पहले संसद में प्रस्तुत आर्थिक समीक्षा दस्तावेज रेखांकित करता है कि इस वर्ष कृषि क्षेत्र में वृद्धि केवल 1.8 प्रतिशत रही है। यह पिछले वर्षों के कृषि वृद्धि की औसत दर की आधी भी नहीं है तथा इस वर्ष अन्य क्षेत्रों में हुई वृद्धि की एक चौथाई के बराबर है। पांच वर्ष पूर्व किसान सम्मान निधि की राशि 6000 रुपये सालाना निश्चित की गई थी। रुपये की ताकत में अभूतपूर्व गिरावट के चलते आज उसकी कीमत पांच हजार रुपये से भी कम रह गई है। भूमिहीन और बटाईदार किसानों को भी इस योजना की परिधि से बाहर किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस बजट में किसान को पहले से मिल रहा हिस्सा भी छीन लिया है। दावा किया कि कई बातों से साबित होता है कि किसानों का हक मारा गया है।

एक नजर

दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

बांदा : दुष्कर्म के मामले पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसका जिला अस्पताल में डीएनए सैंपल कराया गया। पन्ना जिला के खरौली गांव निवासी प्रेमशंकर पुत्र विजय शंकर शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में शिक्षक के मकान में किराए पर रहता है। एक सप्ताह पहले शिक्षक बाहर गया था। उसकी पत्नी घर पर अकेली थी। मौका देखकर युवक ने मौके का फायदा उठाया। घर पर अकेली महिला को देखकर किराएदार युवक ने उसे दबोच लिया। उसके साथ दुष्कर्म किया। पति के घर आने पर पत्नी ने आपबीती बताई। महिला पति के साथ कोतवाली गई। मामले की तहरीर दिया। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद आरोपी प्रेमशंकर को गिरफ्तार कर लिया।

युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दी

बांदा : युवक ने जहरीला पदार्थ खा कर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बबेरू कस्बा के कृष्णा नगर निवासी दीपेंद्र (20) पुत्र रामनरेश ने मंगलवार की शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालों को जानकारी हुई। उसे युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घरवालों ने उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में लाकर भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पड़ोसी ने बताया कि उसका पिता आर्मी में दरोगा है। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। घटना का करण अज्ञात है।

अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए कमेटी गठित

बबेरू : तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष छोटकू राम वर्मा व महासचिव छेदीलाल पटेल ने बताया कि आज कार्यकारिणी की बैठक हुई। सर्व सम्मति से चुनाव कराने के लिए ईल्डर कमेटी का गठन कर उमाकांत तिवारी चैयरमैन, शिवपूजन वर्मा चुनाव प्रभारी और दिनेश सिंह, रामकिशोर यादव, रामजी द्विवेदी सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किए गए। कमेटी बार काउंसिल के दिशा निर्देशों पर तहसील अधिवक्ता संघ का चुनाव निष्पक्ष रूप से संपन्न कराएगी।

तीसरी आंख से होगी निगरानी

संवाददाता, अतर्रा (बांदा)

▸▸ चप्पे-चप्पे पर रहेगी नजर, पुलिस ने गांधी चौक के 4 जगह लगाए 16 कैमरे

अमृत विचार: कस्बा स्थित मुख्य बाजार की निगहबानी अब तीसरी आंख करेगी। पुलिस प्रशासन ने अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए बाजार में चार स्थानों को चिन्हित करते हुए 16 सीसीटीवी कैमरे लगवाएं हैं। कस्बे के अति व्यस्त गांधी चौक के चारों तरफ कैमरे लगाए गए हैं। चौक का चप्पा-चप्पा कैमरे की नजर में होगा। अपराधियों के लिए किसी भी घटना को अंजाम दे फरार होना आसान नहीं होगा।

लोकसभा चुनाव से पूर्व ही कस्बा के सभी प्रमुख बाजार सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में आ गए है। सभी सीसीटीवी हाई क्वालिटी और मॉर्डन तकनीक के बने हुए हैं। साथ ही इसमे नाइटविजन मोड भी है। पुलिस की टीम ने सीसीटीवी कैमरों को लगाने के लिए पहले प्रमुख जगहों का चिन्हांकन किया। उसके बाद कैमरा लगाने का काम शुरू हुआ। कस्बा के गांधी चौक में अलग-अलग चार स्थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाये गए हैं, जिनसे स्टेशन रोड, बांदा रोड, बदौसा रोड व चौक बाजार में उच्च क्षमता वाले नाइटविजन कैमरा लगाया गया है, जिससे महिलाओं की सुरक्षा समेत आपराधिक मामलों में कमी आने की उम्मीद है। थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह का कहना है कि विभाग द्वारा चार स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। आगे भी जहां आवश्यकता होगी। वहां सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाएंगे।

कैमरा लगाता कर्मचारी। अमृत विचार

डेढ़ दशक पहले लगे कैमरे, बन गए शोपीस

कस्बा के गांधी चैक समेत स्टेशन रोड, बबेरू व बांदा रोड बस स्टैंड समेत 10 चिन्हित स्थानों में करीब डेढ़ दशक पहले नगर पालिका प्रशासन द्वारा कैमरे लगाए गए थे। लेकिन उनका सहीं से रखरखाव नहीं होने के कारण वे केवल शोपीस बनकर रह गए। सभी कैमरे क्षतिग्रस्त हो चुके है। जिससे कस्बा में होने वाली आपराधिक घटनाओं के खुलासे में दिक्कतें होती रही हैं।

सारथी पोर्टल पर पंजीकरण कर कृषक लें जानकारी

▸▸ मटौंध में केवीके ने आयोजित किया एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार: बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अन्तर्गत संचालित केवीके द्वारा गुरुवार को ग्राम मटौंध ग्रामीण में किसान 'सारथी पोर्टलः आवश्यक एवं जागरूकता' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 25 प्रगतिशील कृषकों ने प्रतिभाग किया। बताया गया कि इस पोर्टल पर पंजीकरण कर किसान घर बैठे कृषि संबधी सारी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

केन्द्र की विशेषज्ञ डॉ.दीक्षा पटेल ने कृषकों से कहा कि कृषि एवं किसान के चहुमुंखी विकास के लिये खेती में सूचना संचार तकनीकी का प्रयोग आवश्यक है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 93वें स्थापना दिवस के अवसर पर 16 जुलाई 2021 को किसान सारथी प्लेटफार्म का शुभारम्भ किया गया। इस पोर्टल की मदद से किसान घर बैठे कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों से अपनी कृषि सम्बन्धी समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही मोबाइल संदेश के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। किसान सारथी पर पंजीकरण के लिए किसान भाई वैध मोबाइल नम्बर डालकर अपनी सामान्य जानकारी नाम, उम्र, खेतिहर भूमि, जनपद, विकासखण्ड व ग्राम की जानकारी प्राप्त करने के लिए भाषा आदि भरकर अपना पंजीकरण कर सकते हैं। केवीके के वैज्ञानिकों से बात करने के लिए 1800 123 2175 पर अपने पंजीकृत नम्बर से फोन करें। इय तरह से किसान भाई घर बैठे जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण में केन्द्र के विषेषज्ञ डॉ.चंचल सिंह ने भी पौध सुरक्षा सम्बन्धी समसामयिक जानकारी प्रदान की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोलतीं डॉ.दीक्षा पटेल। अमृत विचार

डीएम ने कालिंजर टेंट सिटी का किया निरीक्षण, अफसरों को दिए दिशा-निर्देश

16, 17 व 18 को होगा बुंदेलखंड गौरव महोत्सव का आयोजन, आयोजित होंगे कई कार्यक्रम

संवाददाता, नरैनी (बांदा)

अमृत विचार: तीन दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में हॉट एयर बैलून, ग्रीन फायर क्रैकर, लेजर शो का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने महोत्सव के संबंध में कालिंजर दुर्ग और ऑक्सीजन पार्क का निरीक्षण कर संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में आगामी 16, 17 व 18 फरवरी को कालिंजर में हॉट एयर बैलून, हेरिटेज वॉक, ग्रीन फायर क्रैकर, लेजर शो का आयोजन होगा। वाटर स्पोर्ट समेत अन्य कार्यक्रम बांदा के ऑक्सीजन पार्क में आयोजित होंगे।

गुरुवार को जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने कालिंजर दुर्ग के नीचे मेला मैदान में तैयारियों का जायजा लिया। महोत्सव के लिए वहां टेंट सिटी बनाई जा रही है। उन्होंने संबंधित विभागों के महोत्सव की चल रही तैयारियों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए अलग पंडाल बनाए जाने तथा मेला स्थल पर हैंडीक्राफ्ट की दुकान एवं अन्य दुकानों के लिए अलग स्थान चिन्हित कर व्यवस्थित रूप से लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मेला स्थल पर जाने के निर्देश दिए तथा मेला स्थल पर भूमि को समतल कराने निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थान में पेयजल की व्यवस्था कराए जाने तथा मोबाइल शौचालय एवं साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था किए जाने के साथ जगह-जगह पर डस्टबिन की व्यवस्था करने के विशेष रूप से निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बुंदेलखंड महोत्सव में आने वाले लोगों के लिए बसों की व्यवस्था भी उक्त अवधि में कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कालिंजर मैदान में पार्किंग की व्यवस्था कराए जाने तथा अग्निशमन से बचाव के लिए व्यवस्था कराए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने ऑक्सीजन पार्क में योग कार्यक्रम एवं वाटर भारत कार्यक्रम के लिए ग्रास कटिंग, साफ-सफाई एवं डस्टबिन लगाए जाने के साथ सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़क का सर्वे करने के साथ ही गिरवां वाले रोड की मरम्मत कराए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नरैनी विकास यादव, खंड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार, उपयुक्त समेत अन्य विभागों के अधिकारियों समेत ग्राम प्रधान कटरा कालिंजर राजेंद्र श्रीवास व तरहटी कालिंजर प्रधान दयाराम सोनकर आदि भी उपस्थित रहे।

अधिकारियों के साथ टेंट सिटी का निरीक्षण करतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल।

हॉट एयर बैलून और ग्रीन फायर क्रैकर का होगा प्रदर्शन

कालिंजर में टेंट सिटी तैयार करने का जिम्मा नोएडा के संजय शर्मा को दिया गया है, जबकि ग्रीन फायर क्रैकर शो के आयोजन का दायित्व मुंबई के मधुर आतिशबाज संभाले हुए हैं। जिलाधिकारी ने उनसे मौके पर बात कर प्रगति की जानकारी प्राप्त की। हॉट बैलून के बारे में भी पूछा। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी नरैनी को यहां साफ-सफाई करवाए जाने के निर्देश दिए।

दबंगों ने दंपति समेत पांच लोगों पर किया कुल्हाड़ी से हमला

बांदा, अमृत विचार: लोडर निकालने को लेकर चल रहे विवाद में दबंगों ने दंपति समेत पांच लोगों के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे सभी लोग घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।

गिरवां थाना क्षेत्र के कीरतपुर गांव निवासी रामप्रकाश (38) पुत्र श्यामलाल शटरिंग का काम करता है। वह पांच दिन पहले घर से लोडर लेकर जा रहा था। तभी रास्ते में गांव के ही पांच लोगों ने उसे रोक लिया। गालीगलौज कर लोडर नहीं निकलने दिया। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। बुधवार की रात विजयपाल उर्फ लल्लू (48) पुत्र चुनुवा निवासी मसुरी गिरवां रामप्रकाश के साथ बाइक से कीरत पुर जा रहा था। तभी दबंगों ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे विजयपाल, रामप्रकाश घायल हो गए। बचाने आई रामप्रकाश की पत्नी कमलेश कुमारी (32) बहन ममता (27) पिता श्यामलाल (65) को भी मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अभिलेखों के रख रखाव व वादों के निस्तारण के निर्देश

तहसील पटल का निरीक्षण करतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल।

संवाददाता, नरैनी (बांदा)

▸▸ डीएम ने तहसील के विभिन्न पटलों का किया निरीक्षण

अमृत विचार: जिलाधिकारी ने तहसील के विभिन्न पटलों का निरीक्षण करते हुए पटल सहायकों से जानकारी ली। दस्तावेजों के रखरखाव के साथ सफाई की हकीकत परखी। मातहतों को लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व वसूली की प्रगति जानी।

जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने गुरुवार को तहसील का वार्षिक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाएं परखीं। तहसील परिसर में वृक्षारोपण कर हरित क्रांति का संदेश दिया। राजस्व कार्यालय में लिपिक अजय कुमार से दाखिल खारिज, अमल दरामद और सूचना आयोग संबंधी पत्रावलियों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित दस्तावेजों का समय से ऑनलाइन फीडिंग कराने के निर्देश दिए। रजिस्टार कार्यालय में न्यायालय सम्बन्धी पत्रावलियां देखी। यहां कर्मचारियों के जीपीएफ फंड व आवंटन सम्बन्धी जानकारियां ली। उन्होंने नजारत कार्यालय में परवानों, समन व नोटिस आदि के सम्बंध में व्यापक पूछतांछ की। संग्रह अभिलेखागार में पत्रावलियां देखी और राजस्व वसूली की जानकारी ली। निरीक्षण के समय उपजिलाधिकारी विकास यादव, तहसीलदार लखनलाल सिंह राजपूत, नायब तहसीलदार अभिषेक शुक्ला, यशपाल यादव, हेमंत पटेल समेत तहसील स्टाफ मौजूद रहा।

मानसिक स्वास्थ्य के विषय में खुलकर बात करें :डॉ. रिजवाना

प्रमाण पत्र दिखाती छात्राएं। अमृत विचार

▸▸ कार्यशाला में छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बांदा : क्यू क्लब (सिफ्सा) के तत्वाधान में राजकीय महिला महाविद्यालय में युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदीकरण विषय पर आयोजित कार्यशाला में छात्राओं को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। राजकीय महिला महाविद्यालय में गुरुवार को आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दीपाली गुप्ता ने किया। नोडल अधिकारी व क्यू क्लब प्रभारी डॉ.सबीहा रहमानी ने छात्राओं को शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य विषय पर जानकारी दी। उन्होंने मनुष्य को हर हाल में प्रसन्न रहने की प्रेरणा प्रदान करते हुए शेर सुनाया मिटा दे अपनी हस्ती को अगर कुछ मरतबा चाहे, कि दाना खाक में मिलकर गुले गुलजार होता है। सभी को हर हाल में सकारात्मक व आशावान रहकर जीवन को सुखमय बनाने का प्रयास करना चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य विभाग की चिकित्सक डॉ.रिजवाना हाशमी ने कहा कि हमें पुरानी मानसिकता छोड़कर मानसिक स्वास्थ्य के विषय में खुलकर बात करनी चाहिए। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों सीजोफ्रोनिया, एनजाइटी डिप्रेशन और अन्य मानसिक समस्याओं की जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर डॉ.अस्तुति वर्मा ने पोषणयुक्त भोजन और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभावशील व्याख्यान दिया। कार्यशाला में भागीदारी करने वाली 60 छात्राओं का प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

जिला जज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया प्रचार वाहन

▸▸ आगामी 9 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बांदा, अमृत विचार : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार 9 मार्च शनिवार को प्रात: 10 बजे से आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए गुरुवार को दीवानी न्यायालय परिसर से जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ.बब्बू सारंग ने प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर नगर भ्रमण के लिये रवाना किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन वाद, सिविल वाद, मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर वाद, भरण-पोषण सम्बन्धी वाद, चेक बाउन्स व मोटर यान अधिनियम सम्बन्धी वाद, शमनीय दाण्डिक वाद, राजस्व वाद, चकबन्दी वाद, बैंक रिकवरी, श्रम, बीमा, बिजली व टेलीफोन सम्बन्धी वाद, जलकर निर्धारण, नगर पालिका कर निर्धारण के विरुद्ध अपील आदि का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया जायेगा। इस अवसर पर जिला जज के साथ पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण महेन्द्र प्रसाद चौधरी, पीठासीन अधिकारी परिवार न्यायालय रोहित सिन्हा, अध्यक्ष-स्थायी लोक अदालत कमलेश दुबे, प्रथम अपर जिला जज मो.कमरुज्जमा खान, विशेष न्यायाधीश एससी एसटी अनु सक्सेना, अपर जिला जज ईसी एक्ट छोटेलाल यादव, अपर जिला जज गुणेन्द्र प्रकाश, अपर जिला जज पॉक्सो हेमन्त कुमार, अपर जिला जज एफटीसी प्रथम पल्लवी प्रकाश, अपर जिला जज एफटीसी द्वितीय श्रीमाल सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भगवानदास गुप्ता, सिविल जज सीनियर डिवीजन गरिमा सिंह, एसीजेएम रेलवे सुचेता चौरसिया, सिविल जज सीनियर डिवीजन त्वरित फरहीन खान, सिविल जज जूनियर डिवीजन बिन्नी बाल्यान, अपर सिविल जज द्वितीय अर्पिता साहू, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम कौशल किशेर प्रजापति, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय सत्यवीर सिंह, जिला अग्रणी प्रबन्धक मनोज पाण्डेय, सदस्य स्थायी लोक अदालत राम प्रताप गुप्ता, वरिष्ठ लिपिक कविता अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन रवाना करते जिला जज।

नगर में शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

भव्य शोभा यात्रा के साथ पीतांबरा महायज्ञ शुरू

कार्यालय संवाददाता, बांदा, अमृत विचार : राजघाट रोड स्थित पंचानन महादेव मंदिर से गुरूवार को मां पीतांबरा (बगलामुखी) का 14वां वार्षिकोत्सव मां पीतांबरा की शोभा यात्रा व भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। कलश यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों झंडा चैराहा, बलखंडी नाका, महेश्वरी देवी मंदिर चैराहा, शंकर गुरु चौराहा, अमर टाकीज तिराहा, बाबूलाल चैराहा, काली देवी मंदिर, गोल कोठी, नगर पालिका, कोतवाली रोड, छिपटहरी होते हुए वापस मंदिर पहुंचकर यात्रा का समापन हुआ। इसी के साथ मां पीतांबरा महायज्ञ का शुभारंभ हो गया। कलश यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु शामिल रहे। 9 फरवरी को कलश स्थापना किए जाने के साथ ही यज्ञाहुति शुरू की जाएगी। इसके बाद 10 से 15 तक हवन यज्ञ और श्रीमद्भागवत कथा, 16 को विशाल कन्या भोज और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा।

सार-संक्षेप

गरीब बच्चों को किताब-पेंसिल व महिलाओं को साड़ियां बांटीं

कार्यालय संवाददाता, बांदा, अमृत विचार : संजीवनी मानव कल्याण सेवा संस्थान ने गुरुवार को कांशीराम कॉलोनी निम्नीपार में गरीब व असहाय बच्चों को किताबे-पेंसिल का वितरण किया। इसके साथ ही यहां की असहाय महिलाओं को साड़ियां भी बांटी गईं। अपनी जरूरत का सामान पाकर गरीब बच्चों और महिलाओं के चेहरे खिल उठे। कांशीराम कॉलोनी चूना भट्टी निम्नीपार में आज संजीवनी मानव कल्याण सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने गरीब व असहाय बच्चों को किताब और पेंसिल का वितरण किया। इसके साथ ही गरीब असहाय महिलाओं को साड़ियां भी बाटी गईं। अपनी जरूरत का सामान पाकर गरीब और असहाय बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। सभी बच्चों और महिलाओं ने संजीवनी मानव कल्याण संस्थान के पदाधिकारियों को धन्यवाद, आशीर्वाद व स्नेह दिया, वहीं लोगों को जागरूक करते हुए संजीवनी मानव कल्याण सेवा संस्थान के संस्थापक आनन्द कुमार सिंह ने कहा कि एक अच्छा जीवनयापन करने के लिए बच्चों को शिक्षित करना बहुत जरूरी है। हमारा प्रथम कर्तव्य और उद्देश्य भी यही होना चाहिए। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष तबस्सुम खातून, सुमित, सन्नो, सबीना खातून, आमिर, लाला, नंदकिशोर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

बच्चों को किताब व पेंसिल बांटते सस्था के लोग।

छात्राओं ने उपहार भेंटकर सीनियर्स को दी भावपूर्ण विदाई

विदाई समारोह में उपस्थित छात्राएं व शिक्षिकाएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बांदा , अमृत विचार : आर्यकन्या इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट उत्तीर्ण सीनियर छात्राओं को आज विद्यालय की जूनियर छात्राओं ने विदाई देते हुए जूनियर छात्राओं ने सीनियर्स को उपहार भी भेंट किए। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह का शुभारम्भ कॉलेज की प्रबंधक शमीम बानो, स्पेशल चीफ गेस्ट समाजसेवी सीमा सिंह व प्रधानाचार्या पूनम गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रियांशी, शिल्पी, प्रतिभा, सोनम, पूजा, सौम्या, सोनम, पुष्पा, नीलू, सीता, ललिता, दीक्षा आदि छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से समा बांध दिया। प्रधानाचार्य पूनम गुप्ता ने कहा कि अपने विद्यालय की स्मृतियों को जीवन में कभी भुलाया नहीं जा सकता। यहां से जाकर डिग्री कॉलेज में उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपनी मंजिल प्राप्त करना भी जीवन का एक सुखद होता है। विद्यालय छोड़ने के बाद जब कभी सहपाठी बहनों से मुलाकात होती है दिल भर आता है और पुरानी यादें एक बार फिर से जीवंत हो उठती हैं। प्रबंधक शमीम बानो ने कहा कि बेटियां देश की गौरव हैं। आज के जमाने में लड़की और लड़का सब एक सामान हैं। समाजसेवी सीमा सिंह ने कहा कि आज के समय पर देश की बेटियां कंधों से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह में जूनियर छात्राओं ने सीनियर्स को उपहार भी भेंट किए। इस अवसर पर शिक्षिकाओं में समीक्षा, बबीता, पुष्पा, कंचन, आरती, प्रियंका सिंह, प्रियंका पालीवाल, सोनम, अर्चना, शहजादी, सूर्यकांती, शशांक तिवारी, प्रियंका यादव, अंजना अग्रहरि, वेदप्रकाश सिंह, शंकरलाल, गंगाशरण, युगलकांत शर्मा, अनुराग चतुर्वेदी, प्रशांत पाण्डेय, मतीन, आशीष पांडेय, राजकुमारी, गुलशन यादव, सुधा, मुन्नालाल, राजेश कुमारी आदि मौजूद रहे।

आयोजन | रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में संघ परिचय वर्ग का आयोजन, बीटेक, एमबीबीएस व बीएससी कृषि के 400 बच्चे शामिल

संघ परिचय वर्ग में सुनाए संस्थापक के प्रेरक प्रसंग

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने गुरुवार को संघ परिचय वर्ग का आयोजन रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में किया, जिसमें बीटेक, एमबीए, एमबीबीएस, एलएलबी व बीएससी कृषि के तकरीबन चार सैकड़ा विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में संघ संस्थापक की जानकारी देते हुए छात्रों को उनके प्रेरक प्रसंग सुनाए गए। चर्चा सत्र में छात्रों ने तमाम भ्रांतियों से संबंधी प्रश्न किये, जिनका आयोजकों ने उत्तर भी दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्र भक्ति के गीतों के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांत प्रचारक रामजी ने छात्रों को संबोधित करते हुए संघ संस्थापक डॉ.केशव बलिराम हेडगेवार के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल के समय से ही वे भारत की स्वतंत्रता के लिए क्रांतिकारी कदम उठाते रहे। उन्होंने डॉक्टरी की पढ़ाई करने के बाद 1925 में कैसे संघ की स्थापना की और आज उसी संघ के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर भारत को विश्वगुरु बनाने का कैसे प्रयास किया जा रहा है। जिला प्रचारक अनुराग ने बताया कि कार्यक्रम को आयोजित करने का उद्देश्य युवाओं को संघ तथा संघ के कार्यों के बारे में अवगत कराना है। कार्यक्रम में आए छात्रों ने चर्चा सत्र में संघ के विषय में अनेक जिज्ञासाएं व्यक्त कीं तथा संघ के बारे में फैली भ्रांतियों पर भी प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए। कार्यक्रम का संचालन श्यामजी निगम ने किया। इस अवसर पर जिला संघचालक सुरेंद्र, नगर संघचालक रामनाथ, विभाग प्रचारक मनोज, जिला कार्यवाह श्याम सुंदर, सह-कार्यवाह दिलीप, जिला प्रचारक अनुराग, नगर कार्यवाह सोमेश आदि उपस्थित रहे।

छात्रों को संबोधित करते संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

शाखा ही स्वयंसेवक की साधना स्थली:श्रीराम

बबेरू में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त प्रचारक श्रीराम ने अपने प्रवास के उदबोधन में कहा कि संघ शाखा राष्ट्रभक्त नवयुवकों को राष्ट्र कार्य के लिए तैयार करता है। संघ अपने 33 विविध संघ प्रेरित संगठन द्वारा समाज जीवन के सभी क्षेत्रों में कार्य करता है।गतिविधियों के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाने का कार्य करता है। उन्होंने कहा शाखा स्वयसेवक की साधना की साधना स्थली है,इसलिए नित्य शाखा में आना चाहिए और राष्ट्रीय कार्य में संलग्न होकर भारत माता की जय जयकार करते हुए राष्ट्र को परम वैभव तक ले जाने का कार्य करना चाहिए। परिचय नगर कार्यवाहक अमरनाथ ने किया। कार्यक्रम में संजय विभाग कार्यवाह ,अनूप विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख,जमुना प्रसाद,नरेंद्र अवस्थी, हरितांकर, सत्यप्रकाश महेश त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, विवेकानन्द गुप्ता अजय पटेल ब्लाक प्रमुख रमाकान्त विजय विक्रम सिंह, सुधीर कुशवाहा ,सौरभ शिवहरे सोहन सिंह, संतोष यादव सहित स्वयं सेवक मौजूद रहे।

सोलर पंप की धनराशि जमा करने को 12 तक बढ़ा समय

बांदा : उप कृषि निदेशक विजय कुमार ने बताया कि कृषकों की मांग पर कृषि निदेशक लखनऊ द्वारा उन किसानों के लिए जिनके द्वारा पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत निधारित अवधि 25 जनवरी एवं 5 फरवरी तक किन्हीं कारणों से सोलर पंप की धनराशि जमा नहीं की है। शासन से ऐसे कृषकों को एक सप्ताह का अवसर और देने का आग्रह किया गया था, जिसके क्रम में शासन द्वारा अब उन वंचित किसानों को सोलर पंप के लिए कृषक अंश धनराशि चालान अथवा आनलाइन के माध्यम से जमा करने का अवसर 12 फरवरी तक प्रदान किया गया है। उप कृष निदेशक ने किसानों से अपील की है कि वह शासन द्वारा तिथि बढ़ाए जाने के साथ कृषक अंश धन अपना 12 फरवरी तक जमा कर दे। उन्होंने कहा कि अपना चालान जनरेट कराकर निर्धारित अवधि में सोलर पंप की धनराशि इंडियन बैंक की किसी भी शाखा में जमा कराया जा सकता है।

एक नजर

बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो घायल

सरीला (हमीरपुर)। जरिया थाना क्षेत्र के जमखुरी गांव के पास दो बाइकों की आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमें दो लोग घायल हो गये। दो लोग बाल बाल बच गए हैं। गुरुवार को क्षेत्र के इछौरा गांव निवासी चौकीदार राजकुमार (35) पुत्र साधुराम अपने साथी परसुराम(28) के साथ बाइक से अपने गांव जा रहा था। तभी सामने से जा रहे कक्षा 10 का छात्र अनिल कुमार(17) पुत्र राकेश निवासी जमखुरी और उसके साथ शैलेंद्र कुमार राजकीय इंटर कॉलेज से पढ़कर घर जा रहे थे। दोनों की आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमें राजकुमार व अनिल घायल हो गये। सूचना पर पहुँचे डायल 108 एम्बुलेंस चालक संदीप कुमार व ईएमटी सूर्यपाल ने घायलों को सीएचसी सरीला में भर्ती कराया है। बाइकों में पीछे बैठे दो लोग बाल बाल बच गए हैं।

मजदूर ने फांसी लगाई

सुमेरपुर। कस्बे के वार्ड संख्या आठ के निवासी संतराम ने बताया कि उसका बड़ा भाई दिलीप उर्फ टिल्लू (30) मानसिक रूप से विक्षिप्त था। इसका उपचार भी चल रहा था। गुरुवार को माता-पिता के मजदूरी पर जाने के बाद इसने बच्चों से सोने की बात कहकर कमरे के दरवाजा बंद करके फंदा लगा लिया। शाम चार बजे जब मां राजकुमारी वापस घर लौटी। तब घटना का पता चल सका। भाई ने बताया कि भाभी उर्मिला अपने मायके मलहरा घाटमपुर गई है। मृतक अपने पीछे माता-पिता, पत्नी के अलावा पुत्री नंदिनी, रोहिणी, जानवी व पुत्र आर्यन को रोता बिलखता छोड़ गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

टोला खंगारन गांव में दबंगों ने दंपति को पीटा

राठ। चिकासी थाना क्षेत्र के टोला खंगारन गांव के निवासी अनिल कुमार पुत्र जगराम ने चिकासी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने घर में सो रहा था तभी उसी दौरान उसके गांव के ही सोनू, धर्मेन्द्र व करन उसके पास आकर उसे गालियां देने लगे। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो सभी लोग उसके साथ लाठी डंडों पर मारपीट करने लगे। बताया कि उसके साथ मारपीट होती देखकर जब उसकी पत्नी पूनम उसे बचाने के लिए दौड़ी तो उक्त दबंगों ने उसकी पत्नी पूनम के साथ भी जमकर मारपीट कर दी बताया कि उसने चिकासी थाने में घटना की लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

रोजगार मेले में 51 अभ्यर्थियों का चयन

हमीरपुर। सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी अवनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय, उप्र लखनऊ के निर्देशानुसार पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को जिला सेवायोजन कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें ब्राइट फ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा.लि. लखनऊ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस लि. हमीरपुर, आदित्य बिरला कैपिटल हमीरपुर, नेक्सा सिक्योरिटी गार्ड प्रा.लि., एलआईसी हमीरपुर द्वारा प्रतिभाग किया गया। आयोजित मेले में कुल 80 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए, जिसमें से कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों के लिए कुल 51 अभ्यर्थियों का साक्षात्कारोपरान्त चयन किया गया। जिसमें प्रतिभागी कंपनी ब्राइट फ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा0लि0 ने 11 अभ्यर्थी. S.B.1. लाइफ इंश्योरेंस लि. ने 08, आदित्य बिरला कैपिटल ने 07, नेक्सा सिक्योरिटी गार्ड प्रा0लि0 ने 23 एवं एलआईसी हमीरपुर ने 02 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों पर चयन किया।

366 लाख से 968 परिषदीय विद्यालयों का होगा कायाकल्प

हमीरपुर, अमृत विचार। जनपद के परिषदीय विद्यालयों में की छोटी-छोटी मरम्मत के साथ अन्य आवश्यक कामों के कंपोजिट ग्रांट की आधी धनराशि 183 लाख रुपये शासन ने जारी की है। इस धनराशि से विद्यालयों की रंगाई पुताई के साथ अन्य छोटे मोटे कार्य कराए जाएंगे।

जिले के 968 विद्यालयों को चमकाने के लिए 366 लाख रुपये मिलने है। इससे विद्यालयों की रंगाई पुताई के साथ शौचालयों की छोटी-मोटी मरम्मत कराई जानी है। छात्र संख्या के आधार पर हर वर्ष 10 हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक की कंपोजिट ग्रांट जारी होती है। उपकरणों की मरम्मत, ग्रीन बोर्ड, चाक-डस्टर, स्टेशनरी, विज्ञान-गणित किट, खेल सामग्री, रंगाई-पुताई, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र की रिफलिंग आदि पर यह पैसा खर्च किया जाता है। इस बार इसमें शिक्षकों को मिले टैबलेट की सिम व इंटरनेट का खर्च भी जोड़ा गया है। जारी की जाने वाली ग्रांट के अनुसार 88 विद्यालयों को 10 हजार रुपये, 390 को 25 हजार, 406 को 50 हजार व 76 विद्यालयों को 75 हजार रुपये के हिसाब से ग्रांट मिलती है। जिन्हें मौजूदा में आधी ग्रांट जारी की गई है। कुल 366.30 लाख के मुकाबले 183.15 लाख रुपये जारी किया गया है। बीएसए आलोक कुमार ने बताया कि शासन से ग्रांट आ गई है। अब आवश्यकता के अनुसार स्कूल काम करवा सकते हैं।

बैठक में 1410.474 लाख का लेबर बजट पास

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

▸▸ क्षेत्र पंचायत की बैठक में सड़क, पेयजल व बिजली कनेक्शन आदि के मुद्दों पर हुई चर्चा

अमृत विचार। स्थानीय विकासखंड सभागार में ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न हुई। बैठक में ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत का लेबर बजट 1410.474 लाख रुपये पास किया गया।

क्षेत्र पंचायत के सभागार में गुरुवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता ने पूर्व में किए गए विकास कार्यों की सूची पड़कर सुनाई। बैठक में मनकी कला के प्रधान जयकरन ने एएनएम भवन में बिजली कनेक्शन होने के बावजूद भी मीटर न लगाए जाने का मुद्दा उठाया। सिवनी ग्राम प्रधान ने प्रेम नारायण तिवारी के दरवाजे 6 माह से पाइप लाइन टूटी होने का मुद्दा उठाया। मनकी खुर्द के प्रधान धर्मेंद्र अनुरागी ने कहा कि पंचायत भवन में विद्युत कनेक्शन का 1 लाख 54000 रुपये एस्टीमेट विद्युत विभाग द्वारा बनाया गया। जिस पर विद्युत विभाग के अवर अभियंता ने बात करके बताने को कहा। वही सरसई भैंसापाली मार्ग 4 किमी, कंडोर पारा मार्ग, पतारा के क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने सड़क में कार्य न होने का मुद्दा उठाया। जिस पर लोक निर्माण विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि सरसई से भैंसापाली मार्ग 4 किमी, कुरारा बेरी मार्ग में कुरारा मलहरा मार्ग 7 किमी, कुसमरा से सिकरोड़ी मार्ग में पुलिया निर्माण, सरसई कुतुबपुर मार्ग, कुरारा भौली मार्ग 3 किमी का शीघ्र ही काम शुरू कराया जाएगा। साथ ही मनकी कुरारा मार्ग, जल्ला कंडोर मार्ग, पतारा हरेहटा मार्ग, कदौरा बेरी मार्ग स्वीकृत नहीं हो पाए है। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 का लेबर बजट ग्राम पंचायत का 851.237 लाख रुपये व क्षेत्र पंचायत का 345.910 लाख रुपये व अन्य कार्यदायी संस्था का 213.327 लाख रुपये का बजट पास किया गया। बैठक में एडीओ पंचायत धर्मेंद्र पाल, नीरज गुप्ता, पशु चिकित्सा अधिकारी सोनम दीक्षित, अवर अभियंता अभिषेक साहू, बाल विकास परियोजना प्रभारी सुमनलता पाल, रुद्र प्रताप एडीओ मनरेगा, सचिव जमाल अहमद, आशीष कुमार, नीरज सचान, बलजीत, सरसई प्रधान प्रतिनिधि रामबाबू, ग्राम प्रधान भैसापाली किरन, संजय कुशवाहा, शान मोहम्मद, महेंद्र, अनिल कुमार, उमाशंकर, क्षेत्र पंचायत सदस्य व ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे।

क्षेत्र पंचायत की बैठक में मौजूद प्रधान व अन्य। अमृत विचार

दोहरे हत्याकांड से क्षेत्र में फैली सनसनी

लूटपाट का इरादा हो सकता है भाई बहन की हत्या का कारण

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

▸▸ डाग स्क्वायड ने मौके पर पहुंच कर जांच की

अमृत विचार। गुरुवार को बिवांर थाना क्षेत्र के ग्राम पारा में वृद्ध भाई-बहन अपने घर में मृत पाए गए। इस दोहरे हत्याकांड से गांव में सनसनी फैल गई। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। साथ ही फील्ड यूनिट सहित डाग स्क्वायड ने मौके पर पहुंच कर जांच की। घटना के पीछे प्रथम दृष्टया मामला लूटपाट की वजह से हुआ प्रतीत होता है।

गुरुवार को दोपहर करीब दो बजे ग्राम प्रधान उमाशंकर ने पुलिस को सूचना दी कि कृष्णदत्त सोनी (65) पुत्र स्व. कल्लू व उसकी बहन केशकली (60) के शव घर के अंदर मिले हैं। इस पर थानाध्यक्ष बिवांर एवं सीओ मौदहा मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटना के संबंध में स्थानीय लोगों से जानकारी कर रही है। घटनास्थल पर फील्ड यूनिट, डॉग स्क्वायड, एसओजी व सर्विलांस टीम भी मौजूद है। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। परिजनों से तहरीर प्राप्त कर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने बताया कि ग्राम पारा में वृद्ध भाई-बहन के शव घर के अंदर मिले हैं। दोनों शवों में फिलहाल किसी प्रकार के चोट आदि के निशान नहीं दिखाई दे रहे हैं।

मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मृतक के परिजनों से तहरीर प्राप्त कर मुकदमा कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल यह दोहरा हत्याकांड किस उद्देश्य से और किसने अंजाम दिया है। पुलिस इसकी जांच में जुटी हुई है। जबकि मामला लूटपाट के उद्देश्य से भी हत्याकांड को अंजाम देना हो सकता है। मृतक कृष्ण दत्त सोनी अविवाहित था और उसकी बहन केशकली की पति से काफी पहले तलाक हो गया था, तब से वह अपने अविवाहित भाई कृष्णदत्त सोनी के साथ ही रहती थी। मृतक कृष्णदत्त सोनी के बड़े भाई का भी देहांत हो चुका है और उसके भतीजे बाहर रहते हैं।

घटना की जांच करती पुलिस व लगी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

घटनास्थल पर जांच करने जाती फॉरेंसिक टीम। अमृत विचार

घर-घर पहुंचेगी फाइलेरिया से बचाव की दवा, जरूर करें सेवन: सीएमओ

हमीरपुर, अमृत विचार। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत दस फ़रवरी से चलने वाले सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान को लेकर गुरुवार को टीबी सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ गीतम सिंह ने की। कार्यशाला में अभियान को सफल बनाने पर चर्चा की गई।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीएमओ गीतम सिंह ने कहा कि फाइलेरिया बीमारी न हो इसका एकमात्र उपाय दवा का सेवन है। सभी लोग खुद दवा का सेवन करें और फाइलेरिया से बचाव के लिए लोगों को भी दवा खाने के लिए प्रेरित करें। यह दवा आशा कार्यकर्ता के सामने ही खानी है। डिप्टी सीएमओ संजय कुमार ने बताया कि फाइलेरिया क्यूलेक्स मादा मच्छर के काटने से होने वाली एक गंभीर संक्रामक बीमारी है। जिसे आमतौर पर हाथी पांव भी कहा जाता है। कोई भी व्यक्ति किसी भी उम्र में फाइलेरिया से संक्रमित हो सकता है। मलेरिया अधिकारी आरके यादव ने बताया कि विगत वर्ष एक नवंबर से दस नवंबर में आयोजित हुए नाइट ब्लड सर्वे में जनपद में कुल 1001 फाइलेरिया संक्रमित लोग मिले थे। जिसमें 559 पैर, 98 हाथ, 60 स्तन व 284 हाइड्रोसील रोगी मिले। इनमें मौदहा ब्लॉक में सर्वाधिक फाइलेरिया बीमारी से ग्रसित लोग पाए गए। जिसके तहत सर्वप्रथम मौदहा ब्लॉक में अभियान चलाया जाएगा। ब्लाक के लिए सात लाख डीईसी एवं दो लाख 80 हजार एल्बेंडाजॉल दवा प्राप्त हो चुकी है। इस अभियान को लेकर दो सदस्यीय टीम आशा आंगनबाड़ी व स्वास्थ कर्मी की कुल 230 टीमों का गठन किया। सीएमओ गीतम सिंह ने बताया कि 02 वर्ष से 05 वर्ष के बच्चों को डीईसी तथा अल्बेंडाजोल की एक गोली, 06 वर्ष से 14 वर्ष तक के लोगों को डीईसी की दो तथा अल्बेंडाजोल की एक गोली एवं 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों को डीईसी की तीन तथा अल्बेंडाजोल की एक गोली खिलाई जाएगी। लोगों द्वारा अल्बेंडाजोल का सेवन आशा की उपस्थिति में चबाकर किया जाना है। 02 वर्ष से कम उम्र के बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को दवा नहीं खिलानी है।

कार्यशाला को संबोधित करते डिप्टी सीएमओ। अमृत विचार

▸▸ मौदहा ब्लॉक में कल से शुरू होगा फाइलेरिया अभियान

हादसे में घर का चिराग बुझने से मचा कोहराम

मौदहा, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के रीवन गांव निवासी विजयभान कुशवाहा सब्जी बाड़ी का काम करता है। वह अपनी सब्जी पैदावार बेचने के लिए गांव के निकट के मवई खन्ना गया था। उसके साथ उसका 12 वर्षीय बेटा प्रिंस भी सहयोग के लिए चला गया था। देर शाम वह सब्जी बेचकर गांव ऑटो से ही वापस आ रहे थे तभी मवई और खन्ना के बीच ऑटो रोक कर वह सड़क के उस पार पेशाब करने गया था। वापस जैसे ही आया तभी तेज गति से जाती हुई एक बाइक की टक्कर से वह सड़क पर गिर गया। जिससे गंभीर चोटें आईं। उसे आनन-फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां देर रात उसकी मौत हो गई। गांव प्रधान प्रतिनिधि शिव प्रकाश ने बताया कि वह पांच बहनों के बीच एक भाई था जिसकी मौत से गांव और मोहल्ले में भी शोक रहा।

▸▸ पांच बहनों के बीच अकेला था मृतक प्रिंस

सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

सरीला। धौहल बुजुर्ग गांव में सड़क हादसे में घायल युवक की कानपुर अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद परिवार में मातम पसर गया है।

कटेहरी निवासी रामस्वरूप ने बताया कि उसके तीन पुत्रों में दूसरे नंबर का पुत्र रामकुमार(27) अपने मामा को छोड़ने बुधवार सुबह धौहल बुजुर्ग गांव गया था। सुबह राहगीरों ने उसे सड़क में बाइक के नीचे पड़ा देखा तो घटना की सूचना दी। परिजन उसे कानपुर ले गए। जहां देर रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया की मृतक अपने पीछे पत्नी संजी के अलावा पुष्पेंद्र (7) भेपेंद्र (2) स्वेता (4) वर्ष को रोते बिलखते छोड़ गया है। घटना के बाद परिजनों में मातम पसरा है। पुलिस ने गुरुवार शाम घर पहुचकर घटना की जांच पड़ताल की है। इंस्पेक्टर जलालपुर सभाजीत पटेल ने बताया कि बुधवार सुबह युवक बिना हेलमेट लगाए बाइक से धौहल की ओर जा रहा था। मोड़ के पास अचानक ब्रेक लगाने से उसकी बाइक फिसल कर गिर गई, जिससे उसके सिर में चोट आने से मौत हो गई है।

सार-संक्षेप

भाजपा की सदस्यता लेने पर दुष्यंत सिंह परिहार का स्वागत

दुष्यंत सिंह परिहार का स्वागत करते शिवप्रकाश सिंह सेंगर। अमृत विचार

हमीरपुर। भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर प्रथम बार जिला आगमन पर दुष्यंत सिंह परिहार(जिला पंचायत सदस्य इंगोहटा) का पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, पूर्व जिला अध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता, गणेश यादव, सत्तीदीन प्रजापति ने दुष्यंत सिंह परिहार को भाजपा का पटका पहनाकर स्वागत किया। भाजपा में शामिल हुए दुष्यंत सिंह परिहार ने सभी कार्यकर्ताओं से कंधे से कंधा मिलाकर काम करने एवं उनके हर दुख में बराबर सहयोग करने का वादा किया। इस मौके पर शिव प्रकाश सिंह सेंगर, नरवेंद्र सिंह, किशन व्यास, आराधना राजपूत, सिद्धार्थ सिंह, स्वामी प्रताप सिंह, अरविंद श्रीवास्तव, अनीता राजपूत, चक्रवर्ती शुक्ला, अरिमर्दन सिंह, अंकित सिंह, संतराम गुप्ता, मोहन कुशवाहा, बाबा ठाकुर, रवि राज बुंदेला, करण साहू आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आईजीआरएस रैंकिंग में हमीरपुर छठवीं बार रहा अव्वल

हमीरपुर। आईजीआरएस रैंकिंग में जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं जनपद के 14 में से 12 थाने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में अव्वल रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने आईजीआरएस में कार्य कर रहे सभी पुलिसकर्मियों की सराहना की है। शासन की ऑनलाइन शिकायत प्रणाली जनसुनवाई पोर्टल आईजीआरएस (समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली) से प्राप्त शिकायतों को समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया है। जनपद की पुलिस को बीते जनवरी माह की रैंकिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। प्रदेश सरकार के आईजीआरएस पोर्टल पर जनवरी महीने में प्राप्त हुईं शिकायतों को नियत समय में गुणवत्ता के साथ निस्तारित किया गया। जनपद में 115 में से 115 अंक प्राप्त किए हैं। आईजीआरएस सेल में नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर सुनैना, का0 संजीव व का0 अंकित पाण्डेय शिकायत कर्ताओं से फीडबैक प्राप्त कर कार्यवाही भी की गई। पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने प्राप्त प्रकरणों की सर्किल वार समीक्षा कर गुणवत्ता की जांच कराई थी। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पुलिस टीम व राजस्व टीम के संयुक्त प्रयास से भूमि सम्बन्धी विवादों को समय पर गुणवत्तापूर्वक निस्तारित करवाया है। पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने आईजीआरएस सेल में नियुक्त कर्मचारी व थानों पर नियुक्त आईजीआरएस कर्मचारियों को भविष्य में इसी प्रकार मेहनत और लगन से कार्य कर जन शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए उत्साहवर्धन किया।

फुटबॉल टूर्नामेंट की ट्रॉफी पर महोबा टीम ने किया कब्जा

विजेता टीम के कप्तान को ट्रॉफी देते राहुल सिंह। अमृत विचार

हमीरपुर। राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का गुरुवार को समापन हो गया। फाइनल मैच महोबा व बांदा की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें दोनों टीमें बराबरी पर रही। बाद में टॉस के आधार पर महोबा टीम विजयी रही। राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम दिन पहला सेमीफाइनल मैच महोबा व हमीरपुर के बीच खेला गया। जिसमें महोबा ने हमीरपुर को 3-0 से पराजित किया। दूसरे सेमीफाइनल बांदा व बाबा क्लब हरदोई के बीच खेला गया। जिसमें बांदा ने हरदोई को 2-0 से पराजित किया। फाइनल मैच महोबा व बांदा टीमों के बीच खेला गया। जिसका शुभारंभ राहुल सिंह गुड्डू भैया बांदा द्वारा किया गया। मैच के निर्धारित समय में कोई टीम गोल नहीं कर सकी। अतिरिक्त समय में भी कोई गोल नहीं हो सका। बाद में ट्राईमेकर भी 4-4 गोल से बराबर रहे। अंत में टॉस के द्वारा महोबा टीम विजयी रही। विजेता व उपविजेता टीम को राहुल सिंह ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पारितोष दीक्षित, अनुज सिंह, प्रदीप सिंह, नीरज सिंह, शिवम उमराव, रामप्रकाश, बंटी यादव, नीरज शर्मा, अजय द्विवेदी, धर्मेंद्र दीक्षित, महेंद्र मोहन चौबे आदि उपस्थित रहे। संचालन जलीस खान व अनवर खान ने किया।

सोलर पंप के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 12 फरवरी

हमीरपुर। उप कृषि निदेशक हरी शंकर भार्गव ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम योजना) में सोलर पंप वितरण पहले आओ पहले पाओ के सिद्वान्त पर ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से पिछले 16 जनवरी से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन पोर्टल विभागीय वेवसाइट www.upagriculture.com पर 12 फ़रवरी तक ही खुला रहेगा। जनपद में 3 एचपी एसी के 75 व 3 एचपी डीसी 75 एवं 5 एचपी एसी के 330 आवंटित लक्ष्य के 110 प्रतिशत तक बुकिंग करने के सापेक्ष आज तक 3 एचपी एसी के 47 व 3 एचपी डीसी 22 एवं 5 एचपी एसी के 129 कृषको द्वारा ही मात्र ऑनलाइन बुकिंग सोलर पंप के लिए किया गया है। इच्छुक कृषक जनपद में सोलर पंपों के अवशेष लक्ष्यों की सीमा तक 12 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। तत्पश्चात बुकिंग पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। इसके उपरान्त वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए चयन के लिए कृषकों से आवेदन प्राप्त करने के लिए पोर्टल पुन: खोला जाएगा। उक्त के अतिरिक्त साथ में यह भी अवगत कराना हैं कि जिन कृषक द्वारा पीएम कुसुम सोलर पंप योजना अन्तर्गत निदेशालय स्तर से टोकन कन्फर्म करने के पश्चात कमश: 25 जनवरी एवं 05 फरवरी 2024 तक अवशेष धनराशि नहीं जमा कर पाए हैं, उनके लिए शासन स्तर से एक सप्ताह की अवधि बढ़ा दी गई है। इन कृषकों को अवशेष धनराशि जमा करने के लिये पोर्टल के माध्यम से उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर मैसेज भी प्रेषित किया हैं। जिससे वे कृषक अपना अवशेष कृषक अंश निर्धारित तिथि 14 फरवरी तक जमा कर योजना का लाभ प्राप्त कर सके।

शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत चाय पर चर्चा कल

हमीरपुर। शक्ति वंदन कार्यक्रम को लेकर 10 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभागार में 'चाय पर चर्चा' जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में की जानी है। जिसमें राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत संचालित समूहों की महिलाओं द्वारा इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जाएगा। समूह की महिलाओं के स्वावलंबन एवं विकास के लिए प्रदेश सरकार द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

मुश्किल पिछले कुछ दिनों से खराब मौसम ने रबी की फसलों के साथ सब्जी पर भी डाला बुरा असर

उत्पादन कम होने से आसमान छू रहे सब्जियों के दाम

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। मौसम का विपरीत असर रबी फसलों के साथ सब्जी की फसलों में भी पड़ा है। खराब मौसम के कारण सब्जी की फसलों का उत्पादन घटने से इनके दाम आसमान छूने लगे हैं। लहसुन के दाम 500 रुपये प्रति किलो पहुंच गए हैं। भिंडी करेला 80 से 100 रुपये किलो बिक रहा है।

पिछले 50 दिन तक खराब रहे मौसम में रबी की फसलों के साथ सब्जी की फसलों में बुरा असर डाला है। सब्जी का उत्पादन कम होने से सब्जी के दामों में अचानक उछाल आने से ग्राहक को अधिक जेब ढीली करनी पड़ रही है। स्थानीय सब्जी विक्रेता गीता कुशवाहा, वीरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि नया लहसुन 400 रुपये तथा पुराना लहसुन 500 रुपये प्रति किलो बिक रहा है।

गोभी का एक फूल 20 से 30 रुपये बिक रहा है। मटर 30 से 40 रुपये प्रति किलो है। टमाटर ने अपना रंग काम किया है यह 20 रुपये किलो बिक रहा है। अदरक 30 पाव, करेला 80 से 100 रुपये प्रति किलो है। सेम 60 रुपए तथा शिमला मिर्च 80 रुपये प्रति किलो बिक रही है। बैंगन के भाव 40 रुपये प्रति किलो है। भिंडी 80 से 100 रुपये किलो है। तरोई 80 रुपए किलो में है। लौकी 40 रुपये, कद्दू 30 किलो बिक रहा है। खीरा के दाम 40 से 50 रुपये प्रति किलो है। जबकि सर्दी के सीजन में सब्जियों के दामों में इतना उछाल नहीं होना चाहिए।

तेज पछुवा हवाओं के चलने से किसान सहमा

सुमेरपुर। गुरुवार को सुबह से तेज पछुवा हवाओं के चलने से किसान सहम गया है। किसानों के अनुसार इतनी तेज गति से हवा चलने से फसलों में विपरीत असर पड़ेगा और उनके असमय पककर तैयार होने की संभावना बन जाएगी। इससे उत्पादन प्रभावित होगा।

बुधवार को जैसे ही मौसम साफ हुआ। वैसे ही तेज हवाओं ने रफ्तार पकड़ ली। इससे किसान सहम गया है। किसान परशुराम, उदयभान, सुरेश कुमार, इंद्रपाल यादव, कैलाश यादव, राधेश्याम तिवारी, भोला तिवारी आदि ने बताया कि कोहरे और बारिश के बाद मौसम साफ होने के बाद इतनी तेज गति से हवाओं की जरूरत नहीं है। इस गति से अगर पछुआ हवा चली तो दलहनी तिलहनी फसलों के उत्पादन में बुरा असर पड़ेगा और फसलें असमय पककर तैयार हो सकती हैं। रिटायर्ड एडीओ कृषि प्रगतिशील कृषक रामसनेही साहू व कृषि वैज्ञानिक रामसागर सिंह भी मानते हैं कि मौसम साफ होने के बाद फरवरी माह में इतनी तेज पछुआ हवा की अभी जरूरत नहीं है। अभी तो फसलों को मंद हवा के साथ तेज धूप की जरूरत है। तेज हवाओं का चलना फसलों के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा सकता है और यह सब कुछ जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहा है। इसके अच्छे परिणाम भी हो सकते हैं और परिणाम खराब भी हो सकते हैं।

पति-पत्नी का सिर फोड़ा, शिकायतकर्ता का चालान

सुमेरपुर, हमीरपुर, अमृत विचार। बांकी गांव निवासी रामराजा ने पुलिस को अवगत कराया है कि वह पत्नी रेखा के साथ भैंस लेकर खेतों की तरफ जा रहा था। रास्ते में गांव निवासी रामबहादुर एवं उसके पुत्र नवलकिशोर ने रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर पिता पुत्र ने लाठी से प्रहार करके पति-पत्नी का सिर फोड़ दिया। रामराजा ने घटना की शिकायत थाने में की। थाना पुलिस ने पिता पुत्र को गिरफ्तार करके रामराजा सहित तीनों को शांति भंग में न्यायालय भेजा है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। इसलिए दोनों पक्षों के खिलाफ शांतिभंग की कार्यवाही की गई है।

एक नजर

मौनी अमावस्या पर लगाई जाएगी गोरखगिरि परिक्रमा

महोबा। मौनी अमावस्या पर 9 फरवरी को सुबह 6 .30 बजे गोरखगिरि पर्वत की परिक्रमा लगाई जाएगी। गोरखगिरि परिक्रमा शिवतांडव से शुरु होगी जो, प्रमुख मार्गों से होते हुए मंदिर परिसर में समाप्त होगी। मंदिर परिसर में एक गोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें मौनी अमावस्या और गोरखगिरि पर्वत के इतिहास पर प्रकाश डाला जाएगा। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकार ने परिक्रमा में ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं को शामिल होकर पुण्य लाभ हासिल करने की अपील।

ऑटो से गिरकर वृद्ध घायल

महोबा। चित्रकूट निवासी दिलीप (70 थाना श्रीनगर शादी समारोह में अपने रिश्तेदार के यहां आया था और ऑटो रिक्शा पर सवार होकर बस स्टैंड श्रीनगर किसी कार्य से जा रहा था, तभी ग्राम आकौना के पास टेंपो चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे उसमे बैठा वृद्ध आटो से उछलकर सड़क पर जा गिरा, जिससे वह घायल हो गया। हादसा देख आसपास के ग्रामीण वहां पहुंच गए और उसे उठाकर वाहन की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टर द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है।

हनुमान मंदिर में हुआ भंडारे का आयोजन

महोबा। थाना कबरई के ग्राम बीला दक्षिण के प्राचीन हनुमान मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के समापन के बाद गुरुवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजकों द्वारा सुबह से ही भंडारे में बनने वाले प्रसाद को बनवाने की तैयारियों शुरू कर दी गई और दोपहर तक प्रसाद तैयार हुआ। पूजा अर्चना के बाद भंडारे की शुरूआत कराई गई। इस मौके पर हरिशंकर द्विवेदी, ललित सिंह, प्रदीप, सुमित तिवारी, राहुल परिहार सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रुद्र, जिलामंत्री रोशन सिंह, मंडल महामंत्री प्रवेंद्र रघुवंशी सहित तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

जिला व तहसील न्यायालयों में होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

महोबा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश, महोबा के आदेशानुसार दिनांक : 09 मार्च सुबह दस बजे से जनपद महोबा व प्रत्येक तहसील न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। अपर जिला जज/जिला सेवा प्राधिकारण महोबा राकेश कुमार गौतम ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत मे समस्त शमनीय आपराधिक वाद, परक्राम्य लिखत की धारा-138 वाद, वाहन दुर्घटना प्रतिकर वाद, वैवाहिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण के वाद, दीवानी वाद, बैंक वसूली वाद, किरायेदारी वाद, राजस्व वाद, वन अधिनियम वाद, दीवानी/आपराधिक अपील, उपभोक्ता वाद, ट्रैफिक चालानी वाद, शॉप एडजस्टेबलिशमेंट एक्ट के चालानी वाद, वेट एण्ड मेजरमेंट एक्ट के चालानी वाद, नगर पालिका चालानी वाद, पुलिस एक्ट के चालानी वाद, विद्युत अधि0 वाद, शहरी विकास अधि0 वाद, सिनेमेटोग्राफी एक्ट के चालानी वाद व आबकारी अधि0 चालानी वादों को आपसी सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक संख्या मे निस्तारण किया जाना है।

रोजगार मेले की तिथियां जारी

महोबा। कौशल विकास मिशन के अंतर्गत जिले के सभी विकास करो में रोजगार मिले का आयोजन किया जाएगा जिसकी तिथियां घोषित कर दी गई है निर्धारित तिथि पर प्रत्येक विकासखंड में रोजगार मेला का आयोजन होगा। यह जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी चित्र सेन सिंह ने बताया कि 13 फरवरी को विकासखंड पनवाड़ी में बजरंग इंटर कॉलेज पनवाड़ी, 15 फरवरी को विकासखंड जैतपुर के राजकीय पाली टेक्निक कुलपहाड़, 17 फरवरी को विकासखंड चरखारी के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चरखारी और 20 फरवरी 2024 को विकासखंड कबरई के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महोबा में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

छात्र-छात्राओं के तैयार किए गए मॉडल विज्ञान प्रदर्शनी में सजाए गए

प्रदर्शनी का अधिकारी ने अवलोकन करने के बाद मॉडल के बावत ली जानकारी

कार्यालय, कुलपहाड़ महोबा

अमृत विचार। आबीपीएस स्कूल कुलपहाड़ में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद और विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण और दीप प्रज्वलित किया साथ ही वैज्ञानिकों के चित्र पर फूल अर्पित किए। इस मौके पर कक्षा नौ के छात्र मृगांक, अर्पित, आदित्य निखिल, देव, वैष्णव व सुमित ने सरस्वती वंदना की शानदार प्रस्तुति दी। अधिकारियों ने छात्र छात्राओं द्वारा बनाए गए विज्ञान मॉडलों को देखा और बच्चों से मॉडल के बावत जानकारी ली गई।

उपजिलाधिकारी ने फीता काटते हुए विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि वर्तमान में जिन आविष्कारों की बदौलत आम आदमी की जिंदगी सुखद और सुलभ हो गई है उसके पीछे वैज्ञानिकों की ही असीम कल्पनाओं की उड़ान, अदम्य साहस व दृढ़ इच्छशक्ति है। विज्ञान एक दूरदर्शिता का विषय है और समय से आगे रहना विज्ञान की फितरत है, इसलिए आज की पीढ़ी को मुक्त रूप से विज्ञान के क्षेत्र में नवोन्मेष और सपने देखने का अवसर दिया जाए। साइंस एग्जीबिशन में करीब 60 वर्किंग मॉडल थे, जिन्हें स्टूडेंट्स ने कई महीनों की कड़ी मेहनत से तैयार गया। स्टूडेंटस ने आधा सैकडा वर्किंग मॉडल का प्रदर्शन किया, जिसमें हृदय का वर्किंग मॉडल, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, सस्टेनेबल डेवलपिंग विलेज, स्वचालित अग्निशमन यंत्र, लाइन फालोइंग रोबोट, आब्जेक्ट फालोइंग रोबोट, स्मार्ट डस्टबिन, बाधामुक्त रोबोट कार, लेजर सिक्योरिटी सिस्टम, फायर फाइटिंग कार, भूकम्परोधी, रेनवाटर हारवेस्टिंग सिस्टम, पानी से गैस बनाना, हाइड्रोलिक प्रेशर मशीन, इन्फीनिटी वैल, ग्रामीण क्षेत्र बनाम शहरी क्षेत्र, रूम ब्लोअर हवा से बिजली बनाना, ड्रोन, इलेक्ट्रो मैगनेट, हाइड्रोलिक ब्रिज, डायनमो माडल जैसे आधा सैकडा से अधिक वर्किंग माडल को जिसने देखा सराहना किए बिना न रहा। विज्ञान प्रदर्शनी का संचालन डायरेक्टर राकेश कुमार ने किया।

इस अवसर पर ब्रह्मानंद महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डा. लक्ष्मीनारायन अग्रवाल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डा0 कमलेश सक्सेना, राधेलाल यादव, पूर्व बार अध्यक्ष शिवराम राजपूत, नीरज अरजरिया, दिनेश अग्रवाल समेत सैकडों की संख्या में स्टूडेंटस और माता पिता ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर कक्षा सात के छात्रा ईशा शक्ति, काव्या बिल्थरे व तरन शर्मा ने उत्कृष्ट नृत्य प्रदर्शन किया। इसके बाद कंगना, जैस्मीन, गौरवी, माही, शिवानी ने ग्रुप डांस के माध्यम से समा बांध दिया। अक्षय चैबे, रितिका और गर्वित अग्रवाल ने भव्य राम दरबार झांकी प्रस्तुत की। सारी प्रस्तुतियों का श्रेय डांस अध्यापिका शबीना और अध्यापक पंकज को जाता है।

अधिकारियों को मॉडल के बारे में जानकारी देतीं छात्राएं। अमृत विचार

अध्यापकों को किया गया सम्मानित

विज्ञान एग्नीबिशन में माडल में सहयोग करने वाले अध्यापक शुभम, महिपाल, अशोक, शुभांशु, प्रज्ञा, मधुरिका एवं शबीना को उपहार देने सम्मानित किया गया, वहीं आशीष, अरुण, योगेन्द्र, नागार्जुन, अजय, हिमालवी शक्ति, राशि उपाध्याय, शिवानी, सुयश, अंश स्वर्णकार, अनुष्का, अनुभव, परिधि, अंशिका, अंशिका यादव, मयंक प्रजापति, अंतश, मनु, सम्राट, हसन, कंगना, गौरवी, मृगांक एवं अतिका को एक्सीलेंस वर्क फॉर साइंस प्रोजेक्ट अवॉर्ड दिया गया। विद्यालय के शिक्षक सुधांशु खरे को पूरे कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए उपहार देकर सम्मानित किया गया।

भाजपाइयों ने गांव चलो अभियान के तहत किया भ्रमण

महोबा। गांव चलो अभियान के तहत भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने थाना खरेला के ग्रामों का भ्रमण कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाई गई साथ ही योजनाओं से लाभांवित हुए लोगों के साथ सरकार की नीयत और नियती से ग्रामीणों को अवगत कराया। भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता द्वारा ग्रामीणों को सरकार की उपलब्धियों से रुबरू कराने के लिए समस्त ग्रामों के लिए टीम को लगाया गया है, जो जिले के शिक्षक, व्यापारी व अधिवक्ताओं सहित तमाम समाजसेवियों और आमजन मानस से फीडबैक लेकर योजनाओं के बावत विचार विमर्श किया जा रहा है।

धार्मिक व पुरातात्विक स्थलों का विकास धरातल पर लाने की तैयारी

बुंदेलखंड के पर्यटल स्थलों की तरफ सरकार की रूचि त्वरित विकास के लिए है शुभ संकेत

रहेलिया का सूर्य मंदिर। अमृत विचार

कार्यक्रम के लिए तैयार मंच। अमृत विचार

संवाददाता कार्यालय, महोबा

अमृत विचार। बुंदेलखंड के अपने सात जिलों में उत्तर प्रदेश सरकार गौरव महोत्सव का आयोजन कर यहां के धार्मिक और पुरातात्विक स्थलों का चर्तुमुखी विकास की मंशा को धरातल पर उतारने को तत्पर दिख रही है। अयोध्या के सर्वागीण विकास के संकल्प को पूरा करने के बाद सूबे की सरकार का ध्यान बुंदेलखंड के पर्यटन स्थलों की ओर होना इस अति पिछड़े बुंदेलखंड क्षेत्र के त्वरित विकास के लिए शुभ संकेत दिखाई दे रहा है।

साहित्यकार एवं वरिष्ठ पत्रकार शिवकिशोर पांडेय का कहना है कि पर्यटन विभाग के इन स्तरीय आयोजनों से न केवल एक वातावरण का निर्माण होगा, बल्कि आर्थिक विकास के लिए यह क्रांतिकारी कदम भी साबित होगा। जरुरत है कि सरकार ऐसे प्रमुख पर्यटन स्थलों को पर्यटन मानचित्र से जोड़कर इनका समुचित विकास कराए। इससे विदेशी पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी, जिससे जिले में रोजगार भी बढ़ेगा। पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने से देशी विदेशी पर्यटकों के आने से होटलों, रेस्टोरेंट की जहां आमदनी बढ़ेगी वहीं दूसरी तरफ गाइडो को भी काम मिल सकेगा।

जिले के धार्मिक पर्यटन स्थलों के विकास को बढ़ावा देने के लिए टूरिज्म विभाग ने अमलीजामा पहनाए की कवायद शुरू कर दी है। इसी उद्देश्य से महोबा में दो दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिल सके इस गरज से एक माहौल तैयार किया जा रहा है। रहेलिया सूर्य मंदिर में गौरव महोत्सव से पहले ही बिजली की आकर्षक रंगबिरंगी लाइटों की व्यवस्था करा दी गई है, जिससे सूर्य मंदिर लाइटें जलने पर और सुंदर नजर आने लगता है।

गौरव महोत्सव आज, तैयारियां पूरी

- 9 फरवरी से होने वाली शुरूआत महकमे ने सारी तैयारियां पूरी कर ली है। कीरत सागर की साफ सफाई कर तैयार करा दिया गया है, जिससे नौकायन कीरत सागर में बेरोक टोक के दौड़ सके। डाकबंगला मैदान में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मद्देनजर मंच भी तैयार कर दिया गया है। मोदी मैदान में हाट वैलून के मद्देनजर इस मैदान की भी साफ सफाई कराकर चमाचम कर दिया गया है। जिला पर्यटन अधिकारी ने बताया कि 9 व 10 फरवरी दो दिन तक गौरव महोत्सव के दौरान विभिन्न कार्यक्रम कराए जाएंगे।
- बुंदेलखंड को ऊंचाईयों तक पहुंचाने के लिए महोबा में ही नहीं बल्कि समूचे बुंदेलखंड में बुंदेलखंड गौरव महोत्व का आयोजन किया जा रहा है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आयोजन से एक हवा उठती है साथ ही एक माहौल तैयार होता है, इसलिए गौरव महोत्व का आयोजन कराया जा रहा है। लोक संस्कृतियों को भी लोग देखेंगे और लोककला संस्कृति जानकारी भी हासिल कर सकेंगे और उनको समझेंगे। महोबा महोत्सव नगर कहा जाता है, इसलिए गौरव महोत्सव कराया जा रहा है।

चित्रगुप्त खरे
जिला पर्यटन अधिकारी, महोबा

चंदेल कालीन खजुराहो मंदिर आज भी बना हुआ है विश्व के आकर्षण का केंद्र

खजुराहो मंदिर। अमृत विचार

चंदेलकालीन मदन सागर। अमृत विचार

संवाददाता कार्यालय, महोबा

अमृत विचार। छठवीं शताब्दी से बारहवीं शताब्दी तक शासन करने वाले चंदेल शासकों द्वारा बनाए गए चंदेल कालीन खजुराहो मंदिर विश्व का अकर्षण केंद्र बना हुआ है, जिसकी अद्भुत कला देखने के लिए आज भी विदेशी पर्यटक यहां आते हैं। चंदेल राजाओं के कार्य कलापों के चलते खजुराहो आज विश्व पर्यटक स्थल बनकर रह गया है। खजुराहो में हजारो लोगों को जहां एक तरफ रोजगार मिला है, वहीं दूसरी तरफ विदेशी पर्यटकों के खजुराहो आने से विदेशी मुद्रा भी आ रही है। पांच सितारा और तीन सितारा होटल संचालकों के अलावा यहां पर काम करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों सहित सैकड़ों लोगों को रोजगार मिल रहा है।

विश्व पर्यटक स्थल खजुराहो में फ्लाइटों से प्रतिदिन हजारों विदेशी पर्यटक खजुराहो के मंदिर देखने आते हैं और पांच सितारा होटलों में ठहरते हैं। कई कई दिन तक पर्यटकों के रहने से गाइडो और दुकानदारों को रोजगार मिलता है और व्यापार भी बढ़ता है। खजुराहो में आने के बाद पर्यटक जिले के पर्यटन स्थलों को देखने आते हैं। महोबा के मशहूर खखरामठ, सूर्य मंदिर, चरखारी की सुंदर झीले, टोला तालाब, विजय सागर आज भी पर्यटकों की पसंद बनी हुई है। अब पर्यटन विभाग महोबा के धार्मिक और पुरातात्विक स्थलों को विकसित करने के लिए जुट गया है। पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने की गरज से जिले में जिला पर्यटन अधिकारी की नियुक्ति भी कर दी गई है।

चंदेल शासकों द्वारा जिले में उरवारा, सिजहरी, पचपहरा, बेलासागर, दिसरापुर, रहेलिया सरोवरों के अलावा बीजानगर, मदन सागर, कल्याण सागर, कीरत सागर सहित आधा सैकड़ा चंदेल कालीन सरोवरों का चंदेल शासकों ने निर्माण कराया था। अधिकांश सरोवरों को पहाड़ों के आसपास बनवाए जाने से बारिश में पहाड़ों का पानी आने से ये सरोवर लगभग 1600 साल बाद आज भी भरे रहते हैं। जिले में सरोवर बनाकर पानी का इंतजाम किए जाने से पठारी इलाकों में पानी की व्यवस्था बेहतर देख यहां पर आबादी भी बस गई और धीरे धीरे बड़ी संख्या में आबादी पहुंच गई। उनके शासन में बनाए गए चंदेल कालीन कुएं, बिहर और सरोवर सैकड़ों साल बाद आज भी पेयजल का सशक्त माध्यम बनी हुई है।

- **चंदेल कालीन मंदिर और पर्यटक स्थलों को देखने आते हैं विभिन्न देशों से पर्यटक**

अनदेखी के चलते अस्तित्व खोते जा रहे चंदेली कुएं

चंदेल राजाओं ने युद्ध करने के साथ साथ सामाजिक काम को अधिक महत्व दिया है। चंदेल सरोवर और कुएं आज भी सूखा पड़ने और पानी की कमी होने के आड़े वक्त में लोगों की प्यास बुझाते हैं। सरोवर के एक हिस्से में नहाने धोने के लिए पत्थरों की बनाई गई सीढ़ियां आज भी लोगों के काम आ रही है, लेकिन शासन प्रशासन की अनदेखी के चलते चंदेल कालीन कुएं धीरे धीरे अपना अस्तित्व खोते जा रहे हैं। उनके जीर्णोधार पर अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

अंतर्राज्यीय गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार 15 लाख रुपये की चरस बरामद, जांच शुरू

संवाददाता कार्यालय, महोबा

अमृत विचार। जिले की पुलिस ने अंतर्राज्यीय एक महिला और पुरुष को चरस तस्करी के मामले में गिरफ्तार कर लिया है।

पूछताछ में दोनो ने अपने पास रखे मादक पदार्थ को जड़ी बूटी बताया, बाद में जांच करने पर 15 लाख रुपये कीमत की दोनो के पास से चरस बरामद हुई। नेपाल से लाकर भारत के अलग अलग राज्यों में चरस की सप्लाई किए जाने की बात बताई गई। पकड़े गए दोनो तस्कर बिहार प्रदेश के रहने वाले हैं, जो एमपी और यूपी के रास्ते गुजरात चरस लेकर जा रहे थे। पुलिस ने दोनो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए मुकदमा दर्ज किया और जेल भेज दिया है।बिहार राज्य के ग्राम पोखरियाराय निवासी ब्रजेश तिवारी इसी गांव की निर्मला देवी पत्नी संजय गुप्ता दोनो मिलकर चरस तस्कारी का कम करते थे। दोनो तस्कर लंबे समय से नेपाल से तस्करी कर रहे थे। गैंग की सरगना महिला के शातिर दिमाग के जरिए नेपाल से तीन किग्रा0 वजन की चरस लेकर देश के अन्य राज्यो में सप्लाई के लिए जा रहे थे, जिसे चांदो गांव के पास से महोबा पुलिस ने शक होने पर पूछताछ के लिए शहर कोतवाली लाए, बाद में उनकी तलाशी लेने पर पुलिस ने 15 लाख रुपये की चरस बरामद हुई।

पुलिस हिरात में चरस गिरोह के सदस्य।

- **गुजरात जाते समय जिले में चेकिंग के दौरान पुलिस ने दोनों को दबोचा**

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने चांदो मौजा के पास नाकाबंदी कर एक एक लोगों की चेकिंग की। चेकिंग दौरान सात में आ रहे महिला पुरुष पर शक होने पर इनसे भी पूछताछ की गई। पूछताछ से बुरी तरह सहमे दोनो लोगों को शक पर कोतवाली महोबा लाया गया, जहां चेकिंग करने के बाद उनके पास से तीन किग्रा0 चरस बरामद हुई। दोनो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

आग पर काबू पाते दमकल कमी। अमृत विचार

शार्ट सर्किट से कच्चे मकान में लगी आग

महोबा। शहर के मोहल्ला मलकपुरा के एक कच्चे मकान में शार्टसर्किट से आग लग जाने से हजारों रुपये का सामान जलकर बर्बाद हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस और दमकल विभाग टीम द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया और अंदर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। गौरतलब है कि मोहल्ला मलकपुरा निवासी सुशीला तिवारी (65) पत्नी स्व0 सिद्धगोपाल तिवारी के घर अचानक आग लग गई, जिससे परिवार के सदस्य घर से बाहर नहीं निकल सके। मोहल्ले वासियों आग बुझाने की कोशिश करते हुए कोवताली पुलिस और फायर बिग्रेड विभाग को सूचना दी और उपनिरीक्षक रमाशंकर शुक्ला व आरक्षी अजय मिश्रा तत्काल घटना स्थल पहुंचे और आग में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाली तब तक दमकल विभाग टीम ने आग बुझाकर आसपास के मकानों को आग से बचाने का प्रयास किया। आगजनी की घटना से मकान स्वामी का हजारों रुपये की गृहस्थी जलकर स्वाहा हो गई।

सार-संक्षेप

सदन में सांसद ने अलग बुंदेलखंड राज्य की उठाई मांग

संवाददाता कार्यालय, महोबा। हमीरपुर महोबा, तिंदवारी संसदीय क्षेत्र के सांसद सदन में बुंदेलखंड के विकास के लिए अक्सर मुद्दा उठाते रहते हैं। इस बार सांसद ने सदन में बुंदेलखंड अलग राज्य का मुद्दा उठाकर हलचल पैदा कर दी है। अलग राज्य का मुद्दा उठाने से बुंदेले भी खासा गदगद हैं। सदन में बुंदेलखंड अलग राज्य का मुद्दा उठाए जाने पर बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकार ने सांसद को बधाई संदेश भेजा। सांसद कुँवर पुष्पेंद्र सिंह चन्देल ने एक बार फिर सदन में बुन्देलखण्ड राज्य की मांग उठाई। सांसद पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बुन्देलखण्ड में चहुमुखी विकास किया जा रहा है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे, केन बेतवा रिवर लिंकिंग प्रोजेक्ट,अटल भूजल योजना, हर घर नल से जल, डिफेन्स कॉरिडोर, गऊ पालकों को मासिक आर्थिक मदद इत्यादि अनेक ऐसे कार्य है जिससे लोगों के जीवन में खुशहाली आ रही है। बुन्देलखण्ड को अलग राज्य बनाने की जनता की मांग आजादी के पहले से की जाती रही है और इस मांग को व्यापक जन समर्थन भी है। यह मांग प्रमुख रूप से विकास पर आधारित है पृथक राज्य बन जाने से अन्य राज्यों की तरह बुन्देलखण्ड में भी और तेज आर्थिक विकास तो होगा ही साथ ही सांस्कृतिक विकास को पंख लग जाएंगे और देश सहित विश्व में बुंदेली संस्कृति और बोली कि धमक रहेगी। यहां ध्यान देने वाली बात है कि बुंदेली भाषा अभी तक संविधान की आठवीं सूची में शामिल नही हो पाई है। सांसद कुँवर पुष्पेंद्र सिंह चन्देल की पृथक बुन्देलखण्ड राज्य बनाने के लगातार प्रयासों से यह प्रबल संभावना जग उठी है कि बुन्देलखण्ड राज्य जल्दी बन जाये।

कुं. पुष्पेंद्र सिंह चंदेल।

- **राज्य निर्माण होने से बुंदेलखंड का विकास होने के साथ-साथ आर्थिक विकास के भी लगेंगे चार चांद**

मनमानी शाम होते ही ट्रैक्टरों में जंगलों से होने लगती है लकड़ी की निकासी

अधिकारियों की अनदेखी के चलते धड़ल्ले से काटे जा रहे पेड़

संवाददाता पनवाड़ी महोबा

अमृत विचार। वन विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते धड़ल्ले से जंगल में पेड़ों की कटान की जा रही है। वन क्षेत्राधिकारी और वन दरोगा इस ओर कोई ध्यान न देने से वन माफिया जंगलों को काटने में जुटे हुए हैं। सरकार जहां एक तरफ वृक्षारोपण को बढ़ावा दे रही है और पौध रोपित करने के लिए हर साल लाखों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी तरफ वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी सरकार को पलीता लगा रहे हैं।

वन रेंज अंतर्गत कई स्थानों पर बेरोकटोक लकड़ी का कटान किया जा रहा है। आश्चर्य यह है कि वन कर्मी से लेकर अधिकारी जानकर अनजान बने हुए है। इसके पीछे लकड़ी माफियाओं से वन कर्मियों में गठजोड़ होना प्रतीत हो रहा है। बड़े पैमाने पर क्षेत्र में लकड़ी परिवहन अड्डे संचालित है। सूर्यास्त होते ही वाहनों से लकड़ी की निकासी शुरू हो जाती है, लेकिन किसी भी वाहन चालक के पास परिवहन निकासी कागज नहीं होता है और जलाऊ लकड़ी बताकर पल्ला झाड़ रहे है। वहीं वन अधिकारी कहते है कि क्षेत्र में प्रतिबंधित लकड़ी का कटान नहीं हो रहा है। जानकारों की मानें तो लकड़ी माफिया हरे भरे प्रतिबंधित वृक्षों पर भी आरा और कुल्हड़ा चलवाने से गुरेज नहीं कर रहे है।

ट्रक पर लकड़ी लोड करते श्रमिक। अमृत विचार

जागरूक लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह कटान जारी रही तो क्षेत्र में पर्यावरण को खतरा उत्पन्न होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। जागरूक लोगों ने प्रभागीय वनाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि लकड़ी माफियाओं व वन कर्मियों में गहरा गठजोड़ चल रहा है और इसकी जांच कराकर कार्यवाही की जाना आवश्यक है।

बताया कि पनवाड़ी कस्बा में लकड़ी कारोबारी ने तीन स्थानों पर परिवहन निकासी अड्डे बना लिए है। वही महोबा रोड पनवाड़ी, दिदवारा, महोबकंठ आदि स्थानों पर लकड़ी निकासी यानी परिवहन अड्डा माफिया बेखौफ चला रहे है। महोबा रोड डंप संचालक से पूंछने पर कहते हैं हमारे कागज कंपलीट हैं। जागरूक लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान अपेक्षित कराया है कि लकड़ी कटान को रुकवा जाय और वन कर्मियों पर शिकंजा कसा जाय।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

संवाददाता चरखारी महोबा

अमृत विचार। चरखारी खरेला मार्ग में ग्राम जतौरा के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की गम्भरी रुप से घायल होकर गिर गया। दुर्घटना के बाद वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। खून से लथपथ सड़क पर पड़े बाइक सवार को देखकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी पहुंचाया, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जनपद हमीरपुर के कस्बा सरीला निवासी ब्रजेंद्र कुशवाहा (25) पुत्र शंकरलाल कुशवाहा बुधवार की देर शाम को बाइक से अपनी ससुराल खरेला जा रहा था, तभी तभी खरेला से 10 किमी0 पहले ग्राम जतौरा मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गया। सिर पर लगे हेलमेट के कई टुकड़े हो गए, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई।

खून से लथपथ पड़े बाइक सवार को देखकर राहगीरों ने 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी। दुर्घना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पहुंची और बाइक सवार को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी पहुंचाया।

अस्पताल में डाक्टरों ने तत्काल उसका चेकअप किया, लेकिन सिर पर गंभीर चोट होने और खून के अधिक बह जाने से उसकी मौत हो गई। डाक्टर द्वारा मृत घोषित करते ही अस्पताल में परिजनों का रोना पीटना मच गया। जवान बेटे की मौत से माता पिता का रो रोकर बुरा हाल है और पत्नी गश खाकर बेहोश हो गई। मृतक अपने पीछे छह माह का बच्चा छोड़ गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

- **मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा**
- **मृतक अपने पीछे पत्नी व छह माह का बच्चा छोड़ गया**

एक नजर

फार्मासिस्ट-स्वीपर भिड़े मांगा गया स्पष्टीकरण

कालपी, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फार्मासिस्ट और स्वीपर के बीच वाद-विवाद हो गया जो आधे घंटे तक चलता रहा। कार्यकारी चिकित्साधीक्षक ने दोनों से स्पष्टीकरण मांगा है। बुधवार को किसी बात को लेकर फार्मासिस्ट राजकुमार मिश्रा और स्वीपर गणेश प्रसाद के मध्य वाद-विवाद हो गया। आधे घण्टे तक दोनों के बीच तनातनी व कहासुनी का दौर चलता रहा। जिसके बाद आनन फ़ानन में अन्य स्टाफ ने मामले को शांत कराया। कार्यकारी चिकिसधीक्षक डॉ. शेख ने बताया कि दोनों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया गया है एवम दोनों के विरुद्ध स्पष्टीकरण का नोटिस जारी कर आगामी दो दिनों के अंदर उक्त प्रकरण में जवाबदेही तय की गई है।

जन पंचायत में गिनाईं सपा सरकार की उपलब्धियां

माधौगढ़, जालौन ग्राम बैनीपुरा में पीडीए जन पंचायत आयोजित की गई। इसमें सपा नेताओं ने पूर्व की सपा सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और भाजपा सरकार पर हमला बोला। अध्यक्षता सेक्टर अध्यक्ष एवं जिला सचिव जंग बहादुर सिंह दोहरे ने की। जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने कन्या विद्याधन व समाजवादी पेंशन योजना चलाई। ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति ने कहा कि समाजवादी पार्टी द्वारा फ्री सिंचाई, मुफ्त नलकूप जैसी योजनाएं चलाई गईं। नगर अध्यक्ष आशुतोष दुवे ने कहा कि समाजवादी पार्टी द्वारा लैपटॉप वितरण, लोहिया आवास जैसी योजनाएं चलाई गईं। इस दौरान महिला प्रकोष्ठ की विधान सभा अध्यक्ष सुधा सिंह राजावत, रामकुमार सैनिक प्रकोष्ठ, नवनीत कुमार दोहरे ब्लॉक सचिव, दुर्गेश दोहरे, लाल जी दोहरे, गुड्डू दोहरे, गंगाराम दोहरे, रिंकू आदि मौजूद रहे।

10 तक कर लें हॉट कुक्ड मील का सत्यापन

जिला पोषण समिति, कन्वर्जेन्स विभाग व आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र की समीक्षा बैठक में एडीएम ने दिए निर्देश

उरई (जालौन)

अमृत विचार : जिला पोषण समिति, कन्वर्जेन्स विभाग व आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र की समीक्षा बैठक अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें अपर जिलाधिकारी संजय कुमार द्वारा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के कार्यों व योजनाओं (आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, एनआरसी में बच्चों का संदर्भन, आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, अधिकारियों द्वारा हॉटकुक्ड मील योजना का सत्यापन, निरीक्षण व तीव्र अतिकुपोषित (सैम) बच्चों को दुधारु गाय उपलब्ध कराने) पर विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते अपर जिलाधिकारी। अमृत विचार

समीक्षा के दौरान समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रो का स्थलीय निरीक्षण करें और बच्चों के वजन की गुणवत्ता जांचें व सही मानक के अनुसार पोषण ट्रैकर पर फीडिंग कराएं। साथ ही समस्त मुख्य सेविकाएं प्रतिदिन क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों का गुणवत्तापूर्वक निरीक्षण करें। समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि हॉटकुक्ड मील योजना का संचालन नियमानुसार आंगनबाड़ी केंद्रों पर हो। जिलाधिकारी ने जनपद व ब्लॉकस्तरीय 106 अधिकारी हॉटकुक्ड मील योजना के सत्यापन के लिए नामित किया है। अधिकांश अधिकारियों द्वारा हॉट कुक्ड मील का सत्यापन भी किया गया है। जिन्होंने नहीं किया है, वह 10 फरवरी तक हॉट कुक्ड मील का सत्यापन कर लें। हॉट कुक्ड मील के सत्यापन के दौरान जो भी कमियां आंगनबाड़ी केंद्र पर पाई जा रही हैं, उन्हें संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी से सम्पर्क तक दूर करें और आंगनबाड़ी कार्यकत्री को प्रोत्साहित करें कि वह नियमानुसार आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को प्रतिदिन गर्म भोजन खिलाये। तीव्र अतिकुपोषित (सैम) श्रेणी के बच्चों में और अधिक सुधार कराए और आंगनबाड़ी कार्यकत्री व मुख्य सेविकाएं सैम बच्चों की निगरानी करें जिससे वह बच्चा दोबारा सैम श्रेणी में न आए। बैठक में परियोजना निदेशक, डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायती राज अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, गोद लिये आंगनबाड़ी हेतु नामित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी व समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

घर में घुसकर बेटी से छेड़खानी का आरोप, एसपी से की शिकायत

उरई (जालौन)

अमृत विचार: जनपद जालौन थाना सिरसा कलार क्षेत्र के ग्राम मघापुर निवासी एक महिला ने घर में घुसकर बेटी से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। उसने एसपी को शिकायती पत्र देकर गुहार लगाई है।

महिला ने बताया कि पति मजदूरी करने बाहर जाता हैं। गांव के ही रविंद्र चौधरी पुत्र लक्ष्मण 20 जनवरी को सुबह 11 बजे घर में घुस आया और 15 साल की बेटी जो कि घर में अकेली थी, उससे छेड़छाड़ करने लगा। मेरी बेटी ने जब विरोध जाताया तो आरोपी ने वीडियो वाइरल करने की और जिंदगी खराब करने की धमकी दी। आरोपी करीब एक महीने से पुत्री का गलत नियत से पीछा करता और गलत हरकतें करता है। हमारा घर खुला होने पर अपनी बगल की छत से मोबाइल से वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने की धमकी देता है। महिला ने बताया कि घटना की लिखित शिकायत सिरसाकलार थाने में की दरोगा ने विपक्षी से मिलकर धमकी दी कि अगर शिकायत कि तो पति को जेल भेज देगें। महिला का आरोप है कि 28 जनवरी को पुनः शिकायती पत्र थाने में दिया, इसके बाद भी आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित महिला ने एसपी को शिकायती पत्र देते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

बालू का परिवहन हुआ शुरू, आक्रोश

संवाददाता, कालपी

अमृत विचार : जनता के बिरोध के बाद भी बीच बस्ती से बालू का परिवहन शुरू हो गया है। बालूघाट संचालकों व प्रशासनिक जिम्मेदारों की मिलीभगत से शुरू हुए इस खेल से क्षेत्र के निवासियो में आक्रोश पनप रहा है।

शासन ने नगर के मोहल्ला तरीबुल्दा के पास यमुना किनारे खनन पट्टा जारी किया है जिन्होंने पुराने रेलवे पुल से कोतवाली रोड से बालू लदे वाहन निकालने के लिए रास्ता तैयार किया था लेकिन उक्त क्षेत्र की जनता ने दुर्घटना की आँशका व्यक्त कर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था जिसमे इस रास्ते से भारी वाहन न गुजारने का अनुरोध किया था जिसपर जनता को आश्वस्त किया गया था कि इस रास्ते से भारी वाहन नही निकलेगे लेकिन आश्वासन को दरकिनार कर बीच बस्ती से वालू का परिवहन गुरूवार से शुरू हो गया है । घाट सँचालको की इस कारनामे से क्षेत्र की जनता आक्रोशित हो गई है सूत्रो की माने तो दुर्घटना से आशंकित जनता ने वायु प्रदूषण भी फैलने की आशँका जताई हैं और जनता का यह आक्रोश सडक पर भी आ सकता है। समाजसेवी देशराज सलौनिया के अनुसार अगर इस क्षेत्र से वालू भरे भारी वाहन निकलना बन्द न हुए तो इस वीआईपी रोड की हालत ख़राब ही नहीं होगी बल्कि तहसील आने जाने वाले फरियादियो के अलावा नगर के मुहल्ला मनीगँज, रावगँज, गणेशगँज, रामगँज, सहित नगर की जनता को परेशानी होगी। इस सम्बन्ध में जब उपजिलिधिकारी हेमन्त पटेल से बात करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नही उठा है।

विरोध

▸▸ **ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को सौंपा था ज्ञापन, भारी वाहन न निकलने देने की उठाई थी मांग**

दुर्घटना हुई तो बिगड़ सकती है कानून व्यवस्था

घाट संचालक और प्रशासनिक जिम्मेदार भले ही जनता के बिरोध को कोई तवज्जो नही दे रहे हो लेकिन बीच बस्ती से भारी वाहन निकालने के दौरान कोई दुर्घटना हुई तो क्षेत्र की कानून व्यवस्था बिगड सकती है।

6 माह से लंबित प्रकरण की नहीं हो सकी जांच

संवाददाता, कालपी

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश सूबे की भाजपा सरकार शिकायतों के पारदर्शिता एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए लगातार हर संभव प्रयास कर रही है। विगत 1 जनवरी 2024 को गोरखपुर प्रवास पर सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने जनता दरबार लगाकर अधिकारियों को जनता की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं अविलंब निस्तारण हेतु निर्देशित किया था और हीला हवाली को अक्षम्य कार्यवाही की श्रेणी में माने जाने की चेतावनी भी दी थी परंतु जनपद जालौन के सबंधित अधिकारियों पर किसी के निर्देश का कोई असर होता नज़र नहीं आ रहा है। कालपी तहसील के अंतर्गत ग्राम मंगरौल के 8 ग्राम पंचायत सदस्यों द्वारा दी गई शिकायत को 6 माह बीत जाने के बाद भी जांच अधिकारी द्वारा जांच नहीं करना इस बात को हवा देता है।

बता दें कि विगत वर्ष 26 जुलाई 2023 को उक्त ग्राम के 8 ग्राम पंचायत सदस्यों ने सामूहिक रूप से जिलाधिकारी चांदनी सिंह को शपथ पत्रों के साथ शिकायती पत्र दिया था। शिकायती पत्र में ग्राम पंचायत सदस्यों अमित कुमार, दिनेश कुमार, ताराचंद, धीरेंद्र, गायत्री देवी, सुनील, सीमा देवी, अरुण आदि ने मासिक बैठक बिना सूचना दिए करना, सीसी निर्माण में मानकों के अनदेखी, हैंडपंप रिपेयरिंग में ग्रामवासियों को कोई सहयोग न करने, विधवा एवं निराश्रित महिला का कैटल सेट का भुगतान रोक दिए जाने, स्ट्रीट लाइट न होने के बाद भी फर्जी बिजली बिल का भुगतान, अतवल के खेत पर भूस्वामी के द्वारा डाली गई बंधी का फर्जी भुगतान प्रधान द्वारा किए जाने का आरोप लगाकर समस्याओं से संबंधित बिंदुओं की स्थलीय जांच हेतु आवेदन पत्र दिया था। इस शिकायती पत्रों पर कोई कार्यवाही न होने पर 1 महीने बाद शिकायतकर्ताओं द्वारा अनुस्मारक पत्र जिलाधिकारी कार्यालय में दिया गया। जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा एई को पत्र लिख दिया गया है। एक माह में समाधान कर दिया जाएगा।

विलंब होने से मनरेगा योजना में बदहाली का आलम

ग्राम मंगरौल के शिकायतकर्ता ग्रामीणों का कहना है कि जांच समिति की संवेदन शून्यता ही ग्राम विकास में बाधक सिद्ध हो रही है। शिकायती पत्रों में आवश्यक कार्रवाई न होने से मनरेगा से संबंधित कार्य खुलेआम जेसीबी मशीनों द्वारा कराए जा रहे हैं। दिन और रात में जेसीबी गरज रही है पिछले दिनों द्वारकापुरी तालाब जो कि अमृत सरोवर योजना में चयनित है। तालाब में जेसीबी मशीन द्वारा खुदाई करने का वीडियो भी वायरल हुआ था। मनरेगा कार्यो की स्थिति इतना बदहाल रूप ले रही है की जेसीबी द्वारा कार्य को अंजाम देकर फर्जी मजदूरों की मस्टररोल भरकर सरकारी धन का बंदरबांट ग्राम में चर्चा का विषय है। ऐसे में जिम्मेदार अधिकारियों का उदासीन रवैया ऐसे प्रकरण में मौन सहमति देता प्रतीत होता है।

मुहाना के जंगल में एक किमी क्षेत्र में लगी आग

उरई(जालौन)

अमृत विचारः तहसील क्षेत्र के मुहाना गांव के पास स्थित जंगल से आग लग गई, आग धीरे धीरे जंगल में फैलने लगी। आग की लपटे और धुआं उठते देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने के लिए पानी डाला मगर बढ़ती लपटे देख वन विभाग के साथ दमकल कर्मियों को सूचना दी, जो आग पर काबू पाने में जुटे है, यह आग मुहाना के जंगल में लगभग ड एक किलो मीटर के दायरे में फैली हुई है। बताते चले कि डकोर कोतवाली क्षेत्र के मुहाना के जंगल का है। जहां दोपहर के वक्त अचानक जंगल में आग लग गई, इस आग पर ग्रामीणों ने काबू करने का प्रयास किया, लेकिन लपटें कम होने की जगह और तेज होती चली गई, इससे इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने डकोर कोतवाली सूचना दी। पुलिस ने वन विभाग और दमकलकर्मियों को घटना के बारे में अवगत कराया जिसके बाद वन विभाग की टीम तो मुहाना पहुंच गई लेकिन रास्ता ठीन न होने से दमकल की गाड़ियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। एक गाड़ी पहुंच सकी और आग बुझाने में जुटी है। धुआं और लपटों को देख ग्रामीण दहशत में हैं। यह आग करीब एक से डेढ़ किमी. के दायरे में फैली हुई है। डकोर इंस्पेक्टर राजेश पाल सिंह का कहना है दमकल की ज्यादा से ज्यादा गाड़ियां जल्द पहुंचने का प्रयास कर रही है। जानमाल का कोई नुकसान नहीं है।

आग लगने से जंगल में उठ रहा धुआं। अमृत विचार

पीस कमेटी की बैठक में किया गया विचार-विमर्श

माधौगण, जालौन, अमृत विचार : माधौगण कोतवाली परिसर में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रजनेश कुमार चौहान की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव, त्योहार, व ज्ञानवापी को लेकर फेसले को लेकर गुरुवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रजनेश सिंह चौहान ने वहां उपस्थित भाजपा के पदाधिकारियों, व्यापारियों, मुस्लिम धर्मगुरुओ व क्षेत्रीय नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक कराने में अपना सहयोग करें। त्योहारों को शांतिपूर्वक बनाएं। व्यापारियों को संबोधित करते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि सभी व्यापारी अपनी दुकानों व मेन रोड की तरफ सीसीटीवी लगवाएं। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष राघवेंद्र व्यास, सभासद बंटू उर्फ बनवारी लाल, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, पत्रकार मोनू शर्मा सुरेंद्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

सद्भावपूर्ण त्योहार मनाने की अपील की

कालपी, अमृत विचार : नगर के साम्प्रदायिक सौहार्द को लेकर गुरुवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ। इसमें लोगों से नगर के माहौल को सद्भावपूर्ण बनाए रखने की अपील की गई।

बैठक में मौजूद विभिन्न धर्मों के लोगों से नगर के साम्प्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने की अपील की गई। कोतवाली प्रभारी कामता प्रसाद ने कहा कि कानून व्यवस्था बिगड़ने का असर आम जनता पर पड़ता है, इसलिए जनहित में व्यवस्था बनाए रखना पुलिस के साथ लोगों की भी जिम्मेदारी है। ऐसे माहौल से नगर व क्षेत्र की आमशोहरत भी बिगड़ती है जिसका दंश लोगों को वर्षों झेलना पड़ता है। इस मौके पर दोनों धर्मों के जिम्मेदार नागरिकों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि नगर का माहौल नहीं बिगड़ने देंगे। इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष कमर अहमद, सपा नेता शिववालक सिंह यादव, पूर्व बार संघ अध्यक्ष रामकुमार तिवारी आदि रहे।

शांति समिति की बैठक लेते पुलिस अधिकारी।

सार-संक्षेप

संविधान व आरक्षण खत्म करना चाहती है भाजपाः दीपराज

पीडीए जन चौपाल को संबोधित करते सपा के जिला अध्यक्ष व मौजूद अन्य।

उरई(जालौन), अमृत विचार : भाजपा संविधान व आरक्षण खत्म करना चाहती है, इसलिए तरह-तरह के फंडे अपनाकर हर हाल में सत्ता हासिल करने की युक्ति अपना रही है। ये बात समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने गुरुवार को नदीगांव ब्लॉक के गांव क्योलारी में पीडीए जन चौपाल के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि मौजूदा भारतीय जनता पार्टी की सरकार में भेदभाव पूर्ण और नफरत फैलाने वाले काम चल रहे हैं। पूरे तानाशाही रवैया से लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई जा रही है। सरकार में बैठे जिम्मेदार लोग एक देश के प्रतिनिधि के रूप में काम न करके स्वयंभू बनकर काम कर रहे हैं। जहां एक ओर आम जनमानस महंगाई और बेरोजगारी की मार से त्राहिमाम त्राहिमाम मचा रहा है। वहीं दूसरी ओर देश के दो चार अमीर घराने के लोग देश में लूट पाट कर खुशियां मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की नियति संविधान और आरक्षण खत्म करने की है इसीलिए देश को निजीकरण की ओर ले जा रहे हैं। यदि संविधान को बचाना है और अपने आरक्षण को सुरक्षित रखना है तो लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा का सूपड़ा साफ करने का संकल्प लेना होगा।

सद्भाव बनाए रखने को हुई शांति समिति की बैठक

रामपुरा, जालौन, अमृत विचार : रामपुरा थाने में गुरुवार को एसएचओ भीमसेन पोनियां की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें सभी वर्गों के लोगों से सामाजिक सद्भावना बनाए रखने की अपील की गई। इस दौरान जगम्मनपुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक विनोद कुमार सिंह, प्रज्ञादीप गौतम प्रधान जगम्मनपुर, नरसिंह सेंगर प्रधान गुढा, मनोज सिंह प्रधान भिटौरा, सत्येंद्र राठौर प्रधान हिम्मतपुर, भानुप्रताप सिंह प्रधान उदोतपुरा जागीर, अंकित सेन, हाजी सब्बीर अली, गोपी प्रजापत, यूनिस खां, नबाबसिंह बेनीपुरा, अब्दुल सत्तार, मुहम्मद खुर्शीद, बृजेश पंचायत सहायक, योगेश मीडिया आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

बाबू बनवारीलाल एडवोकेट की 115वीं जयंती मनाई

जयंती समारोह को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

उरई (जालौन), अमृत विचार : स्व. बाबू बनवारी एडवोकेट की आज गुरुवार को नगर पालिका परिषद उरई के सभागार में 115वीं जयंती समारोह मनायी गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में का. राधेलाल गुप्ता, जिला बार संघ के अध्यक्ष श्रीवास्तव, पूर्व मंत्री बृजेन्द्र सिंह कुशवाहा, नगर पालिका प्रतिनिधि विजय चौधरी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण मेहरोत्रा पूर्व विधायक कालपी ने की ।बाबूजी नगर पालिका के प्रथम नगर अध्यक्ष के अलावा विभिन्न पदों पर आसीन रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक बृजेंद्र सिंह ने कहा कि जनपद बहुमती प्रतिभा के धनी बाबू बनवारी लाल एडवोकेट रहे। जयंती समारोह को श्याम बाबू बाथम, आदित्य मिश्रा, गिरीश श्रीवास्तव अध्यक्ष बार संघ जालौन, नीलम श्रीवास्तव, राकेश कुमार आदि वक्ताओं ने भी संबोधित किया। संचालन शरद कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट ने किया। आयोजन नरेंद्र सिंह गुर्जर ने किया।

मिलावटी खाद्य पदार्थों की ब्रिकी के 39 वाद किए निस्तारित

उरई (जालौन), अमृत विचार : अपर जिलाधिकारी ने मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री से संबंधित 39 वादों का निस्तारण किया है। सहायक आयुक्त (खाद्य-द्वितीय) अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ. जतिन कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्ग मिलावटी खाद्य पदार्थों की ब्रिकी करने वाले 39 वादों का निस्तारण कर खाद्य कारोबारकर्ताओं पर 25 लाख 57 हजार 500 रुपये का अर्थदंड लगाया। यह कार्रवाई जनवरी 2024 में मिलावटी सामान बेचने और बिना लाइसेंस करोबार करने पर की गई है। बिना लाइसेंस कारोबार करने पर गांधी नगर, उरई निवासी नारायण दास पर 50 हजार रुपये, सुमित यादव निवासी राजेंद्र नगर के 3 नमूनों पर 2 लाख 90 हजार, विक्रेता धर्मेंद्र पुत्र मनका वृंदावन सोसाइटी उरई पर 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। इसके अलावा भी कई फर्मों व खाद्य पदार्थ विक्रेताओं के वाद निस्तारित कर जुर्माना लगाया गया है।

शेल्टर होम के सामने लगा कूड़े का ढेर, लोग परेशान

कालपी, अमृत विचारः कालपी नगरपालिका द्वारा स्वच्छ भारत मिशन को दरकिनार कर सार्वजनिक स्थान पर कूड़े का अंबार लगाया जा रहा है। इससे लोग परेशान हैं।

कालपी नगर के मोहल्ला आलमपुर स्थित आश्रय गृह के ठीक सामने नगर पालिका द्वारा कई माह से कूड़े के ढेर लगाया गया है। मोहल्ले के निवासी एक युवक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि 6 माह से कई मोहल्लों से नगरपालिका की गाड़ियों में कूड़ा भरकर यहां फेक दिया जाता है जिस कारण यहां इतनी भारी मात्रा में कूड़ा एकत्रित हो गया है जबकि सामने आश्रय ग्रह है जिसमें यात्री आकर रुकते हैं। चंद कदम की दूरी पर मां वनखण्डी देवी मंदिर है, बावजूद इसके जिम्मेदारों को कोई फर्क नहीं पड़ता। इस मामले में नगर पालिका के लिपिक एवं सफाई व्यवस्था का दायित्व संभाल रहे शिशुपाल यादव ने बताया कि जल्द ही वहां से कूड़ा हटवाया जाएगा।

आश्रय गृह के सामने लगा कूड़े का ढेर।

राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मार्च को

उरई (जालौन), अमृत विचारः प्रभारी सचिव एवं सिविल जज सीनियर डिवीजन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गजेंद्र सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को प्रातः 10:00 बजे से जनपद की सभी दीवानी न्यायालयों में किया जाएगा। जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह के दिशा-निर्देशन में इस राष्ट्रीय लोकअदालत में दीवानी, राजस्व, मोटरवाहन दुर्घटना और पारिवारिक, वैवाहिक, दाम्पत्य विवाद से संबंधित वादों, श्रम वाद, विद्युत व जल के बिल से संबंधित वादों, शमनीय दंड, मोटरदुर्घटना प्रतिकर वादों आदि का निस्तारण किया जाएगा।

बिजली विभाग में भ्रष्टाचार पर जताया विरोध

उरई (जालौन)

अमृत विचार : बिजली विभाग में फैले भ्रष्टाचार एवं अव्यवस्थाओं लेकर आज गुरुवार को जन संघर्ष मोर्चा के दर्जनों लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर इस व्यवस्था के विरोध में परिसर में धरना दिया। बाद में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को भेंटकर बिजली विभाग की मजिस्ट्रेट जांच करवाये जाने की मांग उठाई।

इस मौके पर प्रमुख रूप से जन संघर्ष मोर्चा के संयोजक गिरेन्द्र सिंह कुशवाहा, वरिष्ठ पत्रकार के. पी. सिंह, चौधरी जयकरन सिंह, पूर्व विधायक संतराम कुशवाहा, पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत, का. विजय सिंह कुशवाहा, जयदेव सिंह यादव, का. देवेंद्र शुक्ला, का. विनय पाठक, कमल दोहरे, अशोक गुप्ता, कयूम करीमी, लाखन सिंह कुशवाहा सहित दर्जनों लोगों मौजूद रहे। ज्ञापन भेंट करते हुए बताया कि विद्युत व्यवस्था आज के समय में सर्वाधिक जन उपयोगी सेवाओं में से एक हो चुकी है जिसमें जिले में भीषण अव्यवस्था व भ्रष्टाचार व्याप्त है। विद्युत कनेक्शन के लिए उपभोक्ता आवेदन कर देते हैं लेकिन सुविधा शुल्क न मिलने तक महीनों उनका कनेक्शन नहीं किया जाता। ज्ञापन के माध्यम से मांग उठाई कि बिजली विभाग में फैले भ्रष्टाचार की मजिस्ट्रेट जांच करवाई जाए।

सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते जन संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी। अमृत विचार

आस्था ग्राम खल्ला में कलश यात्रा व गणेश पूजन के साथ हुई श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की शुरुआत

मनुष्य के जीवन में सुखों का संचय करने वाली होती है श्रीमद्भागवत कथा

संवाददाता, जालौन

अमृत विचार : ग्राम खल्ला में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की शुरुआत गुरुवार को कलश यात्रा व गणेश पूजन के साथ हुई। इस दौरान गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैंकड़ों की संख्या में भक्तों ने भाग लिया।

महेबा क्षेत्र के ग्राम खल्ला में जय मां वैष्णो देवी मंदिर पर श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसकी शुरुआत गुरुवार को कलश यात्रा के साथ हुई। प्रातः काल शुभ मुहूर्त में कलश यात्रा का कथा स्थल से प्रांरभ हुई जो गांव के विभिन्न मोहल्लों और प्रमुख धार्मिक स्थलों से होते हुए पुनः कथा स्थल पर पहुंची। कथाव्यास मानस माणि पूजा तिवारी की अगुवाई में निकली गई शोभायात्रा में महिला व पुरुष भक्त बैंड-बाजों की धुन पर जय श्रीराम की जयकारे लगाते हुए झूमकर चल रहे थे। कथा स्थल पर शोभा यात्रा पहुंचने के बाद कथा व्यास ने गणेश पूजन कराया। पारीक्षित अच्ना देवी, अभिषेक याज्ञिक, सावित्री देवी, गजेंद्र सिंह चौहान ने पूजन कर अपने पूर्वजों का आह्वान किया। गणेश पूजन के साथ कथा की शुरुआत की गई जिसमें कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य के जीवन में सुखों का संचय करने वाली होती है। पूरे मनोयोग के साथ कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य जीवन में चमत्कारिक परिवर्तन हो सकते हैं। कथा सुनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। श्रीमद्भागवत में तमाम ऐसी कथाएं हैं जो हमें प्रेरणा देती और कलयुग में जीवन को कलात्मक ढंग से जीने का मार्ग प्रशस्त करती है। इस मौके पर श्रीश्री 108 महंत आनंददास महाराज ने भक्तों को आशीर्वाद दिया। कलश यात्रा में मुलायम सिंह चौहान, ठेकेदार कैलाश विश्वकर्मा खल्ला, उदय फौजी खल्ला, संदीप आदि रहे।

कलश यात्रा में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

जिसने की तपस्या, वह बना प्रभु का भक्त

माधौगढ़, अमृत विचार : तहसील माधौगढ़ के मंडी परिसर में संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के आयोजन में विष्णु स्वामी ने भक्तों को सती व ध्रुव चरित्र को सारगर्भित ढ़ग से बताया। उन्होंने बताया कि भक्त ध्रुव को सौतेली मां से तमाम यातनाएं मिली, उसे पिता की गोदी से हटाया गया। ध्रुव ने प्रभु को पाने के लिए कठोर तपस्या की, अंत में उन्हें प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। कथावाचक ने सुनीति और सुरिचि की कहानी को महिला भक्तों के प्रति परोसते हुए कहा कि संसार में मां का दर्जा बहुत ही बड़ा है। उन्होंने कहा कि भगवान सब देख रहा है, वह सभी को उसके किए का फल हर हाल में देता है। इस दौरान पारीक्षत बाबूराम शिवहरे, गनेशी देवी शिवहरे, संतोष शिवहरे, रामसेवक शिवहरे उर्फ मुन्ना, अनिल शिवहरे, मनोज शिवहरे, संतोष शिवहरे, राहुल, अंकित, देवेंद्र शिवहरे लल्ला भैया शिवहरे, विनोद शिवहरे, मोहित, पंडित जगदीश वैष्णव, गिरजा शंकर, शुभम मिश्रा, जगमोहन शास्त्री, सुनील, शिवम कुमार संजीव आदि मौजूद रहे।

कथा वाचक विष्णु स्वामी।

सोते समय ईंट से कूंचकर फोटोग्राफर की हत्या

इंद्रानगर में हुई घटना से मचा हड़कंप, साथी युवक ने प्रताड़ना से तंग आकर दिया घटना को अंजाम

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- आरोपी ने ही पुलिस को दी सूचना, भाई ने लिखाई रिपोर्ट
- एसपी समेत अन्य अधिकारियों ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

अमृत विचार। साथी युवक ने प्रताड़ना से तंग आकर फोटोग्राफर की सोते समय ईंट से कूंचकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद ही पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दे दी। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाल समेत एसपी भी पहुंच गए और मौके का निरीक्षण किया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर हिरासत में ले लिया है।

शकील।

कस्बे के इंद्रानगर निवासी शकील उर्फ मुन्ना (50) पुत्र मेंहदी हसन फोटोग्राफी का काम करता था। वह घर पर अकेला रहता था। बुधवार की रात करीब 10 बजे वह घर में सो रहा था। उस दौरान ईंट से कुचलकर हत्या कर दी गई। गुरुवार की सुबह घटना की खबर से मोहल्ले मे सनसनी फैल गई। जानकारी होते ही कोतवाल विजय सिंह मौके पर पहुंचे तो मृतक के घर के दरवाजे अंदर से बंद थे। उन्होंने किसी तरह से दरवाजा खुलवाया और घटना स्थल का निरीक्षण किया। एसपी अमित कुमार आनंद ने घटना स्थल का निरीक्षण कर लोगों से जानकारी ली। मृतक के भाई शराफत अली ने आरोपी डम्मरपुर गांव निवासी अमित गौतम पुत्र लक्ष्मीनारायण के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

घटना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक अमित आनंद। अमृत विचार

आरोपी ने ही पुलिस को पहले घटना की सूचना दी थी। इस पर पुलिस उसके साथ मृतक के घर आई। उसने कोतवाल को बताया कि दो लोग उसके घर आए और उसकी कनपटी पर तमंचा लगाकर शकील की ईंट से हत्या करके छत से फरार हो गए। पुलिस को उसकी बात हजम नहीं हुई क्योंकि हत्या के समय वह अंदर था और फिर बाहर आ गया। इसके बाद भी घर का दरवाजा अंदर से बंद ही रहा। पुलिस ने कड़ाई की और मोहल्ले मे लगे सीसीटीबी फुटेज भी चेक किए तो आरोपी छत के रास्ते से मकान के बाहर निकलते दिखाई दिया। पुलिस ने जब पूछताछ की तो उसने हत्या की बात कबूल की। कोतवाल विजय सिंह ने बताया कि आरोपी ने हत्या करने के बाद पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की पर वह सफल नहीं हो सका। मुन्ना फोटोग्राफर और उसकी पत्नी से विवाद आठ साल पहले हो गया था। पति से परेशान होकर पत्नी उसे छोडकर चली गई थी। तब से वह घर पर अकेले रहता था।

साथ ही करता था फोटोग्राफी

तिर्वा, कन्नौज। आरोपी अमित फोटोग्राफर मुन्ना के साथ काफी दिन से फोटोग्राफी का काम करता था। मुन्ना ने कोई दुकान नहीं की थी। आरोपी ने बताया कि शकील कुकर्म का दबाव बनाकर उसे आए दिन प्रताड़ित करता रहता था। बुधवार की रात भी उसने इसी तरह से प्रताड़ित किया था। आक्रोशित होकर उसने पास में रखा से ईंट से हमलाकर उसकी हत्या कर दी।

पुलिस ने बैग से बरामद की हत्या में प्रयुक्त ईंट

तिर्वा, कन्नौज। फोटोग्राफर की हत्या के बाद आरोपी ने उस ईंट को एक बैग मे डालकर दीवार के नीचे छिपा दिया। इसके बाद सूचना देने थाने आ गया था। पुलिस ने पूछताछ के बाद हत्या में प्रयोग की गई ईंट को बरामद कर लिया। पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज देखे तो आरोपी बैग में कैमरा लेकर छत के जरिए नीचे आता दिखाई दिया।

लापता युवक का शव फंदे से लटका मिला

तिर्वा, कन्नौज। खेत पर खड़े पेड़ पर युवक का शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक 24 घंटे से लापता था।

थाना ठठिया के तिलसरा गांव निवासी मुकेश (35) पुत्र मन्नीलाल बुधवार को गांव के पास पेट्रोल पंप पर डीजल लेने गया था। दिन भर जब वह नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोज शुरू कर दी। गुरुवार की सुबह लापता युवक की खोजबीन चल रही थी कि खेतों की ओर गए ग्रामीणों ने उसका शव पेड़ पर फंदे से लटका देखा। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई हरमोहन सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष अजय कुमार आवस्थी ने बताया कि फौती सूचना के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

मुकेश।

कोर्ट ने पत्नी की हत्या में पति को दोषी करार दिया

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- ग्यारह साल पहले पत्नी की गला दबाकर की थी हत्या

अमृत विचार। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर दस यज्ञेश चंद्र पांडे ने पत्नी की गला दबाकर की गई हत्या के ग्यारह साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए पति को दोषी करार दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई 13 फरवरी को होगी।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि चौबिया थाना के गांव मुकुंदपुरा निवासी सुरेश चंद्र यादव ने सिविल लाइन थाने में लिखाई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसने पुत्री मंजू की शादी 17 साल पहले चतुरीपुरा थाना किशनी हाल पता शांति कालोनी मैनपुरी फाटक निवासी सुनील यादव पुत्र ओम प्रकाश के साथ की थी। शादी के बाद से सुनील मंजू के साथ मारपीट करता था। उसे समझाने का भी प्रयास किया गया लेकिन वह बाज नही आया। कोर्ट में घरेलू हिंसा का भी मामला चल रहा था। 12 दिसम्बर 2012 को सुनील ने मंजू की गला दबाकर हत्या कर दी। जब उसने जानकारी मिली तो वह मौके पर पहुंचा और अपनी पुत्री को जीवित समझकर अस्पताल ले गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति सुनील व ससुर ओम प्रकाश के खिलाफ हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। बाद में पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए। बाद में उन्हें जमानत मिल गई। मामले की सुनवाई के दौरान ससुर ओम प्रकाश की मौत हो गई।

मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर दस में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने पति सुनील को हत्या का दोषी पाते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 13 फरवरी को सुनवाई की जाएगी।

लोकसभा में फिर गूंजी पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग

बांदा। लोकसभा चुनाव से पहले अलग बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग तेज होने लगी है। इसी क्रम में हमीरपुर-महोबा लोकसभा क्षेत्र के सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने एक बार फिर सदन में बुंदेलखंड अलग राज्य का मुद्दा उठाया है। चित्रकूटधाम मंडल के लोगों ने सांसद के इस कार्य की सराहना की है। सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने एक बार फिर सदन में बुंदेलखंड राज्य की मांग उठाई। सांसद ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बुंदेलखंड का चहुमुखी विकास किया जा रहा है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे, केन-बेतवा रिवर लिंकिंग प्रोजेक्ट, अटल भूजल योजना, हर घर नल, डिफेंस कारिडोर, गौपालकों को मासिक आर्थिक मदद योजना से बुंदेलखंड के लोगों के जीवन में खुशहाली आ रही है। लेकिन बुंदेलखंड अलग राज्य बनाने की जनता की मांग आजादी से पहले से रही है और इस मांग को व्यापक जनसमर्थन भी है। यह मांग प्रमुख रूप से विकास पर आधारित है। पृथक राज्य बन जाने से अन्य राज्यों की तरह पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। बुंदेली भाषा अभी तक संविधान की आठवीं सूची में शामिल नहीं हो पाई है। गौरतलब है कि इसके पूर्व बांदा-चित्रकूट सांसद भी सदन में पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग कर चुके हैं। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनन्द स्वरूप द्विवेदी ने बताया कि सांसद की पृथक बुंदेलखंड राज्य बनाने के लगातार प्रयासों से यह संभावना जग उठी है कि बुंदेलखंड राज्य जल्दी बन जाये।

दिवंगत सिपाही की पत्नी को सौंपा चेक

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार: तकरीबन सवा साल पहले ड्यूटी के दौरान जीआरपी में हेड कांस्टेबिल पद पर तैनात सिपाही की कानपुर के सजेती में सड़क हादसे में मौत हो गई थी। आरक्षी के सड़क हादसे में अकाल मौत के बाद दुर्घटना बीमा का लाभ देते हुए बैंक आफ बड़ौदा ने पुलिस सैलरी पैकेज के तहत 75 लाख रुपये का चेक सौंपा। एसपी ने जीआरपी थाने में दिवंगत सिपाही की पत्नी को 75 लाख रुपये का चेक सौंपते हुए हर संभव मदद किए जाने का भरोसा दिया। कानपुर के नौबस्ता निवासी जीआरपी मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार यादव पुत्र गंगा सागर यादव की नियुक्ति जीआरपी बांदा में तीन जुलाई 2022 को हुई थी। ड्यूटी के दौरान मुख्य आरक्षी की तीन सितंबर 2023 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। आरक्षी का बैंक खाता बांदा शहर की कालूकुआं शाखा में पुलिस सैलरी पैकेज के तहत खुला हुआ था। बैंक आफ बड़ौदा ने दुर्घटना बीमा का लाभ देते हुए 75 लाख रुपये का चेक उपलब्ध कराया। गुरुवार को एसपी जीआरपी विपुल कुमार श्रीवास्तव बांदा पहुंचे और मुख्य आरक्षी की पत्नी कल्पना यादव को एसपी और इंसपेक्टर नवेंदु शेखर अग्निहोत्री, बैंक आफ बड़ौदा फतेहपुर क्षेत्र के उप क्षेत्रीय प्रमुख पुनीत श्रीवास्तव, आरबीडीएम महेंद्र श्रीवास्तव और बैंक आफ बड़ौदा कालूकुआं शाखा प्रमुख अभिषेक सिंह चौहान ने 75 लाख रुपये का चेक सौंपा। चेक मिलते ही आरक्षी की पत्नी फफक कर रो पड़ी। जीआरपी एसपी ने कहा कि जीआरपी हमेशा मृतक परिवार के साथ है। हर संभव मदद की जाएगी।

पडुई ने बहमनपुर को आठ रनों से हराया

कुरारा(हमीरपुर)।

विकासखंड क्षेत्र के पडुई गांव में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में पडुई ने सुपर ओवर में बहमनपुर को 8 रनों से हराया। दूसरे मैच में कंडौर ने कुरारा को 5 विकेट से हराया। पडुई गांव में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को पडुई व बहमनपुर के बीच 12 ओवर का मैच खेला गया। जिसमें बहमनपुर ने पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 6 विकेट होकर 62 रन बनाए। मैदान में उतरी विपक्षी टीम पडुई ने 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 62 रन बनाए। जिससे मैच बराबरी पर हो गया। इसके बाद सुपर ओवर खेला गया, जिसमें बहमनपुर ने 2 रन बन सकी। जबकि पडुई की टीम ने 10 रन बनाए और 8 रनों से जीत हासिल की। अमित को मैन आफ द मैच मिला। दूसरा मैच कंडौर व कुरारा के बीच 8 ओवर का मैच खेला। जिसमें कुरारा ने पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 5 विकेट खोकर 68 रन बनाए। जबकि विपक्षी टीम कंडौर ने 8 ओवर में 5 विकेट खोकर 75 बनाकर 5 विकेट से मैच जीत लिया। सलमान को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार मिला। इस मौके पर ग्राम प्रधान अमित कुमार निषाद, शशि कुमार आदि मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत गौहानी कला विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट

निविदा

विकास खंड पहाड़ी अन्तर्गत ग्राम पंचायत गौहानी कला में मनरेगा योजना अन्तर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के पांच दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी। **दिनांक 9/2/2024से 13/2/2024**

क्र0सं0	कार्य	लागत	धरोहर राशि	निविदा राशि
1	गडवारा सम्पर्क मार्ग से कल्लूराम के घर तक इंटर लाकिंग व नाली निर्माण	4लाख 95 हजार 1 सौ 12 रुपये	9900	500

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गौहानी कला,
विकास खंड- पहाड़ी, चित्रकूट

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत गौहानी कला,
विकास खंड- पहाड़ी, चित्रकूट

कार्यालय ग्राम पंचायत कोठिलिहाई, विकास खंड मानिकपुर चित्रकूट

निविदा

विकास खंड मानिकपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोठिलिहाई में सासंद निधि योजना अन्तर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के तीन दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी। **दिनांक 9/2/2024से 13/2/2024 तक**

क्र0सं0	कार्य	लागत	धरोहर राशि	निविदा राशि
1	मेघराज के घर के सामने से माताबदल के घर की ओर इंटर लाकिंग निर्माण	5 लाख	10000	500

रामसिंह, ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कोठिलिहाई
विकास खंड- पहाड़ी, चित्रकूट

संगीता देवी, सचिव
ग्राम पंचायत कोठिलिहाई
विकास खंड- पहाड़ी, चित्रकूट

कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 1605/न0पा0प0–राठ/म्यु0सू0/2023–24 दिनांक 01.02.2024
सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र0 सं0	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार
1	श्रीमती चन्दावती सोनी पत्नी जवाहरलाल सोनी	श्री परवेज खॉ पुत्र सहीद खॉ	सिकन्दरपुरा –3	05	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ – हमीरपुर

संदिग्ध अवस्था में विवाहिता की मौत

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

अमृत विचार। संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो गई। उसके मायकेवालों ने पति, सास-ससुर, देवर और ननद सहित नौ लोगों पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मलाक हरहर, फाफामऊ, प्रयागराज निवासी जवाहर लाल पटवा ने बताया कि उसने अपनी बेटी खुशबू की शादी बीते साल दस फरवरी को राहुल देववंशी पुत्र रणजीत निवासी जमुना गली मऊ से की थी। उसका कहना है कि जब शादी हो रही थी, तभी ससुरालीजनों ने पांच लाख रुपये, बुलेट बाइक, सभी घरेलू उपकरण आदि भारी मात्रा में सामान दहेज में मांगा था। पर रिश्तेदारों के समझाने पर डेढ़ लाख रुपये और एक गाड़ी आदि तय हुआ और शादी संपन्न हुई थी। उसने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ससुराली उसकी बेटी को दहेज के लिए मारतेपीटते थे। जब ज्यादा मारपीट देते तो दामाद यह कहकर मायके छोड़ जाता कि इसकी वहां जरूरत नहीं है। बताया कि उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराने से भी उसकी बेटी मना करती रही। दस फरवरी को उसने अपनी छोटी बेटी की शादी की तो दहेज का सामान देखकर राहुल नाराज हो गया था। इस पर उसके बड़े बेटे ने कहीं से इंतजाम कर राहुल को तीन लाख रुपये दिए। आरोप लगाया कि इसके बाद भी मारपीट का सिलसिला बंद नहीं हुआ और सात फरवरी को इन लोगों ने मारपीट कर उसकी हत्या कर दी। एसओ राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि पति राहुल, पिता रणजीत, सास शिवकुमारी, देवर शिवम और पांच ननदों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

तीर्थक्षेत्र में सड़क हादसे में दो घायल

सीतापुर (चित्रकूट)। तीर्थक्षेत्र में आरटीओ चेक पोस्ट के पास गुरुवार को सड़क दुर्घटना में बाइकसवार दो लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि बाइक में किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे महिला और पुरुष घायल हो गए। पुलिस ने इनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां में भर्ती कराया। दोनों कोठी (मप्र) के पतेरिया के निवासी बताए जाते हैं।

चित्रकूट में सड़क हादसों में चार की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

चित्रकूट कार्यालय

अमृत विचार। अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में मृतकों के परिजनों के विलाप से माहौल गमगीन हो गया। रैपुरा थानांतर्गत इटवां गांव निवासी हरिश्चंद्र सोनकर (28) पुत्र फूलचंद्र अपने रिश्तेदारों खुश्बू (20) पुत्री सुंदर और दशरथ सोनकर (20) पुत्र बब्बू के साथ बुधवार को बाइक से जा रहा था। देर शाम ब्यूर गांव के पास हाईवे पर किसी वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों छिटककर दूर जा गिरे। इनको जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां तीनों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उधर, एक अन्य हादसे में द्वारिकापुरी पुरानी बाजार कर्वी निवासी बैट्री व्यवसायी सुरेंद्र जायसवाल (40) पुत्र सुखराम जायसवाल को एक स्कार्पियो चालक ने बेतरतीब वाहन चलाते हुए उस समय टक्कर मार दी, जब वह शाम को पंजाब नेशनल बैंक ईंटा मंडी के पास सड़क किनारे खड़ा था। सुरेंद्र को भी जिला अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों का आरोप है कि स्कार्पियो चालक नशे में था और उसने जानबूझकर सुरेंद्र पर स्कार्पियो चढ़ाई है। इनका कहना था कि वह इस संबंध में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराएंगे। सुरेंद्र के रिश्तेदार पप्पू ने बताया कि चालक अजय मिश्रा ने जानबूझकर टक्कर मारी है। पुलिस चालक को कोतवाली ले गई थी। उधर, फतेहगंज रोड में दिनेश कुमार गर्ग पुत्र राजकुमार की साइकिल को बोलेरो ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। तीन-तीन हादसों में मृतकों और घायल के परिजनों के विलाप से अस्पताल में हर आंख नम हो गई। पुलिस अधिकारी और जनप्रतिनिधि पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया।

अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने के दिए निर्देश

समीक्षा बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी मृदुल चौधरी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता की उपस्तिथि में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने जनपदीय पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों, थाना शाखा प्रभारियों के साथ अभियोजन अधिकारियों से अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी के सम्बन्ध में विभिन्न निर्देशों की समीक्षा की तथा महिला व बच्चों से जुड़ी शिकायतों पर अत्यंत गंभीरता बरतने व अपहृताओं की बरामदगी जल्द करने के लिए निर्देश दिये। इसके साथ ही जनपद में घटित घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने जनशिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने अवैध शराब, जुआ के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने, पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी सतर्कता का निरीक्षण करने आदि के संबंध में निर्देश दिए। आईजीआरएस से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने एवं आईजीआरएस के आवेदकों से स्वयं वार्ता करके फीडबैक लेने के निर्देश दिये।

सड़क दुर्घटनाओं को रोके जाने के बावत अधिकारियों ने की मंत्रणा

महोबा

अमृत विचार। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोके जाने के बावत विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणो को रोकने के उपाय के संबंध में अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटना बाहुल्य स्थानों को चिन्हित करते हुए हाईवे से जोड़ने वाली अन्य सड़कों पर हाईवे से पहले स्पीड ब्रेकर बनवाए जाएं ताकि आने वाले वाहन की गति धीमी हो सके। सड़क दुर्घटना में संभावित ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए शाइन बोर्ड लगवाए जाए। जिलाधिकारी ने डीआईओएस को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूलों में ट्रैफिक नियमों की जन-जागरुकता गोष्ठी आयोजित कर जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा साथ में 5 मिनट का बच्चों को यातायात नियमों के बारे में वीडियो दिखाया जाए, जिससे बच्चे यातायात नियमों के प्रति जागरूक हो सके। उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूल में वाहनों की गहन चेकिंग की जाए तथा सभी स्कूल वाहनों की शत-प्रतिशत फिटनेस, बीमा, कागज आदि को चेक किया जाए। क्षमता से अधिक बच्चों को न बिठायें। बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों तथा पुराने स्पीड ब्रेकरों की मरम्मत कराएं और रिफ्लेक्टर एवं संकेतक लगाने आदि की कार्रवाई समय से करना सुनिश्चित करें।उन्होंने यातायात प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि सघन चेकिंग अभियान चलाकर प्रतिदिन चेकिंग की जाए तथा हेलमेंट, सीट बेल्ट के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम,अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग, समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, राम जी गुप्ता, दाऊ तिवारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

पापों से मुक्ति दिलाती है भागवत कथा : मुक्तानंद

सुमेरपुर(हमीरपुर)। ब्रह्मलीन संत स्वामी स्वरूपानंद महाराज की स्मृति में देवगांव के मां कामाख्या देवी मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों के सहयोग से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन भव्य शोभायात्रा के साथ किया गया। कथावाचक स्वामी मुक्तानंद महाराज ने कहा कि कलयुग में पापों से पार पाने का एकमात्र साधन श्रीमद्भागवत कथा श्रवण ही है। देवगांव के प्रधान जितेंद्र कुमार खरे ने बताया कि स्वामी स्वरूपानंद महाराज की स्मृति में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से मां कामाख्या देवी मंदिर प्रांगण में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कराया गया है। बुधवार को गांव में भव्य शोभायात्रा निकल कर कथा का शुभारंभ किया गया। चित्रकूट के पीली कोठी से पधारे कथावाचक स्वामी मुक्तानंद महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा के महत्तम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य के पापों की मुक्ति का मार्ग कथा श्रवण से होता है। इस मौके पर कामाख्या देवी मंदिर के महंत स्वामी पतरिया महाराज, मानेसर बाबा शिव मंदिर के महंत स्वामी द्वारिकादास महाराज, यजमान सविता सिंह, महेंद्र सिंह सेंगर, ग्राम प्रधान जितेंद्र खरे, पूर्व प्रधान गोपाल सिंह, दरियापुर प्रधान आसाराम प्रजापति, टेढा प्रधान नोखेलाल यादव, रामसनेही साहू, सुशील सिंह पवार, जयपाल साहू, पवन दीक्षित, पारुल दीक्षित, अमर सिंह पाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत परेहटा, विकास खण्ड मौदहा - हमीरपुर

पत्रांकः मेमो/निविदा प्रकाशन/मनरेगा /2023–24 दिनांक 08–02–24

अल्पकालीन निविदा प्रकाशन

ग्राम पंचायत परेहटा में मनरेगा योजना के अर्न्तगत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो में प्रयोगार्थ सामग्री आपूर्ति हेतु ग्रा0अ0वि0/लो0नि0वि0/सि0वि0/आयकर/व्यापार कर/ग्राम पंचायत/विकास खण्ड/जिला पंचायत में पंजीकृत फर्मो / सप्लायरों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त कार्यालय से कार्य दिवसों में प्रातः 10.00 बजे से 05:00 बजे सायं तक दिनांक 09–02–24– से 16–02–2024 तक निविदा मूल्य (कालम सं0– 06 में दर्शाये गये) देकर प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदायें दिनांक 16–02–24 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा ग्राम पंचायत अथवा समिति के समक्ष खोलें जायेगें।

क्र0	कार्य का नाम	स्वीकृत धनराशि (रु0 में) जीएसटी सहित	सामग्री अंश (रु0 में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	सी0सी0/नाली निर्माण कार्य वृन्दावन के घर से राम दयाल के फाटक तक	217238	195738	19573	550	3 माह

निविदा हेतु शर्ते :–
1. निविदा प्रपत्र/कुटेशन के साथ 100 रु0 का स्टाम्प एवं 1 रू0 का रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर अनिवार्य होगा।
2. प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर राशि (कालम नं0– 5 पर प्रदर्षित) राष्ट्रीयकृत बैंकों की एफ0डी0आर0/डाक विभाग की एन0एस0सी0 जो ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत परेहटा, वि0ख0 मौदहा– हमीरपुर के नाम बंधक/देय होगा। यह निविदा दिनांक से 180 दिन तक वैध होगा।
3. निविदादाता आयकरदाता हो तथा वाणिज्य कर कार्यालय में पंजीकृत हो जी0एस0टी0 नम्बर अंकित होगा।
4. लोक निर्माण विभाग द्वारा शासनादेश सं0– 6738/23.07.2016–176 (सा0)/06 दिनांक 28.12.2006 के अनसार दिशा निर्देशों के क्रम में हो।
5. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
6. प्रथक–प्रथक कार्य हेतु प्रथक–प्रथक निविदा प्रपत्र भरने होंगे। एक कार्य की एक निविदा स्वीकार की जायेगी।
7. फर्म/सप्लायर कार्य स्थल का भली–भांति परीक्षण कर लें निविदा स्वीकृति के पश्चात कार्य स्थल पर निर्माण सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी/अधोहस्ताक्षरी की मांग के अनुसार की जायेगी, जिसके सम्बन्ध में कोई दावा मान्य न होगा।
8. ग्राम पंचायत/समिति/अधोहस्ताक्षरी किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा बिना कारण बताये समस्त निविदायें निरस्त कर सकती है।
9. उक्त सामग्री घट या बढ़ सकती है जिस पर कोई दावा मान्य नही होगा।
10. शासनादेश सं0 730/33–3–2022–11/2022 पंचायतीराज अनुभाग/3 दिनांक 26 अप्रैल 2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नहीं होना चाहिये।
11. शासनादेश सं0 137/अड्तीस–7–2022–63 नरेगा/2009 ग्राम्य विकास अनुभाग 7 दिनांक 21.03.2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहिये।
12. प्रत्येक दशा में निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनायें निर्धारित प्रारूप पर संलग्न होना चाहिये।
13. निविदादाता अपराधिक प्रवृत्ति का नहीं होना चाहिये।

ग्राम प्रधान **ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत परेहटा, वि0ख0 मौदहा– हमीरपुर

गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक ने किया जिला अस्पताल का घेराव

सप्ताह भर में कार्रवाई न होने पर धरना देने की दी चेतावनी, नियमों को ताक में रख कर 12 वर्षों से एक ही अस्पताल में तैनात है फार्मासिस्ट

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में पहुंची संगठन की सैकड़ों महिलाओं ने जिला अस्पताल का घेराव कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री के नाम सीएमओ के माध्यम से ज्ञापन सौंपा है।

प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने बताया कि जिला अस्पताल परिसर में ही संचालित मदन मोहन मालवीय नेत्र चिकित्सालय में आंख के मरीजों को बाहर की दवाएं लिखी जाती हैं। अस्पताल में एक साल से ऑपरेशन संबंधी दवाएं व लेंस नहीं मांगाये गये हैं। जिससे इसकी कमी बता कर मरीज से पैसे लिए जा सकें। मरीज से ऑपरेशन के नाम पर आठ से दस हजार रुपये लिए जाते हैं। यहां पर रुपये देने पर ही ऑपरेशन किया जाता है। जो नहीं देता उसका बीपी या आंख का प्रेशर बढ़ा हुआ है यह कहकर ऑपरेशन टाल दिया जाता है। अध्यक्ष हेमलता पटेल ने कहा की जनपद के सभी अस्पतालों में फार्मासिस्ट का पटल परिवर्तन हो चुका है लेकिन आई हॉस्पिटल के फार्मासिस्ट का पटल परिवर्तन नहीं हुआ है, जिस कारण से इस अस्पताल में तैनात फार्मासिस्ट अपनी पूरी मनमानी चलाता है। अधीक्षक और फार्मासिस्ट की साठगांठ से ऑप्टोमेट्रिस्ट मरीज से पैसा लेकर अस्पताल में ही चश्मा बनता है। अस्पताल में वही डॉक्टर या स्टाफ रह सकता है जो फार्मासिस्ट के हिसाब से काम करे, अस्पताल मे तैनात एमबीबीएस नेत्र चिकित्सक को भी इन लोगों की मनमानी की वजह से कार्य नहीं करने दिया जाता। दवा का वितरण फोर्थ क्लास से कराया जा रहा है। ऑपरेशन के बाद मरीज से जबरन दो से तीन हजार की दवाएं मंगाई जाती है। ज्ञापन में मांग की गई है कि निष्पक्ष जांच करते हुए कार्यवाही की जाए।

एसीएमओं से वार्ता करतीं गुलाबी गैंग प्रमुख हेमलता पटेल। अमृत विचार

योजनाओं में भी व्याप्त है भ्रष्टाचार

अध्यक्ष हेमलता पटेल ने यह भी कहा कि जिला अस्पताल में जननी सुरक्षा योजना में भ्रष्टाचार, ऑपरेशन के नाम पर अवैध वसूली बन्द की जाए। इन सभी मांगों को एक सप्ताह के अंदर अगर पूरा नहीं किया जाता तो कलेक्ट्रेट का घेराव अनिश्चितकालीन किया जायेगा। जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व शासन-प्रशासन का होगा। इस मौके पर सरला सिंह, सुधा, सुमन, रंजना, अनीता, अमिता, राजरानी, नीलम, कमला, प्रिया, मधू, संयोगिता समेत सैकडों महिलाएं मौजूद रहीं।

वामपंथियों ने सात सूत्रीय ज्ञापन डीएम को सौंपा

संवाददाता फतेहपुर

- कहा, केंद्र-सरकार विपक्षी नेताओं को बना रही निशाना
- परेशान करने के लिए केंद्र सरकार ईडी-सीबीआई का दुरुपयोग करना बंद करे

अमृत विचार। भाजपा सरकार पर केरल सहित अन्य राज्यों को उनके संसाधनों के तय हिस्से से वंचित करने सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव के नेतृत्व में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने राष्ट्रपति के नाम डीएम को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से भेजे गए सात सूत्रीय मांगों को राष्ट्रपति से संज्ञान लेने की मांग की।

ज्ञापन देने के बाद जिला सचिव जगरूप भार्गव ने कहा कि हमारी राष्ट्रपति से मांग है कि केंद्र सरकार केरल सहित अन्य राज्यों को उनके करो और संसाधनों को तय हिस्से से वंचित करना बंद करें। केंद्र सरकार पर राज्य सरकार के उधार लेने की सीमा तय करने पर रोक लगानी चाहिए। केंद्र सरकार द्वारा विपक्षी राज्यों के नेताओं को निशाना बनाने और परेशान करने के लिए ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग का दुरुपयोग करना बंद करें। राज्य सरकार के मामले में राज्यपाल अपनी संवैधानिक पद का दुरुपयोग करना बंद करें। उन्होंने कहा कि सात मांगों को राष्ट्रपति संज्ञान में लेकर पूरा करें।

वरिष्ठ नेता नरोत्तम सिंह ने कहा कि जबसे केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है तब से विपक्षी पार्टियों को दबाने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया जा रहा है। सीबीआई, ईडी का डर दिखाकर जेल में बन्द कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी विपक्षी दलों को एकजुट होकर लड़ाई लड़ना होगा। इस दौरान वीरेंद्र यादव, मोहम्मद अमीन, चन्द्रपाल, नरोत्तम सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने पहुंचे पार्टी के नेता। अमृत विचार

मार्ग पर दलदल की वजह से उठानी पड़ रही समस्या। अमृत विचार

मुख्य मार्ग दलदल बनने से ग्रामीण हो रहे परेशान

संवाददाता किशनपुर, फतेहपुर

अमृत विचार। विजयीपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत मड़ौली में पक्की सड़क तालाब बन गई है। मुख्य मार्ग में जल भराव हो गया है जिससे ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पिछले करीब दो वर्षों से इस समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

करीब 15 वर्ष पूर्व पहाड़पुर से मडौली गांव को जोड़ने के लिए पक्की सड़क का निर्माण कार्य कराया गया था। सड़क निर्माण के दौरान जल निकासी के लिए नाली भी बनाई गई थी। सड़क निर्माण के कुछ दिन बाद ही अतिक्रमणकारियों ने नाली को तोड़कर उस पर कब्जा कर लिया। सड़क के दोनों तरफ मिट्टी डालकर ऊंचा कर दिया जिसकी वजह से अब बरसात का पानी सड़क पर जमा हो जाता है और महीनों यह पानी सड़क में भरा रहता है। अभी हाल ही में करीब तीन दिन पूर्व हुई बारिश की वजह से सड़क में पानी भर गया है,जिसकी वजह से राहगीरों को निकालने में समस्या हो रही है। जबकि इसी मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों की तादाद में स्कूली छात्र-छात्राएं भी आवागमन करते हैं। गांव का यह मुख्य मार्ग है, गांव में प्रवेश होते ही लोगों को दलदल से घुसकर निकलना पड़ रहा है। कई बार जिम्मेदारों से इसकी शिकायत भी की गई लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते आज भी सड़क तालाब जैसी बनी हुई है। मामले को लेकर खंड विकास अधिकारी शकील अहमद ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जल्द ही जल निकासी की व्यवस्था कराई जाएगी जिससे आवागमन में समस्या न हो सके।

जिला नेत्र अस्पताल में दलालों का बोलबाला

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- मरीजों तीमारदारों को बरगला रहे ओपीडी में मौजूद दलाल
- मोतियाबिंद के मरीजों की भीड़ बढ़ने पर सक्रिय हो जाते हैं एजेंट

अमृत विचार। जिला नेत्र अस्पताल में जमकर गड़बड़झाला चल रहा है। यहां दलालों की मिली भगत से सरकारी लेंस के बजाय प्राइवेट लेंस और बाहर से चश्मा खरीदने को मरीजों को मजबूर किया जा रहा है। एजेंटों की मिली भगत से बाहर बने मेडिकल स्टोर की महंगी दवा मरीजों को लिखी जा रही हैं।

जिला नेत्र अस्पताल में बुजुर्गों और आंखों की बीमारियों के मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन और अन्य इलाज किया जाता है। सर्दी में मोतियाबिंद के ऑपरेशन करने वाले बुजुर्गों की संख्या बढ़ जाती है। अस्पताल में भीड़ बढ़ने के बाद दलालों का नेटवर्क सक्रिय हो जाता है। आंखों की जांच और इलाज कराने आए मरीजों को अस्पताल की ओपीडी में घूम रहे एजेंट बरगलाकर बाहर मेडिकल स्टोर पर रखे महंगे लेंस और चश्मा खरीदने पर मजबूर कर रहे हैं। वह मरीज और तीमारदारों को यह कहकर समझाते हैं कि सरकारी लेंस अच्छे नहीं है और प्राइवेट लेंस लगवाने से ही आंखों को जल्द फायदा मिलेगा। जिला नेत्र अस्पताल में मोतियाबिंद का ऑपरेशन करने आए मरीज के तीमारदारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हम लोगों से यह बताया गया है कि बाहर का लेंस लगवाना आंखों के लिए ज्यादा फायदेमंद है। वहीं आंखों का इलाज कराने आए कुछ मरीजों ने बताया कि यहां चश्मा न देकर बाहर की दुकानों पर चश्मा खरीदने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इससे जिले के गांवों से आने वाले आंखों की जांच और जश्मा के नाम पर उगाही की जा रही है।

लेंस के नाम पर चल रहा गड़बड़झाला

जिला नेत्र अस्पताल में लेंस के नाम पर अजीबोगरीब खेल चल रहा है। मरीज को बाहर के महंगे लेंस खरीदने के लिए कहा जाता है और फिर ओटी में सरकारी लेंस डाल दिया जाता है। इसके बाद मेडिकल स्टोर के एजेंट की मिली भगत से वही खरीदा गया लेंस दोबारा दुकान पर पहुंच जाता है। इसमें मेडिकल स्टोर और अस्पताल के कुछ लोगों की मिली भगत से कमीशन का लंबा खेल चल रहा है।

> जिला अस्पताल में बाहरी एजेंट के जमा होने और लेंस व चश्मा के नाम पर मरीजों को बरगलाने का मामला संज्ञान में है। सीसीटीवी से बाहरी व्यक्तियों को चिह्नित करने के बाद उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ओपीडी में किसी भी बाहरी व्यक्ति को बिना वजह आने-जाने पर रोक लगाई जाएगी।
>
> -डॉ. अशोक कुमार, सीएमओ

खेत में लघुशंका करने पर युवक को पीटा

थरियांव। गेहूं की फसल में लघुशंका करने पर युवक को लाठी डंडों से पीटा। जिससे युवक रूप से घायल हो गया। साथ में गए चचेरे भाई ने बीच-बचाव किया तो उसे भी लाठी डंडों से मार पीट कर घायल।

थरियांव थाना क्षेत्र के मुराव गांव निवासी बरदानी पुत्र राजू ने थाने में तहरीर देकर बताया बुधवार की शाम वह खेतों में घूमने गया था। वह मेड़ के किनारे लघुशंका करने लगा। वहीं खेत की रखवाली कर रहे खेत मलिक ने लघुशंका करने को लेकर मारपीट शुरू कर दी। वहीं मौजूद चचेरे भाई बाबी ने बीच बचाव किया तो उसे भी लाठी डंडों से मारा पीटा। खबर पाकर मौके पर पहुंचे मौसा रामपाल थाना थरियांव चौकीदार ने मारपीट करने का कारण पूछा तो उसे भी लाठी डंडों से मारा पीटा। मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। थानाध्यक्ष रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है।

शान-ओ-शौकत के साथ मनाया गया उर्स मुबारक

संवाददाता धाता, फतेहपुर

अमृत विचार। नगर धाता में हर साल की तरह इस साल भी हज़रत बू अली शाह बाबा का उर्स मुबारक बड़ी ही शान-ओ-शौकत के साथ मनाया गया। उर्स रज्जब की 26 तारीख को मनाया जाता है। सुबह कुरान खानी से उर्स की शुरुआत की गयी। दोपहर एक बजे मजार परिसर से गागर जुलूस निकाला गया।

गागर जुलूस को कस्बे वासी जगह-जगह रोककर पूरी अकीदत के साथ खैर मकदम कर रहे थे। गागर जुलूस पुनः मजार परिसर में पहुंचकर संपन्न हुआ। रात को इशा की नमाज के बाद मज़ार पाक में चादर पोशी की गयी। जिसमें हाफिज अख्तर रज़ा, हाफिज असिरुद्दीन, हाफिज अजीजुर रहमान, सज्जन अली, मोहम्मद हुसैन, खालिक सलमानी आदि लोग शामिल रहे चादर पोशी के बाद मीलाद शरीफ का प्रोग्राम किया गया। जलसे में मौजूद लोगों से सैय्यद चांद मियां काज़मी ने तकरीर में कहा कि मुसलमान का मायना है कि जो अपने हाथ से और अपने जुबान से किसी दूसरे को तकलीफ ना पहुंचाए, वही सच्चा मुसलमान है।

उर्स मुबारक में उपस्थित अकीदतमंद। अमृत विचार

सार-संक्षेप

गांव में पाइप डालने के लिए सड़क की हो रही खुदाई। अमृत विचार

ग्रामीणों ने ठेकेदार की शिकायत डीएम से की

बकेवर। देवमई ब्लाक के मुसाफा गांव में पानी की टंकी व वाटर सप्लाई डालने का निर्माण कराया जा रहा है। सड़कों, गलियों ओर नालियों को खुदाई से बचाने के लिये ग्रामीणों ने जिलाधकारी से अंडरग्राउंड मशीन से पाइप डालने की मांग की है। ग्रामीणों ने डीएम को दिए पत्र में बताया कि गांव में खुदाई होने से आगे आने वाले समय में दिक्कतें होंगी। अडंरग्राउंड मशीन से पाइप डालने को लेकर बात कही थी लेकिन इसके बावजूद इसके जल निगम और ठेकेदार की मिलीभगत से सीसी युक्त सड़कों को तहस नहस करने का कार्य किया जा रहा है। आवमगन पूरी तरह से बाधित हो रहा है। कार्य कर रहे कर्मचारियों से कई बार गांव वालों ने अनुरोध किया लेकिन अच्छी सड़कों को खोदने का काम लगातार किया जा रहा है। इस मामले में जल निगम एक्सईएन ने कहा संस्था व ठेकेदार को वार्ता कर समस्या का हल निकाला जाएगा।

वाहन चेकिंग अभियान में 48 वाहनों का हुआ चालान

फतेहपुर। एसपी के निर्देश पर गुरुवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 48 वाहनों का चालान करते हुए एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं छह लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

आज लोक अदालत में समस्याओं का होगा निस्तारण

फतेहपुर। अपर जिला जज-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि रणंजय कुमार वर्मा जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शुक्रवार को दीवानी न्यायालय परिसर, न्यायालय बिंदकी, वाह्य न्यायालय बिंदकी, तहसील सदर, खागा, बिंदकी में किया जाएगा। लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए गुरुवार को न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सभी न्यायिक अधिकारियों की बैठक की गई। बैठक में जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष रणंजय कुमार वर्मा द्वारा उपस्थित अधिकारियों को अधिकाधिक संख्या में पक्षकारों को नोटिस प्रेषित किए जाने के निर्देश दिये थे। इसके साथ ही संबंधित न्यायालयों के तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को जिसने अभी तक सम्मन नोटिस निर्गत नहीं किये है उनको सम्मन, नोटिसें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से अविलम्ब प्राप्त कराये जाने के लिए निर्देश दिए। वहीं नित्या पाण्डेय अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते के माध्यम से अपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराकाम्य लिखत अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, वैवाहिक वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद वेतन, भत्तों एवं सेवा निर्वत्ति लाभों से संबंधित सेवा प्रकरण, राजस्व वाद, अन्य दीवानी वाद निस्तारित कराये जाने के लिए कहा।

एसपी ने थरियांव थाने का किया वार्षिक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह द्वारा थाना थरियांव का वार्षिक निरीक्षण किया गया। गार्द की सलामी लेने के बाद थाना परिसर का भ्रमण करते हुए बैरक, मेस, शौचालय, प्रशासनिक भवन के तहत थाना कार्यालय हवालात को चेक कर साफ-सफाई व रखरखाव के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान थाना मालखाना का भौतिक निरीक्षण करते हुए शस्त्रों का रख-रखाव एवं उनके साफ-सफाई चेक किया। इसके बाद थाने के अभिलेखों में आगन्तुक रजिस्टर, गार्द फ़ाइल, कैशबुक का अवलोकन किया।

कागज के बजाए ऑनलाइन मिलेगी छुट्टी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

> मानव संपदा पोर्टल से सभी अधिकारी और कर्मचारियों का डाटा जोड़ा जाएगा। इससे पुलिसकर्मियों की छुट्टी, तैनाती व अन्य कार्यों की जानकारी आसानी से हो सकेगी। कहीं कोई गड़बड़ी नहीं हो सकेगी।
>
> -उदय शंकर सिंह, एसपी

अमृत विचार। शिक्षा विभाग की तरह अब पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भी मानव संपदा पोर्टल से जोड़े जाएंगे। पोर्टल से जुड़ने के बाद पुलिसकर्मियों की हर छुट्टी का ऑनलाइन रिकार्ड होगा।

साधारण प्रार्थना पत्र पर छुट्टी लेकर जाने वाले पुलिसकर्मियों का विवरण जुटाना मुश्किल होने लगा तो सभी के लिए कार्ड जारी कर दिया गया है।

अब शिक्षा विभाग की तरह पुलिस विभाग में भी सभी का विवरण मानव संपदा पोर्टल पर अपडेट किया गया है। इससे अधिकारियों से लेकर पुलिसकर्मियों तक की छुट्टी, वेतन, उनकी तैनाती के साथ ही तबादले का भी पूरा विवरण होगा। ऐसे में पुलिसकर्मियों की हर छुट्टी सभी अधिकारी आसानी से देख सकेंगे।

आर्म्स एक्ट का आरोपी दबोचा

फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना पुलिस ने अल्लीपुर भादर गांव निवासी रुद्रपाल सिंह उर्फ गुज्जा पुत्र बुदा नोनिया के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था।

जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

बाइक मैकेनिक का शव खेत में मिला हत्या की आशंका

हथगाम। दुकान बंद कर घर जाने के लिए निकले एक बाइक मैकेनिक का शव गुरुवार सुबह एक खेत में पड़ा मिला। कुछ ही दूरी पर उसकी बाइक भी मिली है। परिजन हत्या होने की आशंका जता रहे हैं।

हथगाम थाना क्षेत्र के मानापुर गांव निवासी मुकेश पाल (25) छिवलहा में बाइक रिपेयरिंग का गैरेज खोले था। परिजनों ने बताया कि बुधवार को शाम सात बजे के बाद वह दुकान बंदकर घर आ था। लेकिन वह देर रात तक घर नहीं पहुंचा था। उसका पता लगाने और तलाश करने के बावजूद उसका कुछ पता नहीं चला। गुरुवार सुबह रास्ते में जगन्नाथ बाबा मंदिर के पास गेहूं के एक खेत में उसका शव पड़ा मिला। शव से करीब डेढ़ सौ मीटर दूर एक बाइक खड़ी थी जो कि लॉक थी। थानाध्यक्ष अभिलास तिवारी ने बताया कि शरीर में कोई चोट के निशान नहीं हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हाल ए मौसम | 15 दिन तक कड़ाके की ठंड फिर गर्मी और अब बारिश के बाद फिर लौटी ठंड

बच्चों, बुजुर्गों पर भारी पड़ रहे मौसम के तेवर

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। मौसम के उतार चढ़ाव से गले व स्वास नली में संक्रमण बढ़ गया है। इससे बुखार और सांस के मरीजों की संख्या जिला अस्पताल में बढ़ गई है।

सदर अस्पताल में फिजिशियन की ओपीडी में बुखार व सांस के मरीजों की संख्या 15 से 25 फीसदी तक फिर से बढ़ गई है। वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एनके सक्सेना का कहना है कि पखवाड़ा भर पहले तक कड़ाके की ठंड से लोग बेहाल थे। फिर जनवरी के अंत में मौसम ने अचानक ऐसी करवट ली कि अप्रैल जैसा महसूस होने लगा। 30 जनवरी पिछले कई सालों में जनवरी का सबसे गर्म दिन रहा। लेकिन यह स्थिति भी टिक नहीं सकी और शनिवार से मौसम फिर बदलने लगा। रविवार रात बारिश हो गई। इसके बाद सुबह शाम फिर ठंड बढ़ गई।

डाक्टरों का कहना है कि ऐसा मौसम एक तरफ जहां वायरस व बैक्टीरिया दोनों को तेजी से बढ़ने के लिए बूस्टर का काम करता है और दूसरी तरफ बच्चों और बुजुर्गों की इम्युनिटी कमजोर हो जाती है। ऐसे में गले से स्वास नली तक संक्रमण के मामले बढ़ गए हैं। इस संक्रमण से लड़ने के लिए शरीर बुखार का शिकार हो रहा है।

पैथालॉजी के बाहर लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

बच्चे आसानी से हो रहे संक्रमण के शिकार

मौसम का उतार-चढ़ाव बच्चों के लिए बुजुर्गों से भी अधिक भारी पड़ रहा है। बाल रोग की ओपीडी में सर्दी खांसी के साथ सांस के मरीज भी बढ़ गए हैं। डॉ. मूलचन्द्रा का कहना है कि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता विकास की अवस्था में होने की वजह से कमजोर होती है। ऊपर से वह हर चीज को मुंह में डालकर संक्रमण को खुला निमंत्रण देते रहते हैं। इसलिए बच्चों के मामले में डॉक्टर सफाई पर अधिक जोर देने की बात समझा रहे हैं।

बच्चों और बुजुर्ग दोनों के लिए संक्रमण काल

- बाहर का खाना न खिलाएं
- कोल्ड ड्रिंक, आइसक्रीम फास्ट फूड व जंक फूड न दें
- भीड़ भाड़ वाली जगह पर न जाने दें
- सफाई का विशेष ख्याल रखें
- बुजुर्गों को ताजा भोजन व बच्चों को मां का दूध पिलाएं

> तीन दिन तक अप्रैल जैसी गर्मी का असहास कराने के बाद अब बारिश हो गई। मौसम के इस उतार चढ़ाव से ओपीडी में बुखार के मरीज 25 फीसदी और सांस के मरीज 15 फीसदी तक बढ़ गए हैं। ऐसे मरीजों को समझाया जा रहा है कि एहतियात के बिना उनका शरीर मौसम का सामना नहीं कर पाएगा।
>
> -डॉ. मूलचन्द्रा, बाल रोग विशेषज्ञ

धूप से मिली राहत तो वहीं पछुआ हवाओं ने कराया ठंड का अहसास

संवाददाता फतेहपुर

- दो दिन से निकल रही धूप से लोगों को मिल रही राहत
- फसलों को भी धूप से मिल रहा है लाभ

अमृत विचार। कोहरे की धुंध के बाद रविवार की रात हुई बारिश से मौसम एक बार फिर सर्द हो गया लेकिन बारिश के बाद लगातार गुरुवार की सुबह चटक धूप निकली तो लोगों ने राहत की सांस ली। दिन में कई बार बादलों व पछुआ हवाओं ने ठंड का अहसास कराया।

महीने भर बाद कोहरे की धुंध हटते ही रविवार की रात बादलों ने आसमान में डेरा जमा लिया। इसके बाद रातभर झमाझम बारिश हुई। बारिश के बाद मौसम एक बार फिर सर्द हो गया। दो दिन, दिन-रात आसमान में बादल मंडराते रहे। बुधवार से एकाएक मौसम साफ हुआ और गुरुवार को भी सुबह से चटक धूप निकली। इसके बाद चटक धूप देख लोग घरों से बाहर निकले, हालांकि इस दौरान पछुआ हवा के झोंके लोगों को सर्द का एहसास भी होता रहा। सूरज देव दिनभर बादलों के साथ लुकाछिपी का खेल खेलते रहे। कभी धूप तो कभी धूपछांव का दिनभर लोग आनंद लेते रहे। यह सिलसिला शाम तक चलता रहा।

कलेक्ट्रेट परिसर में गुनगुनी धूप का आनन्द लेते लोग। अमृत विचार

सरसों की फसल पर दिखा हवा का असर

किसान की सरसों की फसल खेत में पुरजोर फूल व फल पर खड़ी है। सोमवार की सुबह से चल रही तेज हवा से खेत में खड़ी सरसों की फसल पर हवा का असर दिखा है। गुरुवार को भी दिन भर हवा चलती रही। हवा से फसल चौपट होने की कगार पर पहुंच चुकी है। यदि और तेज हवा चली तो खेत में सरसों की फसल जमींदोज हो जाएगी।

शैले शैले न माणिक्यं,मौक्तिम न गजे गजे।
साधवो नहि सर्वत्र,चंदन न वने वने।।

प्रत्येक पर्वत पर अनमोल रत्न नहीं होते, प्रत्येक हाथी के मस्तक में मोती नहीं होता।
सज्जन लोग सब जगह नहीं होते और प्रत्येक वन में चंदन नही पाया जाता ।

संपादकीय

जैव ईंधन पर जोर

पश्चिम एशिया में भूराजनीतिक तनाव के चलते जीवाश्म ईंधन की आपूर्ति श्रृंखला संकट का सामना कर रही है। ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन राजनीतिक रूप से ध्रुवीकरण करने वाले मुद्दे बने हुए हैं। जबकि अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने कहा है कि शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण वर्ष 2030 तक भारत की ऊर्जा मांग प्रति वर्ष तीन प्रतिशत से अधिक तक बढ़ सकती है। तेजी से उभर रही अर्थव्यवस्था में परिवहन ईंधन के लिए भारत में मांग का बढ़ना जारी रहेगा। जबकि अन्य देशों में यह स्थिर है या इसमें गिरावट आ रही है। भारत अपनी तेल आवश्यकताओं के 80 प्रतिशत भाग का आयात करता है और दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता है। इसके साथ ही, भारत की ऊर्जा खपत के अगले 25 वर्षों तक प्रत्येक वर्ष 4.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान किया जाता है। यानि 2030 तक भारत दुनिया का सबसे बड़ा तेल आयातक बन सकता है। 2030 तक भारत में प्रतिदिन तेल की खपत 66 लाख बैरल हो जाएगी। कहा जा सकता है कि सरकार ने जीवाश्म ईंधन के विकल्पों पर जोर देकर सही किया है। गौरतलब है कि जी-20 शिखर सम्मेलन के मौके पर भारत के नेतृत्व वाले समूह, ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस ने पेट्रोलियम जैसे जीवाश्म ईंधन के विकल्प के रूप में जैव ईंधन के उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा देने का निर्णय लिया था। जैव ईंधन बायोमास से बने ईंधन हैं, जैसे कि पौधे या अपशिष्ट पदार्थ जिन्हें ऊर्जा में परिवर्तित किया जा सकता है। जैव ईंधन के समर्थकों का तर्क है कि वे जीवाश्म ईंधन के विपरीत ऊर्जा का एक स्थायी और नवीकरणीय स्रोत हैं जो सीमित हैं और अंततः समाप्त हो जाएंगे। इसके अतिरिक्त, यह भी कहा जाता है कि जैव ईंधन जीवाश्म ईंधन की तुलना में कम ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन करता है, जिससे यह अधिक पर्यावरण-अनुकूल विकल्प बन जाता है।

जीवाश्म ईंधन दुनिया भर में 70 प्रतिशत कार्बन डाई आक्साइड उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि वायु प्रदूषण प्रतिवर्ष होने वाली 80 लाख मौतों के लिए जिम्मेदार है। इस परिदृश्य में ऊर्जा सुरक्षा के निरंतर जोखिमों को कम करने के लिए नवीकरणीय स्रोतों की ओर संक्रमण में तेजी लाना और जीवाश्म ईंधन की प्रमुखता को तेजी से समाप्त करना भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। हालांकि सरकार का लक्ष्य तेल की खोज में निजी क्षेत्र का निवेश बढ़ाने का है। ऐसे में भारत घरेलू उत्पादन और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करने पर ध्यान दे।

जातियां किसने बनाईं, धर्म किसने बनाए

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

लोक जीवन चारों ओर से चिंताओं से घिरा है, समस्याओं से संत्रस्त है-मंहगाई, बेरोजगारी, पर्यावरण-प्रदूषण, भ्रष्टाचार, देश के प्राकृतिक-संसाधनों की लूट, बैंकों की लूट, लोकतांत्रिक संस्थाओं का क्षरण, शिक्षा और चिकित्सा जैसे क्षेत्र माफिया से आक्रांत हैं और देश की संसद हाहाकार कर रही है?

देश की जनता अपने प्रतिनिधियों को चुन कर संसद में भेजती है कि देश की प्रत्येक समस्या पर वहां खुल कर चर्चा हो क्योंकि देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद है लेकिन संसद नहीं चल पाती और ऐसा आज से नहीं, बरसों से हो रहा है। जितना गहन विचार-विमर्श होना चाहिए वह नहीं हो पाता। सवाल यह है कि क्या संसद और विधानसभाएं जनमत का प्रतिनिधित्व कर पा रही हैं या जनमत के नाम पर सत्ता और पैसे के संगठित स्वार्थ द्वारा संचालित हो रही हैं? क्या सचमुच वहां देश के सच्चे प्रतिनिधि लोग हैं? क्या सचमुच वहां देश की मेधा पंहुच पाती है?

संसद सदस्यों के आडंबर, इनकी सुख-सुविधा, इनके सांमती खर्च, इनकी पल-पल बदलने वाली वेशभूषा, इनके वेतन भत्ते इस विकासशील और गरीब देश पर भार नहीं बन चुके हैं? प्रतिदिन हजारों करोड़ रुपया इन नए सामंतों पर खर्च नहीं हो रहा है? लोकतंत्र के संचालन के लिए लोक ने जिन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है, वे अपने को लोक के अंतर्गत मानते हैं या अपने को लोक के ऊपर समझते हैं? क्या यह संसद की महिमा का ही क्षरण नहीं है? ये देश की सेवा है? क्या संविधान निर्माताओंने ऐसी ही संसद की परिकल्पना की थी? क्या भीड़तंत्र को लोकतंत्र बतलाना, जनता को धोखा देना नहीं है?

लोक जीवन चारों ओर से चिंताओं से घिरा है, समस्याओं से संत्रस्त है-मंहगाई, बेरोजगारी, पर्यावरण-प्रदूषण, भ्रष्टाचार, देश के प्राकृतिक-संसाधनों की लूट, बैंकों की लूट, लोकतांत्रिक संस्थाओं का क्षरण, शिक्षा और चिकित्सा जैसे क्षेत्र माफिया से आक्रांत हैं और देश की संसद हाहाकार कर रही है? बैंकों की लूट का सिलसिला जारी है। चर्चा के लिए संसद है किंतु संसद में गंभीर चर्चा कहां होती हैं?

उन चैनलों पर जो निहित-स्वार्थ के द्वारा संचालित होते हैं। जहां विमर्श की आवश्यकता है, वहां तमाशा किया जा रहा है। जातियुद्ध और मजहबी-उन्माद को हवा देने के लिए लोकतंत्र का तमाशा। उनके कार्यक्रमों के नाम ही उनकी प्रवृत्ति को उजागर कर सकते हैं, किसी का नाम है-दंगल तो किसी का नाम है-मुकाबला और कोई हल्ला बोल है। दूरदर्शन और आकाशवाणी

> जाति और धर्म किसने बनाए? इस सवाल को लेकर किताबों को देखने की जरूरत नहीं है, उनको बहुत देखा जा चुका है। आज जरूरत है आदिवासियों और जनजातियों के जीवन के अध्ययन की। जाति किसने बनाई और धर्म किसने बनाया? इसके प्रत्यक्ष सूत्र हमें आदिवासियों और जनजातियों के जीवन में मिल जाएंगे।

इतिहास बन चुके हैं। जाति और मजहब को लेकर जनता की एकता को निरंतर तोड़ते रहने का सदाव्रत, इसी सदाव्रत का नाम आज राजनीति बन चुका है। चर्चा उठी है कि जातियां किसने बनाईं, धर्म किसने बनाए?

ये दोनों सवाल राजनीति के नहीं, समाजशास्त्र के हैं, मानव शास्त्र के हैं, संस्कृति शास्त्र के हैं, इतिहास के हैं। ये दोनों सवाल विश्वविद्यालयों और दूसरी राष्ट्रीय अनुसंधान-संस्थाओं के हैं। मुश्किल यह है कि विश्वविद्यालय मौन हैं और जिनका क्षेत्र राजनीति है, वे वितंडा कर रहे हैं।

जहां तक अनुसंधान की बात है, तो मेरे अध्ययन में जाति को लेकर जितना स्पष्ट चिंतन बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का है, उतना किसी का नहीं। जन्मना जाति के सिद्धांत को उन्होंने स्वयं भोगा था। उन्होने लिखा है कि-'मेरे स्कूल में एक मराठा जाति की स्त्री नौकरी पर थी। वह स्वयं अशिक्षित थी, लेकिन छूआछूत मानती थी। मुझे छूने से बचती थी। मुझे याद है कि एक दिन मुझे बहुत प्यास लगी थी। नल को छूने की मुझे अनुमति नहीं थी। मैंने मास्टरजी से कहा-मुझे पानी चाहिए। उन्होंने चपरासी को आवाज देकर नल खोलने के लिए कहा। चपरासी ने नल खोला और तब मैंने पानी पिया। चपरासी गैरहाजिर होता तो मुझे प्यासा ही रहना पड़ता।' जाति को लेकर डॉ. भीमराव आंबेडकर का महत्वपूर्ण अनुसंधान है। जब कोई बुद्धिजीवी किसी मिशन को लेकर खड़ा हो जाता है, तब वह कितनी प्रचंड शक्ति बन जाता है, डॉ. भीमराव आंबेडकर इसके उदाहरण थे। भारतीय समाज के सताए हुए वर्ग से जो बुद्धिजीवी पैदा हुआ, उसने अधिकार की सत्ता को विचार-शक्ति का दमखम दिखा दिया। उनके विरोधी भी उनके तर्कों की धार को मान गए थे। डा भीमराव आंबेडकर की जाति की अवधारणा को गहराई से समझना होगा।

अभी कुछ दिन पहले ही इतिहास के प्रोफेसर डा. रामेश्वरदास का शोधपत्र सुना, उन्होंने बतलाया कि शूद्र एक कबीले का नाम था, शूद्र नामक कबीले में क्रमशः अन्य कबीले समाते रहे और वह एक बड़ा वर्ण बन गया।

जाति और धर्म किसने बनाये? इस सवाल को लेकर किताबों को देखने की जरूरत नहीं है, उनको बहुत देखा जा चुका है। आज जरूरत है आदिवासियों और जनजातियों के जीवन के अध्ययन की। जाति किसने बनाई और धर्म किसने बनाया? इसके प्रत्यक्ष सूत्र हमें आदिवासियों और जनजातियों के जीवन में मिल जाएंगे। ईसाई मिश्नरी अवश्य वहां पहुंची थीं किन्तु पुरोहित-प्रपंच अभी भी वहां से दूर है।

मानव-शास्त्रियों ने मनुष्य-जीवन को समझने के लिए आदिवासी-जीवन का अध्ययन प्रारंभ किया था, जिसका निरन्तर विकास हो रहा है। सभ्यता के कितने सोपान हैं? लेकिन मनुष्य मनुष्य ही है और आदिवासियों को भी मनुष्य के रूप में ही पहचाना जा सकता है। संसार के विभिन्न देशों की तरह भारत में भी आदिवासियों का बहुत विस्तार है और अध्येताओं ने उनका वर्गीकरण भी किया है।

आदिवासी-संस्कृति के अध्येताओं ने एक तथ्य को देखा है कि आदिवासी मानते हैं कि नारी और प्रकृति एक ही तत्त्व है। जंगल और प्रकृति उनकी मां है। समुद्र देवी का रूप है, हवा और बादल भी दिव्य हैं। उनके लोकनृत्य प्रकृति और जीवन की एकता की अवधारणा पर ही आधारित हैं। वे मानते हैं कि वृक्ष दिव्य शक्ति हैं। उनका जीवन आवश्यकता पर आधारित है, लालच या तृष्णा पर नहीं। प्रकृति का सहज साहचर्य, आनन्द और नृत्य उनका जीवन है। उनके पास लिखित साहित्य नहीं है। लेकिन वाचिक-परंपरा से उन्होंने सामाजिक विवेक की धरोहर को संजो कर रक्खा है। चेतना और आत्मा में वे भरोसा करते हैं। रोग- मातृका की पूजा करते हैं। मृत्यु के समय भी वे नृत्य करते हैं क्योंकि यह भी भगवान की लीला है।

हम उनको मनुष्य नहीं मानते, उनकी भाषा को भाषा नहीं मानते, उनकी कला को कला नहीं मानते। हां, जहां दाव लग जाता है, उनका शोषण करते हैं, उनके जंगल और प्राकृतिक-संसाधन छीनना विकास का सहज स्वभाव है। विकास की इस अवधारणा का केन्द्रीय तत्व तृष्णा या लालच है। बहुत से शोधार्थी अरुणाचल प्रदेश की जनजातियों पर शोध कर रहे हैं, मात्र चौदह लाख के आस-पास की आबादी वाले इस अकेले प्रदेश में ही जो शताधिक जनजातियां निवास करती हैं, इनमें लाख से ऊपर की जनसंख्यावाली जनजातियां भी हैं, तो कुछ ऐसी भी जनजातियां हैं, जिनकी गिनती सैकड़ों तक ही सिमटकर रह जाती है। मूलतःजनजातीय स्वरूप वाले इस राज्य में निवास करने वाली जो सौ से अधिक जनजातियां हैं, इनमें से 25 या 26 की पहचान प्रमुख जनजातियों के रूप में की गई है। इन सबकी अपनी अलग-अलग बोली-बानी, कला-साहित्य, सामाजिक-सांस्कृतिक वैशिष्ट्य आदि। ऐसे में किसी एकरेखीय पद्धति से इनकी लोक-संस्कृति का विवेचन करना कोई आसान काम नहीं।

यह जाति और धर्म के उद्भव की एक कहानी है। भारत में हजारों ही जनजातियां हैं और उनके हजारों ही लोकदेवता हैं और अलग अलग धर्म-रीतियां हैं, कोई यह दावा नहीं कर सकता कि इन जातियों की रचना अमुक जाति ने की है। इन लोगों के पास आज भी न वेद हैं, न पुराण, न मनुस्मृति और न रामचरित मानस फ़िर भी इनके पास इनका देवता है, ईश्वर का एक समरूप, इनके पास जातियों के अनन्त भेद हैं। विविध बोलियाँ हैं और विविध विश्वास। राजनैतिक-निहित स्वार्थों को पर्दे के पीछे छिपा कर भाषण देने या भारतीय-चिन्तन को नकारने से जाति-समस्या का समाधान नहीं हो सकता। क्या जन्म को आधार बना कर आज नई-नई जातियां पैदा नहीं हो रहीं? जैसे-जन्मना जातिः नेता का बेटा नेता? अफ़सर का बेटा अफ़सर।

प्रसंगवश

धर्म की प्रकृति

राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अक्सर लोगों को कहते सुनता हूं कि धर्म अज्ञान की उपज है। पर यह विचार तथ्यों से परे है, क्योंकि संसार के जितने भी धर्म हैं, चाहे वह जैन धर्म हो, बौद्ध धर्म हो, ईसाई धर्म हो, इस्लाम हो या अन्य कोई धर्म हो, सभी अपने समय के महानतम विचारकों और ज्ञानियों द्वारा शुरू किए गए हैं। वास्तविकता यह है कि सारे धर्म अपने उद्भव काल में उतने ही ज्यादा क्रांतिकारी थे और व्यवस्था के विरोधी थे जितना कि 19वीं सदी में मार्क्स द्वारा प्रतिपादित साम्यवाद के सिद्धांत।

धर्म की उत्पत्ति का मुख्य कारण समाज का शासक और शोषित वर्गों में विभाजित होना और परिणामस्वरूप जीवन में वैषम्य और दुख का आगमन होना रहा। जीवन में दुख का मुख्य कारण धन का अभाव नहीं बल्कि असमानता की उपस्थिति है। एक सर्व शक्तिमान ईश्वर की कल्पना कर के शोषित वर्ग ने धरती के शासकों को मानों खुली चुनौती दी कि तुमसे भी बड़ा कोई और है जिसके हम अनुयाई हैं। स्वर्ग की कल्पना इस बात का प्रमाण है कि इस दुनिया में दुख है। यह आदमी के इस आकांक्षा की अभिव्यक्ति है कि वह दुख विहीन समाज का स्वप्न पाले हुए है। चूंकि ऐसा समाज उसके तमाम प्रयासों के बावजूद धरती पर उसे नहीं मिल पाता तो वह मरणोपरांत इसे पाने की कल्पना कर सुख की अनुभूति करता है। कार्ल मार्क्स ने धर्म के सटीक अवधारणा दी कि धर्म दुनिया के वास्तविक दुखों की अभिव्यक्ति है और इसके खिलाफ विरोध भी।

इतिहास में हमेशा ऐसा हुआ है कि शासक वर्ग जब किसी नए क्रांतिकारी विचार से लड़ने में अक्षम होता है तो वह उसे अपने अनुकूल बनाकर उसको अपने हथियार के रूप में प्रयोग करने लगता है। व्यवस्था विरोधी बुद्ध और ईसा मसीह दोनों को शासक वर्ग ने बाद में इसी तरह अपना बना लिया। आजकल धर्म का जो रूप है और उसमें जो व्याप्त कुरीतियां, ढकोसले, अंधविश्वास आदि हैं, ये सभी शासक वर्गों तथा पंडों-पुजारियों, पादरियों और मुल्लाओं द्वारा बाद में पैदा किए हुए उत्पाद है जिनका धर्म के मौलिक स्वरूप से कोई संबंध नहीं। ये सभी अज्ञानी जनता को ठगने और अंधविश्वासों में उलझाए रखने के साधन हैं। निष्कर्ष यह है कि जीवन में जब तक विषमताएं हैं और दुख है, तब तक धरती पर धर्म रहेगा।

मुक्त बाजार का सिद्धांत संदेहों के दायरे में

डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

> रोजगार का मतलब सरकारी नौकरी नहीं'...यह सिर्फ सरकार का ही प्रिय वक्तव्य नहीं था, मध्यवर्गीय सयाने लोग भी इस तरह की बातें करते मिलते थे।

1990 के दशक में, जब हमारे बैच या उसके कुछ आगे-पीछे के बैच के लोग पढ़-लिख कर रोजगार की दुनिया में जगह तलाशने निकले तो उन्हें अपने सामने एक वीराना के सिवा कुछ नजर नहीं आया। कहीं कोई वैकेंसी नहीं। अखबारों में रोज खबरें छपा करती थीं कि सरकार की माली हालत बेहद खस्ता है और इस कारण सरकारी भर्त्तियों पर अघोषित रोक है। तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह अपने वक्तव्यों में उम्मीद जताते थे कि आर्थिक उदारीकरण अपना असर दिखाने में कुछ समय लेगा और उसके बाद रोजगार के क्षेत्र में अवसरों की भरमार होगी।

बिहार-यूपी के हमारे जैसे छात्रों-नौजवानों को बचपन से ही अभिभावक और शिक्षक सरकारी नौकरी के लिए तैयार करने में लगे रहे थे। हम लोग भी यही सोच कर मिड्ल स्कूल से एमए तक की पढ़ाई में लगे रहे कि एक दिन कलक्टर-प्रोफेसर-बीडीओ से लेकर क्लर्क-मास्टर तक बन जाएंगे। लेकिन, यहां तो सन्नाटा था। संघ और राज्य लोक सेवा आयोगों में हर साल वैकेंसीज कम होती जा रही थी, विश्वविद्यालयों के कर्ता-धर्ता कसम खाए बैठे थे कि भर्त्तियां नहीं करनी हैं। कभी-कभार कोई छोटी-मोटी वैकेंसी आई नहीं कि अभ्यर्थियों का रेला टूट पड़ता था।

मीडिया उदारीकरण के पक्ष में माहौल बना रहा था और मध्य वर्ग, जो अपने बच्चों को सरकारी नौकरी में देखना चाहता था, जो अपनी बेटियों के लिए किसी भी तरह सरकारी नौकरी वाला दामाद चाहता था, उदारीकरण और निजीकरण का न सिर्फ स्वागत कर रहा था, बल्कि इसके पक्ष में बहस तक करने को उतारू नजर आता था। एक माहौल बन गया था कि सरकारी कंपनियां देश के लिए बोझ हैं, सरकारी कर्मी सरकार के लिए बोझ हैं, और कि सरकारी पद जितने खत्म किये जाएंगे, देश का उतना भला होगा।

'रोजगार का मतलब सरकारी नौकरी नहीं'...यह सिर्फ सरकार का ही प्रिय वक्तव्य नहीं था, मध्यवर्गीय सयाने लोग भी इस तरह की बातें करते मिलते थे। तो, बैंकों में, रेलवे में, पब्लिक सेक्टर की अन्य इकाइयों के साथ ही एसएससी आदि में भी वैकेंसी या तो नदारद थी या बहुत कम आ रही थी।

1996-97 आते-आते हालात ऐसे बन गए थे कि अच्छे-खासे यूनिवर्सिटी टॉपर्स प्राइमरी स्कूल की मास्टरी की लाइन में लग गए थे, बीटेक किए लोग बैंक क्लर्की की फार्म निकलने का इंतजार कर रहे थे। और, जो सरकारी प्राइमरी मास्टर बन गए उनके यहां बड़े-बड़े अधिकारी गण भी अपनी बेटियों की शादी के लिए दौड़ लगाने लगे थे। उस दुःकाल में, जब बड़े सरकारी पद वाले अविवाहित युवाओं का अकाल सा पड़ गया था, स्कूल टीचर की डिमांड भी काफी बढ़ गई थी। बस, उसे सरकारी होना था। हालांकि, प्राइवेट नौकरियों का भी अकाल सा ही था तब। लेकिन, उम्मीद जताई जा रही थी कि खुलता हुआ बाजार रोजगार के क्षेत्र में क्रांति लाएगा एक दिन। आज अगर बाप की पीढ़ी इस संक्रमण काल में दिक्कतों का सामना कर रही है तो कल बेटे की पीढ़ी के सामने रोजगार की विकट समस्या नहीं होगी।

तब से ढाई-तीन दशक बीते। आज के रोजगार परिदृश्य को देखें। सरकारी भर्त्तियों पर लगभग ताले लगे हुए हैं, प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के क्षेत्र में भी मंदी है। जनवरी, 2020 को याद करें। देश में बेरोजगारी का स्तर पिछले 45 वर्षों में अधिकतम हो गया था। बाद में हालात कुछ सुधरे लेकिन फिर...

आज भी मध्य वर्गीय सयाने लोग निजीकरण की मुहिम का गुणगान कर रहे, हालांकि, तब की तरह आज भी उन्हें बेटे के लिए सरकारी नौकरी चाहिए, दामाद तो सरकारी नौकरी वाला चाहिए ही। तो... तब और अब के बीच में फर्क क्या आया? सरकारी कर्मियों से पेंशन छीन ली गई, प्राइवेट कर्मियों को मालिकान के रहमोकरम पर छोड़ने वाले तथाकथित 'श्रम सुधार कानून' पारित किए गए, परमानेंट की जगह कांट्रेक्ट और आउट सोर्सिंग को प्रोत्साहित किया जाने लगा। यानी बाप से बड़ा संकट बेटे की पीढ़ी के सामने है। तीन दशकों की यात्रा के बाद मुक्त बाजार का सिद्धांत संदेहों के दायरे में आ गया है। इसकी अमानवीयता जैसे-जैसे उजागर हो रही है, विचारक गहन मंथन के दौर से गुजर रहे हैं। तीन दशक कम भी तो नहीं होते।

सोशल फोरम

आस्था विश्वास और अस्तित्व

धीरेंद्र वीर सिंह धीरू
बरेली

इतिहासकार इरफान हबीब मानते हैं कि मथुरा और काशी में भी मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई गई है इसका प्रमाण है और इसके लिए किसी सर्वे या कोर्ट कचहरी की जरूरत ही नहीं है। यह सच है कि औरंगजेब ने मथुरा और काशी में मंदिरों को तुड़वाया। अगर आप काशी या मथुरा जाएं तो देख कर ही पता चल जाता है क्या हुआ होगा। मुगलों से पहले भी जो आक्रांता आए उन्होंने अपने निशान छोड़े। दिल्ली का लालकिले की बात हो या पुराना किले की या कुतुबमीनार की सब अवशेष गवाही देते हैं और बताते हैं कि वह क्या थे और क्या कर दिए गए। अमेरिका आज विश्व शक्ति है वह भी गुलाम था कभी, जब वह आजाद हुआ तो उसने सबसे पहले अपने देश में गुलामी के सभी चिन्ह मिटा दिए। और भारत अपने 75 साल आजादी के बाद भी अपने चिन्हों के लिए संघर्षरत है। भारतीयों में सहिष्णुता नाम का गुण भी अवगुण हो जाता है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक ऐसे हज़ारों स्थान है जो तोड़कर बनाए गए हैं। उनमें से सिर्फ तीन स्थान ऐसे थे जिनका पुनर्निर्माण आवश्यक था यह आस्था विश्वास और अस्तित्व के चिन्ह है। जिसमें से एक अयोध्या का संकल्प पूरा हुआ। अब मथुरा और काशी के लिए सभी को एक मिसाल कायम करनी चाहिए। इतिहास गवाह है भारत में दुनिया की दूसरी मस्जिद बनी थी कूबा के बाद। पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवन काल में यह मस्जिद बनी। दुनिया में जुम्मे की नमाज़ भी यहीं से शुरू हुई। 629 ईसवी में यह मस्जिद बनी जिसे हिंदू राजा चेरामन ने बनवाया था और उसका नाम भी चेरामन मस्जिद है।

केरल में बनी इस मस्जिद पर शायद ही कोई लुटेरा तुगलक, क़ासिम या मुगल नमाज को पहुंचा हो। दुर्भाग्य है भारत के मुसलमानों ने लुटेरों को इस्लाम का मान लिया जबकि इसमें से मुग़ल तो चंगेज़ ख़ान और हलाकू के खानदान के थे जिन्होंने मक्का और मदीना भी लूटा। भारत के मुसलमानों को अल्लाह के इस्लाम पर चलना चाहिए न कि मुल्ला के बताए गए पर। यही वजह है अखंड भारत के मुसलमानों को सऊदी प्रिंस ने अल हिंदी मुस्कीन कहा यानी दोयम दर्जे के मुसलमान।

- फेसबुक वॉल से

पेयजल हेतु जागरूकता की आवश्यकता

दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

आजकल सरकार की ओर से भी जन-जन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। विभिन्न गैर सरकारी संगठन भी इस दिशा में कोशिश कर रहें हैं। यद्यपि अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है किन्तु यदि आमजन में पेयजल के रखरखाव संबंधी पर्याप्त जागरूकता न हो तो ये प्रयास सफल नहीं हो सकते।

देश में जल जीवन मिशन जारी है, जिसकी शुरुआत अगस्त 2019 में सभी ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल प्रदान करने के लिए समर्पित एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में हुई थी। पिछले चार वर्षों में, इस मिशन ने महत्वपूर्ण सफलताएं प्राप्त की हैं। नल जल कनेक्शन को 13.91 करोड़ घरों तक पहुंचाया गया है। इस अभूतपूर्व कार्यक्रम ने ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव किया है। इस मिशन की प्रशंसा विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी की है और उम्मीद जताई है कि इससे देश में प्रति वर्ष डायरिया के कारण होने वाली चार लाख मौतों को रोका जा सकता है। साथ ही अन्य जलजनित बीमारियों और उनसे से संबंधित लगभग 1.4 करोड़ विकलांगता को भी रोका जा सकता है ।

जल की गुणवत्ता को सुनिश्चित करना जल जीवन मिशन के मुख्य उद्देश्यों में से एक है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपूर्ति किए गए जल में पर्याप्त गुणवत्ता है- कार्यक्रम स्रोत और वितरण बिंदुओं पर पानी के नमूनों के नियमित परीक्षण को बढ़ावा देता है। देश में कुल 2,113 जल परीक्षण प्रयोगशालाएं हैं। महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए, प्रत्येक गांव में कम से कम पांच महिलाओं को ग्रामीण स्तर पर पानी गुणवत्ता का परीक्षण करने हेतु फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब तक 4.97 लाख गांवों में 23.50 लाख से ज्यादा महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

इसके बाबजूद आज भी हमारे देश की लगभग 50 प्रतिशत जनसंख्या को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं है। यूनिसेफ की एक जानकारी के अनुसार देश में 1.96 करोड़ आवासों में फ्लोराइड और आर्सेनिक युक्त पानी उपलब्ध हो पा रहा है । विश्व स्वास्थ्य संगठन देश के 19 राज्यों के करोड़ों लोगों को मानक से अधिक फ्लोराइड युक्त पेयजल उपलब्ध होने की जानकारी दी है। इसके अतिरिक्त देश के कुल जिलों में से दो तिहाई पानी के अत्याधिक अभाव से प्रभावित हैं।

एक विशेष बात और है कि यदि यदि सभी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो भी जाए तब भी पानी के रखरखाव में होने वाली लापरवाही के कारण शुद्ध जल भी अशुद्ध हो जाता है। अतः आमजन में पानी के रखरखाव संबंधी जागरूकता फैलाना अति आवश्यक है।

राहुल के आरक्षणास्त्र के मायने

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लोकसभा के चुनाव अब कभी भी घोषित हो सकते हैं। इसे दृष्टिगत रखते हुए राजनीतिक दल नए नए वायदे, पैंतरे और गठबंधन कर रहे हैं। इस क्रम में देश और दुनियां ने अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रामास्त्र देखा, जिसका भारी प्रभाव पड़ता दिख रहा है। कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल और 'इण्डिया' गठबंधन का प्रथम दृष्ट्या अगुवा है। अयोध्या में राम और उनके मंदिर, प्राण प्रतिष्ठा आदि का कोई दल खुलकर विरोध नहीं कर सकता और जो करेगा वह घाटे में रहेगा, अतः भाजपा की इस बढ़त का तोड़ निकालने के लिए विपक्ष तरह-तरह के उपाय कर रहा है।

इसमें से एक राहुल गांधी की सद्यः कृत यह घोषणा है कि यदि उनका गठबंधन सत्ता में आया, तो वे आरक्षण की सुप्रीमकोर्ट द्वारा तय 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा को समाप्त कर देगा। ऐसा कहकर उन्होंने कथित पिछड़ी जातियों का अधिक वोट प्रतिशत अपने पक्ष में करने का प्रयास किया है। बताते चलें कि सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 1992 के इंदिरा साहनी केस में अपने निर्णय में यह सीमा निर्धारित की है, जिसे अधिक्रांत करना दुरूह और झंझट भरा है। इसके लिए यदि अपेक्षित बहुमत से कानून पारित कर किसी तरह संविधान की नवीं अनुसूची तक पहुंचा भी दिया गया, तो भी सुप्रीमकोर्ट कह चुकी है कि ऐसे नवीं सूची वाले कानून का भी वह न्यायिक पुनरीक्षण कर सकेगी, यदि इससे मौलिक अधिकारों या संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन होता है। ऐसे में यह घोषणा मतदाता को केवल सब्ज़बाग दिखाना ही है। साथ ही इससे जाति विद्वेष बढ़ेगा। प्रतिभा के असम्मान में वृद्धि होगी, जिससे राष्ट्रीय क्षति होगी। सामान्य वोट बैंक नाराज होकर दूरी बनाएगा। यानी राहुल और उनकी कांग्रेस छब्बे बनने की बजाय दुबे रह जाएंगे। वे बार-बार भारत जोड़ो यात्राएं कर रहे हैं, किंतु जातीय आरक्षण की वृद्धिकारक नीति तो भारत तोड़ो के समतुल्य होगी। कांग्रेस कह रही है, 'जितनी आबादी उतना हक'।

तो ऐसे में फिर भारत एक सुगठित राष्ट्र कैसे माना जायगा? तब तो यह तमाम जातियों को जोड़ कर पैबंद लगी कथरी ही होगा। हम राहुल को याद दिला दें कि जिस सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश की बदौलत ही वे आज सांसद पद पर टिके हैं,उसकी नौ जजों की पीठ के बहुमत निर्णय को पलटने की वे सोच ही कैसे रहे हैं? समय की मांग तो यह है कि शुरू में केवल 10 साल के लिए की गई आरक्षण व्यवस्था की अब समीक्षा की जाय और संविधान का अनुच्छेद 14 सही मायने में प्रभावी हो, जिसमें 'समानता' का सिद्धांत संरक्षित है। ज्ञातव्य है कि वर्तमान में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और उसके मातृ संगठनों जनसंघ और संघ का कभी नारा था 'सब हैं भारत मां के लाल। आरक्षण का कौन सवाल'। कुछेक वर्ष पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा भी था कि इसकी समीक्षा होनी चाहिए, लेकिन अब कहीं किसी कोण से इस बिंदु पर विचार होता नहीं परिलक्षित हो रहा है, जो दुःखद है।

आपका पत्र

कानूनी एकता का वाहक सीएए

समान नागरिक संहिता कानून को लागू कर उत्तराखंड ने देश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाया है। यह कानून सबके हित में रहेगा। समान नागरिक आचार संहिता समय की आवश्यकता भी है, क्योंकि भारत के अधिकांश प्रदेशों में विभिन्न धर्म, संप्रदाय, जाति के लोगों का संगम है। ऐसे में जाति/धर्म के आधार पर अलग-अलग व्यक्तियों के लिए अलग-अलग कानून किसी भी दृष्टिकोण से उचित एवं न्यायिक नहीं कहा जा सकता। इसलिए जरूरी है कि समान नागरिक संहिता को प्रदेश में सत्ताधारी भाजपा सरकार के अलावा विपक्ष के विधायकों द्वारा भी स्वेच्छा से स्वीकार करना चाहिए। हर किसी बात पर अनावश्यक रूप से राजनीति करना उचित नहीं है। सही को सही और गलत को गलत कहना चाहिए, चाहे वह किसी भी दल के नेता हो। वर्तमान में राजनीति की स्थिति ऐसी हो गई है कि भाजपा की केंद्रीय सरकार जनता के फायदे में जो भी फैसला लेती है, विरोधी दल के नेता किसी न किसी बहाने उनके लिए गए जनहित के फैसलों पर भी आलोचना अथवा कमियां निकालने लगती है। हमारा मानना है कि जनता के फायदे व राष्ट्र के हित के लिए यदि कोई भी सरकार देश हित के लिए फैसले लेती है तो बिना किसी राजनीतिक प्रतिद्वंता के सभी दलों को इस प्रकार के निर्णय और कानून का न केवल स्वागत करना चाहिए वरन उनका पालन करने में भी जनता को भी जागरूक चाहिए। समान नागरिक संहिता कानून के तहत बिना रजिस्ट्रेशन लिव इन रिलेशन में रहने से पर जेल जाने का प्रावधान वास्तव में बहुत ही अच्छा का निर्णय है। सरकार का कानून युवक और युक्तियां में अनावश्यक रूप से बढ़ रही चरित्रहीनता के कदमों को रोकने में महत्वपूर्ण साबित होगा। साथ ही समान नागरिक संहिता से देश में कानूनी एकरूपता आएगी।

- डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, कपिल कॉलोनी मुखानी हल्द्वानी ।

लंबित कार्यों को सूचीबद्ध कर निस्तारित करें पत्रावलियां

जिलाधिकारी ने की कामकाज की समीक्षा, तीन साल पुराने वाद निपटाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में डीएम ने समीक्षा बैठक की। कामकाज की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि लंबित कार्यों को सूचीबद्ध करते हुए समय से कार्यों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पत्रावलियों पर अंकित की जाने वाली आख्या पूर्ण रूप से अंकित की जाये। ताकि उसको पढ़कर मामले का मंतव्य स्पष्ट हो सके।

बैठक के दौरान निर्देश देतीं डीएम नेहा प्रकाश। अमृत विचार

डीएम नेहा प्रकाश ने पुराने वादों के निस्तारण में रुचि लेकर कार्यवाही करके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो भी वाद तीन या तीन वर्ष से अधिक पुराने हैं, उनको सूचीबद्ध करके नियमित कोर्ट में निस्तारण करें। उन्होंने हाईकोर्ट के मामलों को भी नियमानुसार निस्तारण करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि कृषि भूमि पट्टा, मत्स्य पट्टा सहित अन्य संबंधित पट्टा आवंटन किया जाना है। वहां समय रहते आवंटन की कार्यवाही करते हुए पट्टा आवंटन का लक्ष्य सुनिश्चित करें। उन्होंने आडिट आपत्तियों के निस्तारण को समय से कराने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी संबंधित यह सुनिश्चित करें कि कार्यालय अभिलेख की प्रति अधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर से ही नियमानुसार उपलब्ध करायी जाये। अन्यथा की स्थिति यदि अनाधिकृत रूप से किसी के द्वारा प्रति गलत तरीके से दी जाएगी तो जांच कर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। वहीं डीएम ने कर-करेत्तर व राजस्व वसूली की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि राजस्व वसूली को लक्ष्य सापेक्ष सुनिश्चित करने के लिए कार्य योजना बनाकर प्रवर्तन कार्य के साथ-साथ आरसी वसूली की कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। जिससे प्राप्त लक्ष्य की पूर्ण हो सके। डीएम ने स्टाम्प शुल्क, आबकारी, परिवहन, विद्युत, वाणिज्य कर, सिंचाई आदि की विस्तार पूर्वक समीक्षा की। समीक्षा के दौरान निर्देश दिए की अमीनो को राजस्व वसूली हेतु लक्ष्य देने के साथ-साथ कार्य की समीक्षा भी की जाए ताकि प्रगति लक्ष्य सुनिश्चित हो सके। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायत को निर्देशित किया की दुकानों के किराये में नियमानुसार बढ़ोत्तरी की जाए। बैठक में एडीएम महेंद्र पाल सिंह, एसडीएम सदर राकेश कुमार, एसडीएम अजीतमल राम अवतार, एसडीएम बिधूना हरिश्चंद्र, डिप्टी कलक्टर निशान्त तिवारी, एसडीएम न्यायिक बिधूना अखिलेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी व पटल सहायक आदि मौजूद रहे।

राजस्थानी लाल पत्थर से चमकेगा ब्लाक परिसर

अजीतमल-औरैया। विकास खंड अजीतमल का कायाकल्प शुरू हो गया है। राजस्थानी लाल पत्थर लगाया जा रहा है। ब्लाक उद्यान परिसर में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की प्रतिमा लगाई जाएगी। अजीतमल ब्लाक परिसर, उद्यान व उद्यान बाउंड्री वाल व मुख्य गेट पर तीन छतरी व परिसर कार्यालय, फर्श व आवासों पर भी राजस्थानी लाल चमकीले नक्कासी दार पत्थरों से ब्लाक का कायाकल्प किया जाएगा। यह कार्य स्टोन ग्राफ इंडस्ट्री धौलपुर कर रही है। यह कार्य ब्लाक निधि से कराया जा रहा है। यह कार्य दिसम्बर 2023 से शुरु किया गया था। इसको पूरा करने में समय चार माह लगभग लगेगा। इसकी लगभग लागत 30 लाख रुपये खर्च होंगे। इस संबंध में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व वरिष्ट बीजेपी नेता व ब्लाक प्रमुख अजीतमल रजनीश पांडेय ने कहा कि ब्लाक गेट पर तीन छतरी, मन्दिर परिसर, उद्यान परिसर, कार्यलय व उसका फर्स बनाया जाएगा। इसके अलावा उद्यान परिसर में पूर्व मुख्यमंत्री व राजस्थान के तत्कालीन राज्यपाल रहे कल्याण सिंह की प्रतिमा लगाई जाएगी। गौरतलब है कि 1956 में अजीतमल को ब्लाक बना लेकिन, तमाम दलों की सरकारें आई और चली गयी, मगर इस ब्लाक में किसी से विकास की गंगा नही बहाई।

भाजपाइयों ने गांवों में बिताई रातें

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा बिल्कुल चुनावी मोड में आ गई है। गांव चलो अभियान के तहत बीती रात भाजपा के विभिन्न पदाधिकारियों ने गांवों के बूथ पर रात्रि प्रवास किया और गुरुवार सुबह गांव में ही सफाई अभियान चलाया। इस दौरान भाजपाइयों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कार्यकर्ताओं, आशा बहू समेत तमाम लोगों से मुलाकात कर भाजपा की नीतियां बताई।

भाजपा का गांव चलो अभियान में बुधवार रात भाजपा के विभिन्न पदाधिकारियों ने तीनो विधानसभा के 86 ग्रामों में रात्रि प्रवास किया। इस दौरान गांवों में जन चौपाल लगाई लोगों की समस्याएं सुनी और गांव के स्वतंत्रता संग्राम सेनानीयों, आशा बहुओ, गांव स्तर के जनप्रतिनिधियों समेत सभी से मुलाकात की। विभिन्न पदाधिकारी गांव में ही रुके और गुरुवार सुबह गांव में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवम अभियान के जिला संयोजक विकास गौर ने बताया कि भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत यह अभियान 11 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान तमाम कार्यकर्ताओ, गांव स्तर के प्रधान,आशा बहू सबसे मुलाकात होगी। सुबह गांव में सफाई अभियान भी चलाया जाएगा। पार्टी के जो निर्देश हैं उनके निर्देशों पर काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव करीब है पार्टी के द्वारा दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसको लेकर सभी जनपद के एक-एक बूथ पर जाकर 24 घंटे प्रवास करेंगे और अपने सभी कार्यकर्ताओं से लगातार वार्ता कर रहे हैं।

बूथ स्तर से लेकर विधानसभा स्तर तक बैठक जारी रहेगी। सरकार के द्वारा बहुत सारे कार्य कराए गए हैं जो जनता के बीच पहुंचे हैं। भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास और सब पर वश्वास बनकर चल रही है।

सरकार की उपलब्धियां गिनाते भाजपाई। अमृत विचार

नारी शक्ति वंदन अभियान पीएम का ऐतिहासिक कदम

औरैया। नारी शक्ति वंदन अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास का परिणाम है। प्रधानमंत्री का यह कदम महिलाओं की राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ऐतिहासिक है। ये बातें भाजपा जिला कार्यालय तुर्कीपुर में आयोजित गुरुवार को महिला कार्यकर्ताओं की तैयारी बैठक में जिला उपाध्यक्ष एवं अभियान के जिला संयोजक अनिल तोमर ने कहीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को और सशक्त बनाए जाने को लेकर 33 प्रतिशत आरक्षण बिल भाजपा लाई है। अब पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है कि महिला मतदाताओं के पास उनसे जुड़ी इस उपलब्धि को लेकर जाएं। भाजपा की जिला उपाध्यक्ष एवम अभियान की सह संयोजक चंद्रकांति मिश्रा ने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में नारी शक्ति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में महिलाये पूरी जोरदारी से प्रतिभाग करेगी का सम्मेलन करना है। नगरीय, बूथ ,ग्रामीण इलाकों में गांव स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर रणनीति तैयार की गई। बैठक में नमामि गंगे के जिला संयोजक सोनू सोनी ,कार्तिक गुप्ता,किसान मोर्चा की जिला मंत्री साधना पोरवाल, श्रद्धा चौहान, खुशबू पांडेय, प्रतिमा अवस्थी सहित अन्य महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।

हिंदी सुलेख प्रतियोगिता में दिखी प्रतिभा

संवाददाता, फफूंद-औरैया

अमृत विचार। फफूंद कस्बे के एक्सिस पब्लिक स्कूल में गुरुवार को हुई हिंदी सुलेख प्रतियोगिता प्रतिभा की झलक देखने को मिली। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा फातिमा कक्षा 7, द्वितीय स्थान पाने वाली शिवांगी कक्षा 8, तृतीय स्थान पाने वाली कनक कक्षा 6 को पुरस्कार मिला। विद्यालय के डायरेक्टर दीपक दीक्षित ने बताया कि हस्तलेखन केवल शब्दों को कागज पर उकेरने का एक सरल कार्य नहीं है। यह रचनात्मकता की अभिव्यक्ति है। किसी के व्यक्तित्व का अनोखा प्रतिबिंब भी है।


सुलेख प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

प्रधानाचार्य गुरमीत सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से, हमारा लक्ष्य भाषा के प्रति प्रेम को बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना है, साथ ही लिखावट की कला में महारत हासिल करने के लिए किए गए कौशल और प्रयास की सराहना करना है। यह छात्रों के लिए अपने शब्दों को जीवन में लाने और अपने निर्दोष स्ट्रोक के साथ एक अमिट छाप छोड़ने का एक मौका है। लिखावट न केवल संचार के साधन के रूप में नहीं बल्कि भाषाई कौशल के प्रमाण के रूप में भी बहुत मूल्यवान है। इस अवसर पर विद्यालय के एकेडमिक इंचार्ज तान्या त्रिपाठी, उप प्रधानाचार्य शिवम त्रिपाठी, पीटीआई अंकित, गौरवेंद्र, नीरज, देवराज, शोएब, सत्येन्द्र आदि उपस्थित रहे।

स्कूली बच्चों को दी कृमि मुक्ति की दवा एल्बेंडाजॉल

अमृत विचार। कुदरकोट के प्राइमरी विद्यालय में बच्चों को कृमि मुक्ति दवा एल्बेंडाजॉल वितरित की गई। प्रधानाध्यापक विश्वनाथ सिंह राजेश कुमार यादव सहायक अध्यापक सोनी सहायक अध्यापका प्रमिला एवं विद्यालय उपस्थित रसोईया स्टॉफ मौजूद रहे। बच्चों को केले भी वितरित किए गए।

गुरुवार लगभग विद्यालय में कम सर्दी को देखते हुए बच्चों की उपस्थित काफी अच्छी नजर आई। इस दौरान बच्चों को साफ सफाई के बारे में भी बताया गया। बच्चों को बताया गया कि खाना खाने से पहले हाथ धोकर तौलिया से आंख पोंछकर ही खाना खाएं। जिससे किसी प्रकार की बीमारी एवं वायरस से बचा जा सके।

हाईकोर्ट ने विद्युत विभाग पर 25 हजार जुर्माना ठोंका

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- गलती के लिए दोषी कर्मी से रुपये वसूलने का भी दिया आदेश

अमृत विचार। विभागीय लापरवाही के कारण एक विद्युत उपभोक्ता को हुई परेशानी पर उच्च न्यायालय प्रयागराज ने पीड़ित की याचिका की सुनवाई करते हुए विद्युत विभाग पर 25 हजार अर्थदंड लगाया। इस धनराशि को प्रताड़ित किये हुए उपभोक्ता को अदा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने उपभोक्ता के विरूद्ध लिखाई गई एफआईआर, चार्जशीट व संबंधित अदालत में चल रही प्रक्रिया को भी निरस्त कर दिया। अधिकारियों से इस लापरवाही के लिए दोषी कर्मी का पता लगाकर उससे उक्त अर्थदंड की वसूली का भी आदेश दिया।

वरिष्ठ अधिवक्ता महावीर शर्मा के अनुसार यह मामला शहर के पढ़ीन दरवाजा मोहल्ला निवासी विद्युत उपभोक्ता रामशंकर यादव द्वारा उच्च न्यायालय में दायर याचिका से संबंधित है। याची के विरूद्ध विद्युत विभाग ने एक एफआईआर कोतवाली में दिनांक 22 दिसम्बर 2017 को विद्युत अधिनियम का पंजीकृत कराते हुए उस पर बिल बकाया जमा न करने व इसी कारण एक सप्ताह पहले कनेक्शन अस्थाई रूप से विच्छेदित करने के बावजूद उसे कटिया डालकर प्रयोग करने का आरोप लगाया गया। इस रिपोर्ट पर पुलिस ने चार्जशीट लग दी व यादवी पर कोर्ट में मुकदमा भी चलने लगा। न्यायालय में उपस्थित न होने पर उसके विरूद्ध गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। इस कार्यवाही को लेकर पीड़ित उपभोक्ता रामशंकर यादव ने हाईकोर्ट में याचिका प्रस्तुत की। उसके हाईकोर्ट के अधिवक्ता के डी अवस्थी ने कोर्ट को बताया कि याची का घरेलू विद्युत कनेक्शन दो वर्ष पहले 9 दिसम्बर 2015 को स्थाई रूप से विभाग ने जब विच्छेदित कर पीडी प्रमाण पत्र जारी कर दिया था। विभाग ने एफआईआर में उसे 15 दिसम्बर 2017 को बकाया जमा न करने पर अस्थाई रूप से काटने की बात कैसे दर्शाई। उन्होंने दो वर्ष पहले विभाग द्वारा उक्त कनेक्शन के पीडी प्रमाण पत्र को प्रस्तुत किया जो कि तत्कालीन एसडीओ द्वारा जारी हुआ था। अधिवक्ता ने सफाई दी कि जिस कनेक्शन के कटे हुए दो वर्ष बीत गये, उस पर बकाया निकालने व अस्थाई रूप से काटे जाने की बात कहीं भी फिट नहीं बैठती। कोर्ट ने विभाग के वकीलों से जब जबाव मांगा तो विभाग को अपनी गलती का एहसास हो गया तथा उन्होंने गलती स्वीकार की कि पीडी का उल्लेख पोर्टल में न लिए जाने से यह भूल हो गई। अधिवक्ता ने विभाग की इस गलती के कारण उपभोक्ता को हुई परेशानी व मानसिक वेदना का हवाला देते हुए न्याय करने की अपील की। इस याचिका पर न्यायमूर्ति अरूण कुमार सिंह देशवाल ने पांच फरवरी को निर्णय सुनाया तथा दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम को आदेशित किया कि वह अनावश्यक रूप से विभाग की लापरवाही से परेशानी याची को 25 हजार रुपये अर्थदंड अदा करें, तथा इस गलती के जिम्मेदार कर्मी का पता लगाकर उस पर कार्रवाई कर इस धनराशि को वसूला जाए।

दुकान में शराब पीने से मना करने पर युवक को पीटा

बिधूना, औरैया। एक व्यक्ति ने दुकान में शराब पीने से मना करने पर दबंगों द्वारा मारपीट कर जान दे मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में पुर्वा रामदास निवासी प्रदीप कुमार सिंह पुत्र शिवपाल सिंह ने कहा कि उसकी बिधूना दिबियापुर मार्ग पर ठाकुर स्वीट हाऊस नाम से दुकान है। बीते दिवस रात्रि करीब 9 बजे सुमित यादव पुत्र शिवमंगल सिंह, पिन्टू यादव निवासी सुन्दरपुर थाना बिधूना उसकी दुकान पर आकर शराब पीने लगे। जब उसने मना किया तो उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कहा दुकान बंद कर रात लगभग दस बजे जब वह अपने घर पुर्वा रामदास जा रहा था तभी रास्ते में सुन्दरपुर के मोड़ पर इन लोगो नें तमंचा दिखाकर 7400 रुपये छीन लिये और जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

भारी वाहनों पर एसपी का आदेश बेअसर

कुदरकोट,औरैया। कुदरकोट बिधूना मार्ग बिधूना से बेला मार्ग पर पुलिस अधीक्षक चारू निगम द्वारा 26 जनवरी से भारी वाहनो का प्रवेश इन रूट के लिए समय निर्धारित किया था। जो सुबह 6:00 बजे से शाम 8:00 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित था। इसका धरातल पर पर असर नहीं दिख रहा है। बिना नंबर प्लेट के भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रशासन मौन है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन द्वारा कोई आदेश जारी किया गया है तो उसका अनुपालन क्यों नहीं हो रहा है।

युवती ने जहरीला पदार्थ निगला, मौत

कार्यालय संवाददाता औरैया

- अयाना थाना क्षेत्र के ग्राम स्वरूपनगर का मामला

अमृत विचार। अयाना थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव स्वरूपनगर में एक युवती ने जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। युवती के मायकेवालों ने ससुराली जनों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नीलम।

कानपुर देहात के सिकंदरा थाना के गांव वक्सी का डेरा गांव निवासी मलखान सिंह की 21 वर्षीय बेटी नीलम की शादी वर्ष 2021 में अयाना थाना के गांव स्वरूपनगर निवासी शिवकरन सिंह के साथ हुई थी। मायकेपक्ष का आरोप है कि दहेज प्रताड़ना के चलते दिसंबर 2023 में वह अपनी एक वर्षीय बेटी के साथ मायके आ गई थी। 28 जनवरी को पति शिवकरन, उसका बड़ा भाई चरन सिंह, गिरेंद्र सिंह अपने साथ ले गए। बुधवार शाम को नीलम की जहरीला पदार्थ निगल लेने से मौत हो गई। देर रात पहुंचे मायके पक्ष के लोगों को उसका शव घर के बरामदे में पड़ा मिला और ससुरालीजन गायब थे। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेंद्र सिंह ने घटना स्थल की जांच कर साक्ष्य जुटाए हैं। मृतका के भाई दारा सिंह ने बहनोई शिवकरन, उसकी मां चमेली, भाई चरन सिंह व गिरेंद्र के खिलाफ दहेज में मोटर साइकिल की मांग पूरी न होने पर जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या करने की तहरीर दी है।

सार-संक्षेप

मैच का शुभारंभ करते अनिल राजपूत। अमृत विचार

शीबूपुर ने श्यामपुर अड्डा को 27 रनों से हराया

फफूंद-औरैया। फफूंद अछल्दा मार्ग पर स्थित माँ आरके देवी महाविद्यालय टीकमपुर के प्रांगण में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन नोएडा के थाना प्रभारी अनिल राजपूत ने किया इस अवसर पर उन्होंने कहा है खेलकूद से स्वास्थ्य के साथ-साथ स्फूर्ति भी रहती है और मैच जैसे कार्यक्रम में भाग लेकर क्रिकेट प्रेमियों का मनोरंजन भी होता है इसलिए हर क्रिकेट प्रेमी को कहीं पर भी क्रिकेट मैच का कार्यक्रम हो उसमें सम्मिलित होना चाहिए और क्रिकेट मैच में विजयश्री हासिल करने के बाद उसने मिलने वाले गिफ्ट को याद रखना चाहिए मैच में आज केशमपुर और फफूंद का मैच आज संपन्न हुआ जिसमें शिबूपुर की टीम ने 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 134 रन बनाए जिसमें श्यामपुर अड्डा टीम को शिबूपुर टीम ने 27 रन से पराजित किया जिसमें शिबूपुर की टीम विजई घोषित हुई जिसमे मैन ऑफ दी मैच पोलार्ड को दिया गया शिबूपुर टीम के कप्तान अबध राजपूत, तथा श्यामपुर अड्डा टीम के कप्तान लोकेंद्र थे इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष प्रदीप राजपूत कोषाध्यक्ष साजन राजपूत ,विकास राजपूत ,अंपायर त्रिलोक पाल, तथा दीपू राजपूत ,स्नेहिल दीक्षित, विशाल रंजन त्रिपाठी,चंदन कुशवाहा,सोनू राजपूत , विकास राजपूत ,कमलकांत, हर्षित राजपूत, मनीष, अल्लू आदि लोग प्रमुख हैं।

परिषदीय स्कूल के उच्चीकृत के लिए मिला बजट

ककोर। जिले में पीएम श्री योजना के अंतर्गत आठ विद्यालयों को चयनित किया गया है। जिसमें से हर ब्लॉक में एक विद्यालय का चयन हुआ है। इस योजना के अंतर्गत परिषदीय स्कूल को उच्चीकृत किया जाएगा। साथ ही शासन द्वारा प्रदत 50 हजार की धनराशि से बच्चों के लिए संसाधन जुटाए जाएंगे ।जिससे बच्चों को तरक्की में काफी सहूलियत मिलेगी। पीएम श्री योजना के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग ने प्रत्येक ब्लॉक में एक विद्यालय का चयन किया है। जिसके लिए बीआरसी को जिम्मेदारी दी गई थी। बीआरसी ने भाग्यनगर के यूपीएस कंचौसी विद्यालय का चयन करके सूची जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेज दी थी। अब इन स्कूलों में खेलकूद का सामान स्वच्छ पेयजल तथा अन्य पढ़ने की सामग्री जुटाई जाएगी ।जिससे छात्र-छात्राओं को सुविधाओ में दिक्कत ना हो। मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया फिलहाल सभी ब्लॉकों के एक-एक स्कूल का चयन किया गया है। जिसकी सूची प्राप्त हो गई है। इन स्कूलों के लिए शासन स्तर से 50-50 हजार रुपए की धनराशि जारी की गई है ।जिससे आवश्यक कार्यों में इस राशि का व्यय किया जाएगा।


जानकारी देते सीडीओ एके सिंह।

सियासत | पीडीए पखवाड़ा के तहत जनपद के कई गांवों में सपा ने लगाई जनचौपाल

सामाजिक न्याय को बताया समाजवादी आंदोलन का मूलमंत्र

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर 26 जनवरी से शुरू पीडीए पखवाड़े के तहत औरैया विधान सभा के नगला बनारस, पाकरपुर व जैनपुर ग्राम में जनपंचायत का आयोजन किया गया। समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौ. लौटनराम निषाद ने कहा कि समाजवादियों ने हमेशा सामाजिक न्याय, समता, समानता, भाईचारा की लड़ाई लड़ी है। सामाजिक न्याय सदैव से समाजवादी आंदोलन के मूलमंत्र के रूप में रहा है।

जन चौपाल में मौजूद सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौ. लौटन राम।

उन्होंने कहा कि सभी समाजवादी आंदोलन के नेताओं का निर्विवाद और आमसहमति से यह मानना रहा है कि जो समाज आर्थिक,राजनैतिक और सामाजिक रूप से पिछड़ा है,उसे विशेष अवसर प्रदान कर समाज और विकास के मुख्य धारा में लाया जाए। भाजपा सरकार ओबीसी,एससी,एसटी को आरक्षण के नाम मिले इस विशेष अवसर को समाप्त करने की साजिश रच रही है। उन्होंने पार्टी द्वारा आयोजित की जा रही पीडीए जनपंचायत के बारे में कहा कि पीडीए एक ऐसा जनांदोलन है,जिसका उद्देश्य समाज के पिछड़े,दलित,शोषित और वंचितों को उनके हक-अधिकार के प्रति जागरूक करना और भाजपा सरकार की दलित और पिछड़ा विरोधी नीतियों से आगाह करना है। उन्होंने कहा कि आज की वर्तमान भाजपा हुकूमत 'को इस देश के गरीबों, पिछड़ों, दलितों, शोषितों और वंचितों से कुछ भी लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जातीय जनगणना का होना बहुत आवश्यक है। जातिगत आँकड़ा सामाजिक न्याय के लिए आवश्यक है। जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम ने कहा कि भाजपा सरकार सामाजिक और आर्थिक विषमता को मिटाने के लिए संविधान में जो आरक्षण की व्यवस्था की गयी है, उसे समाप्त करना चाहती है। आगे कहा कि समाजवादी पार्टी शोषित,पीड़ित,वंचित समाज को सम्मान,संवैधानिक अधिकार और राजनीतिक भागीदारी देने के लिए संकल्पित है। पीडीए जनपंचायत की अध्यक्षता रामप्रकाश निषाद, निक्सन सिंह पाल ने की। धन्यवाद ज्ञापन विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष वेदप्रकाश यादव ने किया। संचालन जिला सचिव रामशंकर निषाद ने किया। पीडीए जनपंचायत को श्याम बाबू यादव, नरेन्द्र पाल, अमित यादव, रामशंकर निषाद, जीतेन्द्र दोहरे, हिमांशु पाल, ओमप्रकाश ओझा, रमेश शर्मा, बेटालाल तिवारी, मनोज कोरी, अतरसिंह प्रजापति, खुशीराम निषाद, गणेश मिश्रा, रामनारायण निषाद, आशाराम नामदेव, वीरनसिंह प्रजापति आदि ने संबोधित किया।

सपा का आरोप : हिंदुत्व, धर्म और राम के नाम पर नफरत फैला रही भाजपा

औरैया : समाजवादी पार्टी पिछड़ावर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौ. लौटनराम निषाद ने झिलमिल लाज, दयालपुर में पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि भाजपा हिन्दुत्व, धर्म और राम के नाम पर नफरत फैलाने व जनता का ध्यान असल मुद्दों से भटकाने का षडयंत्र कर रही है ।उन्होंने कहा कि आमजन राम के अनुयायी हैं और भाजपा राम की व्यवसायी है ।चुनावाचार्य नरेन्द्र मोदी सनातन परम्परा के विरूद्ध शंकराचार्यों को नजरअंदाज कर राजनीतिक लाभ लेने के लिए आधे-अधूरे मंदिर का उद्घाटन व प्राण-प्रतिष्ठा कर दिया। एनडीए के हिस्सा ओमप्रकाश राजभर, संजय निषाद व अनुप्रिया पटेल को आगे कर भाजपा-आरएसएस ओबीसी, एससी, एसटी को शिकार बना रही है। झूठ बोलने में माहिर पीएम मोदी को अपने नाम,काम व श्रीराम पर भरोसा नहीं,इसलिए नीतीश,राजभर, जयंत चौधरी, संजय निषाद, अनुप्रिया का सहारा ले रहे हैं। चौ .लौटनराम निषाद ने कहा कि समाजवादी पार्टी पिछड़ों, वंचितों, दलितों, किसानों, मजदूरों के अधिकार और सम्मान की लड़ाई मजबूती से लड़ रही है। चौ. लौटन राम निषाद ने आगे कहा कि जब सरकार एससी-एसटी, अल्पसंख्यक और किन्नरों की जनगणना कराती है तो पिछड़ों की जनगणना क्यों नहीं करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में सपा का पीडीए ही एनडीए को हरायेगा। भाजपा बांटों और राज करो की नीति पर चलती है और जाति से जाति को लड़ाकर पिछड़ों, दलितों की ताकत को कमजोर करने का काम करती है। उन्होंने कहा कि मण्डल कमीशन की विरोधी भाजपा और आरएसएस कभी पिछड़ों की भलाई नहीं कर सकती। प्रेसवार्ता में सपा जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम,जिला महासचिव ओमप्रकाश ओझा, खुशीराम निषाद,रामशंकर निषाद,मीडिया सोभित यादव, नगर अध्यक्ष अशोक गुप्ता, श्यामबाबू यादव, दीपू यादव आदि रहे।

एक नजर

प्रादेशिक फल, शाकभाजी व पुष्प प्रदर्शनी 17 फरवरी से

अमृत विचार, लखनऊ : राजभवन में तीन दिवसीय प्रादेशिक फल, शाकभाजी व पुष्प प्रदर्शनी 17 फरवरी से शुरू होगी। उद्यान विभाग में प्रदर्शनी को लेकर दो सौ से ज्यादा आवेदन भेजे गये हैं। इसका मूल्यांकन निर्णायक मंडल की टोलियों की ओर से 10 व 11 फरवरी को किया जाएगा।निदेशक उद्यान अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी में लखनऊ के व्यक्तिगतगत बंगलों के उद्यान, गृहवाटिकाओं, कार्यालयों, शिक्षा संस्थाओं व सार्वजनिक पार्क आदि के उद्यानों और प्राचीन-ऐतिहासिक स्थल के उद्यानों के 70 वर्गों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता की प्रविष्टियों का पंजीकरण किया गया है। विशेष जानकारी के लिए राजकीय उद्यान आलमबाग के कार्यालय अधीक्षक से सम्पर्क किया जा सकता है।

जांच की आंच में प्रदेश के कई मदरसे

निर्धारित समय सीमा के बाद भी जिलों से नहीं भेजी गई आख्याएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: यूपी मदरसा बोर्ड के रडार पर प्रदेश के जनपदों में संचालित कई मदरसे हैं। जानकारों का मानना है कि मदरसों की जांच के दौरान कुछ तथ्य सामने आए है। इसी को लेकर बोर्ड के जिम्मेदार गुणा-भाग में जुट गए हैं। हाल - फिलहाल बड़ी कार्रवाई को लेकर चचाएं गर्म हो चली हैं।

उप्र मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त मदरसों की जांच को लेकर गत माह पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे. रीभा की ओर से एक आदेश जारी किये गए। जिसमें कहा गया कि मदरसों के प्रबंधक, शिक्षक, कर्मी और संचालित शिक्षण संस्थान का सत्यापन और भौतिक जांच कराई जाए। 73 जनपदों के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को एक समय सीमा देकर जांच की आख्या भेजने के लिए बोर्ड रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी द्वारा निर्देशित किया गया। सूत्रों की मानें तो जांच के बढ़ते दायरे के बीच लखनऊ और बरेली मण्डल से जुड़े दो जनपदों में संचालित कुछ मदरसों में घालमेल सामने आए हैं, ऐसे में गुरुवार को लेकर विभागीय मंथन किया गया। रजिस्ट्रार कहती हैं कि जांच को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जल्द ही परिणाम सामने आ जाएगे। फिलहाल बोर्ड की प्राथमिकता मदरसा परीक्षा है।

बोर्ड अध्यक्ष कर चुके हैं विरोध

जांच का विरोध बोर्ड अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद की ओर से किया जा चुका है। परीक्षा व अन्य मामलों का हवाला देते हुए इसे रद करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री तक को पत्र अध्यक्ष द्वारा लिखा जा चुका है।

▸▸ **अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक ने दिया था जिलावार आदेश**

लखनऊ और गोरखपुर के अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों से सवाल-जवाब

विभाग अपनी जांच में लखनऊ और गोरखपुर में संचालित मदरसों पर खास नजर बनाए है। बताते हैं कि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों से सवाल-जवाब हुए हैं। कई मामलों में जानकारियां मांगी गई हैं। ऐसे में बोर्ड के जिम्मेदारों से बातचीत को लेकर देर शाम तक फोन की घंटिया बजती रहीं।

पराली और गोबर से बनेगी 28 टन बायो गैस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **गोरखपुर में जल्द शुरू होगा सीबीजी का व्यावसायिक उत्पादन**

▸▸ **169 करोड़ रुपये की लागत से बने प्लांट का अक्टूबर 2023 से हो रहा ट्रायल**

अमृत विचार: जल्द ही गोरखपुर देश के बायो फ्यूल उत्पादन करने वाले जिलों की रैंकिंग में शामिल हो जाएगा। इसके लिए धुरियापार के बायो फ्यूल कॉम्प्लेक्स में कम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) के कमर्शियल उत्पादन की तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। अक्टूबर 2023 से ही यहां स्थापित प्लांट का ट्रायल जारी है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही इसकी औपचारिक शुरुआत होगी।

गुरुवार को कमिश्नर अनिल ढींगरा, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश और मुख्य विकास अधिकारी संजय मीना ने इंडियन ऑयल की तरफ से लगाए गए प्लांट का निरीक्षण कर ट्रायल देखा और इसे पूरी तरह से संचालन योग्य बनाने के आयामों पर चर्चा की।

धुरियापार की बंद पड़ी चीनी मिल के 50 एकड़ परिसर में बायो फ्यूल कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराने की जिम्मेदारी इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड के पास है। इसका शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और तत्कालीन केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 18 सितंबर 2019 को किया था।

इस कॉम्प्लेक्स में पहले चरण में सीबीजी और दूसरे चरण में एथेनाल का उत्पादन होना है। 169 करोड़ रुपये की लागत वाली सीबीजी प्लांट में प्रतिदिन 230 टन कचरे से 28 टन बायो गैस बनाई जाएगी। इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद अक्टूबर 2023 से ही ट्रायल चल रहा है। इसमें पराली (पुआल, गेहूं के डंठल, मक्के की डाठ, गन्ने की पत्ती) और गोबर का इस्तेमाल किया जाएगा। प्लांट में कमर्शियल उत्पादन शुरू होने के साथ ही प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से पांच हजार लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। वहीं क्षेत्रवासियों को बायो गैस के माध्यम से एनर्जी का नया स्रोत भी मिलेगा।

विप में गूंजा मदरसा शिक्षकों का मामला

विधान मंडल सत्र

सपा ने फार्मासिस्टों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के सवाल उठाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: विधान परिषद में गुरुवार को मदरसा आधुनिकीकरण योजना के तहत मदरसा शिक्षकों के उत्पीड़न, ग्रामीण एवं असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की मजदूरी का मामला गूंजा। वहीं सपा के आशुतोष सिन्हा ने फार्मासिस्टों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के सवाल उठाया, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया, प्रदेश में फार्मासिस्टों के 7080 पदों के सापेक्ष 6396 पद भरे हैं, 684 रिक्त पदों पर नियुक्ति व नव स्थापित 50 बेडेड अस्पतालों के लिए नियमानुसार अधियाचन भेजा है।

सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह के सभापतित्व में सपा सदस्य शाहनवाज खान के एक सवाल का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा दवाएं प्रत्येक मरीज की जरूरत के अनुसार डाक्टर द्वारा अपने विवेक से लिखी जाती हैं। दवाएं कहीं से भी खरीदी जा सकतीं हैं। वैसे राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर द्वारा जेनरिक दवा ही लिखी जाती है। भोजनावकाश बाद डॉ.जयपाल सिंह व्यस्त के सभापतित्व में सदन के कार्यसूची के मदों को निपटाया गया। सपा के लाल बिहारी यादव ने समाजवादी पेंशन बंद करने व अन्य खामियां गिनाते बजट का विरोध किया। वहीं मत्सय मंत्री संजय निषाद ने मछली उत्पादन में वृद्धि की जानकारी देते हुए कहा कि मछुआ कोष की स्थापना की गई है। उन्होंने बजट का समर्थन किया। शाम 05.05 बजे अधिष्ठाता ने सदन शुक्रवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

पैथोलॉजी के बाहर पैथोलॉजिस्ट के नाम की होगी जाचः ध्रुव कुमार त्रिपाठी द्वारा मदरसा मिनी आईटीआई में पूर्ण कर्मचारियों को गैरमद से वेतन देने के सवाल पर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि कर्मचारियों को आंशिक व गैर वेतन मद शब्दावलि का प्रयोग करने मामले की जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं शहर में पैथोलॉजिस्ट से ज्यादा पैथोलॉजी का सवाल सपा के शहनवाज खान ने उठाया, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि डीम का पत्र लिखकर पैथोलॉजी के बाहर पैथोलॉजिस्ट के नाम अंकित कराने संबन्धी आदेश का अनुपालन कराया जाएगा।

धार्मिक स्थलों के पास से मांस की दुकानें हटाई जाए

शून्य प्रहर में नियम 115 में भाजपा सदस्य विजय बहादुर पाठक ने धार्मिक स्थलों के पास से मांस की दुकानें बन्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश को सुनिश्चित कराने की सूचना दी। जिसमें कहा गया कि धार्मिक स्थलों के 50 मीटर के आस-पास मांस बिक्री की दुकानों को चिहिंत कर तत्काल हटवाया जाये। न्यायालय के इस आदेश का अभी अनुपाल नहीं हो पाया है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा सरकार धर्म एवं पंथ के नाम पर भेदभाव कर रही है। जांच के नाम पर लगातार प्रताड़ना ठीक नहीं। लाल बिहारी यादव ने कहा मदरसा शिक्षक भीषण ठंड में भी बीती 18 दिसम्बर से इको गार्डेन में धरने पर बैठे हैं। सरकार की उपेक्षा से 21 हजार शिक्षक भुखमरी की कगार पर हैं। सत्ता पक्ष होने की वजह से भाजपा के मोहसिन रजा को पीठ ने बोलने से रोक दिया। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा मदरसों के बच्चे भी इंजीनियर, डाक्टर, वैज्ञानिक बनें, इसके लिए प्रदेश सरकार ने कई योजनाएं शुरू की हैं। पूरा वेतन देने के संबन्ध में उन्होंने बताया कि मदरसों में शिक्षकों को लेकर केन्द्र सरकार का जो निर्णय होगा उसी के अनुरूप हम काम करेंगे। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सरकार को निर्देश दिया कि अपने संसाधनों से देखिये शिक्षकों को काम का मात्र 40 फीसदी वेतन उचित नहीं है।

निर्धारित वेतन का 60 प्रतिशत नहीं मिल रहा

शून्य प्रहर में सपा के लाल बिहारी यादव, स्वामी प्रसाद मौर्या, आशुतोष सिन्हा, डॉ.मानसिंह यादव, शहनवाज खान, मो.जासमीर अंसारी और मुकुल यादव ने प्रदेश में मदरसा के आधुनिकीकरण योजना के तहत मदरसा शिक्षकों के केन्द्रांश की राशि जारी कराने का मामला कार्य स्थगन के रूप में उठाया। उन्होंने कहा कि मदरसा शिक्षकों को निर्धारित वेतन का 60 प्रतिशत नहीं मिल रहा है।

मजदूरों को भी मिले अवकाश का मानदेय

बसपा के भीमराव आंबेडकर ने असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को उपयुक्त मजदूरी न मिलने का मामला कार्य स्थगन के रूप में कार्य स्थगन के रूप में उठाया। उन्होंने कहा प्रदेश में अब तक मजदूरी सलाहकार बोर्ड का गठन नही हुआ है। मजदूरों की मजदूरी दोगुनी की जाये और सरकारी छुट्टी रविवार की मजदूरी इनके खाते में भेजी जाये। जवाब देते हुए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा न्यूनतम मजदूरी पर रिब्यू के लिए सरकार ने कमेटी बनायी है। कमेटी की सिफारिशें आने पर सरकार कार्रवाई करेगी। पांच हजार श्रमिकों को सवा लाख प्रतिमाह वेतन पर इजराइल भेजे जा रहे हैं। जहां उनको खाना-पीना फ्री है, उनकी संरक्षा और सुरक्षा की जिम्मेदारी भारत सरकार की है।

ओडीओपी सीएफसी की 13 परियोजनाएं शुरू

अमृत विचार, लखनऊः इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण के कर्टेन रेजर कार्यक्रम में गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओडीओपी सीएफसी की 13 परियोजनाओं की शुरुआत की।

इस क्रम में मुख्यमंत्री ने एमएसएमई क्लस्टर पार्क योजना के तहत रायबरेली, मऊ, प्रतापगढ़ और महोबा में औद्योगिक अस्थानों का शिलान्यास, इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड एक्सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत गोमती नगर लखनऊ में ट्रेड प्रमोशन सेंटर का शिलान्यास, खाद्य एवं प्रसंस्करण के अंतर्गत कौशाम्बी में केला और गोंडा में दाल एवं मक्का में ओडीओपी सीएफसी परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

साथ ही मिनी औद्योगिक अस्थान बिल्हौर कानपुर नगर, पचरावां रायबरेली और अयोध्या का उच्चीकरण, जिला उद्योग केंद्र कौशाम्बी, अमेठी और वाराणसी के नवीन भवनों का शिलान्यास किया।

योगी ने अपने हुनर से अपना स्थान बनाने वाले श्रमसाधकों का भी सम्मान किया। इसमें विश्वकर्मा श्रम सम्मान के अंतर्गत बाराबंकी के राहुल (नाई), लखनऊ से निधि मल्होत्रा (दर्जी), सीतापुर के फिरोज अहमद (मोची) को सम्मानित किया गया। ओडीओपी प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजना के अंतर्गत रायबरेली के रंजीत कुमार का सम्मान किया।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस के सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत, साथ में प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी व अन्य। अमृत विचार

परिवहन निगम की 10 लग्जरी बसों से अयोध्या जाएंगे मंत्री-विधायक

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के मंत्री व विधायक उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की 10 लग्जरी बसों से अयोध्या जाएंगे। निगम ने 11 फरवरी को विधानसभा के सभी सदस्यों को अयोध्या में रामलला के दर्शन कराने का फैसला लिया है। राज्य सरकार की ओर से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को बसों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने बीते दिन सभी सदस्यों से 11 फरवरी को रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या चलने का आग्रह किया था। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी सभी सदस्यों को अयोध्या चलने का निमंत्रण दिया। शासन के आकिरियों ने बताया कि विधानसभा के सभी सदस्यों को ले जाने के लिए निगम की बसें विधानभवन के गेट संख्या-एक व तीन के सामने सुबह सवा आठ बजे उपलब्ध रहेंगी। परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने अयोध्याधाम के दर्शन कराने वाली बसों की बाहरी व आंतरिक सफाई बेहतर करने व पर्दे की व्यवस्था करने, बसों में सुरक्षा की दृष्टि से अग्निशमन यंत्र सुनिश्चित करने, साथ ही फर्स्ट एड किट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। परिवहन राज्यमंत्री ने कहा है कि बसों में रामधुन अवश्य बजाएं। चालक-परिचालक व्यवहार कुशल हों। साथ ही वर्दी में नेम प्लेट जरूर लगाएं।

वर्ग पहेली-337

बाएं से दाएं

1. छोटा लोटा। (मु.) -डुबो देना : बहुत बड़ी हानि कर बैठना। -डूब जाना : (कोई काम) बुरी तरह से बिगड़ जाना।

3. 1. नगरमोथा 2. जलीय भूमि में होने वाला एक क्षुप 3. उक्त की जड़ जो औषध के काम आती है।

5. 1. गांव में रहने वाला 2. खेती करने वाला किसान 3. ग्रामीण, गांव में रहने वाला व्यक्ति, देहाती।

7. 1. कागज़

8. रेल द्वारा भेजे जाने वाले सामान या माल की रसीद जिसे प्रस्तुत करने पर वह सामान मिलता है, जावकपत्र।

ऊपर से नीचे

2. 1. टिके होने की अवस्था या भाव, स्थायित्व 2. स्थिरता से टिकने की जगह, पड़ाव।

4. 1. सरल या आसान काम 2. ठट्ठा

5. 1. एक प्रकार की घास जिसकी जड़ सुगंधित होती है, जिसे खस कहते हैं 2. एक दूब 3. गंडदूर्वा नामक घास।

6. 1. पूछताछ 2. रोककर पूछने की क्रिया या भाव 3. रोक, मनाही, निषेध।

7. 1. जो सुडौल न हो 2. भद्दा, कुरूप, भद्दी बनावट का, बेढंगा।



वर्ग पहेली - 336 का हल

1 टँ	का	ई	■	2 ध	■	■
■	■	■	3 ट	प	रा	■
■	■	4 बु	ला	ना	■	■
■	■	ट	■	5 के	■	■
6 को	ख	7 ज	ली	■	ला	■
■	■	ड़े	■	■	सी	■
8 अँ	धि	या	री	■	य	■

अब तक 66 हजार युवाओं को मिला रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **विधानसभा में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने दी जानकारी**

अमृत विचार: राज्य सरकार को वित्तीय वर्ष 2023-24 में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षित 36843 अभ्यर्थियों को सेवायोजित कराने में सफलता मिली। वहीं उप्र. कौशल विकास मिशन के माध्यम से कुल 29354 प्रशिक्षार्थियों को विभिन्न कंपनियों में सेवायोजित कराया गया है। इस तरह व्यावसायिक शिक्षा के जरिए प्रदेश के 66 हजार से ज्यादा युवाओं को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं।

खास बात यह रहा कि रोजगार प्राप्त करने वालों में सभी 18 मंडलों के 75 जिलों से छात्र शामिल हैं। विधानसभा में जारी बजट सत्र के दौरान प्रश्नकाल में पूछे गए एक सवाल के जवाब में यह जानकारी साझा की गई है।

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग कपिल देव अग्रवाल ने सवाल के जवाब में लिखित जानकारी देते हुए सदन को अवगत कराया कि सभी 75 जिलों के छात्रों को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और कौशल विकास पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण लेने के बाद सेवायोजित करने में सफलता मिली है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की बात करें तो सर्वाधिक 4824 अभ्यर्थी राजधानी लखनऊ से चयनित हुए हैं तो वहीं कानपुर नगर से 1901, गोरखपुर से 1523 और झांसी से सर्वाधिक 1414 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है।

हत्थे चढ़ा जाली नोट सप्लायर गैंग का मास्टर माइंड

अमृत विचार, लखनऊः एटीएस ने बंगाल से जाली नोट लाकर उप्र में सप्लाई करने वाले गैंग के मास्टर माइंड को बुधवार की देर रात गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से डेढ़ लाख रुपये से अधिक जाली नोट बरामद किया गया है। गिरफ्तार सरगना, प्रतापगढ़ जिले के महेशगंज थाना क्षेत्र का निवासी अच्छे लाल चौरसिया उर्फ बच्चा है। बीते दिनों एटीएस के हत्थे चढ़े इस गैंग के चार सदस्यों से पूछताछ में मिली सूचना के आधार पर उसको पाण्डेयपुर (वाराणसी) से पकड़ा गया है।

एटीएस के मुताबिक अच्छे लाल चौरसिया जाली नोट सप्लायर गैंग बना रखा है। वह मालदा क्षेत्र (पश्चिम बंगाल) के जाली नोट के तस्करों के संपर्क में था। वह तस्कर बांग्लादेश देश में छपने वाले जाली नोटों को मालदा लाकर अच्छे लाल या उसके बताए कैरियरों को देते थे।

बाढ़ प्रबंधन के लिए 227 .18 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न**

अमृत विचार: मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई राज्य कार्यकारिणी की बैठक में लखनऊ, गोरखपुर, झांसी व गाजियाबाद में नगरीय बाढ़ प्रबंधन व न्यूनीकरण के लिए कुल 227.18 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। प्रस्ताव के तहत लखनऊ में 71.24 करोड़ रुपये की लागत से भूमिगत आरसीसी पाइप नाले के निर्माण व किला मोहम्मदी ड्रेन के रीमॉडलिंग का कार्य कराया कराया जाएगा।

इसके अलावा गोरखपुर में प्रथम चरण में 20 करोड़ रुपये की लागत से बड़े और छोटे पंपिंग स्टेशन व गाजियाबाद में 119.32 करोड़ रुपये से वार्ड-24 बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र में बरसाती पानी के नालों के रीमॉडलिंग का कार्य कराया जायेगा। इसी प्रकार झांसी में 16.62 करोड़ रुपये से नालों क निर्माण व सफाई के लिए मशीन का क्रय किया जायेगा।

इसी क्रम में बैठक में बाढ़ से होने वाली जनहानियों के रोकने के लिये फ्लड सेंटर, जलप्लावित ग्रामों में नौकाओं की उपलब्धता, रिवर सेन्सर्स व अर्ली वॉर्निंग सिस्टम के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। इसी प्रकार गंभीर रूप से जलमग्न होने वाले 2412 ग्रामों के बीच 804 बाढ़ राहत नौकाओं का क्रय किया जायेगा। पहले चरण में 40 करोड़ रूपये की लागत से 400 नौकाएं क्रय करने की स्वीकृति दी गई है।

सुडोकू-54

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	1			7		6	8	
3		2	4					9
			5		1		7	
	9			2		4		
7								5
		8		9			2	
	5		8		3			
4	6					9		8
		7		4			1	

सुडोकू - 53 का हल

2	5	3	9	7	6	3	1	8
8	6	1	2	3	5	9	7	4
3	9	7	4	1	8	6	2	5
6	1	8	7	4	3	2	5	9
4	7	2	1	5	9	8	3	6
5	3	9	8	6	2	7	4	1
1	8	3	6	2	4	5	9	7
9	4	5	3	8	7	1	6	2
7	2	6	5	9	1	4	8	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 08 .02 तक तत्पश्चात अमावस्या।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम। **ऋतु**-शिशिर। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 23 .29 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

मेष — आज जॉब में आपके ऊपर लक्ष्यों को पूर्ण करने का दबाव रहेगा। संतान की शिक्षा में आ रही बाधा दूर होगी। करियर को लेकर एकाग्रचित्त रहेंगे। कार्यक्षेत्र में अनुकूल स्थान-परिवर्तन हो सकता है। परोपकार के कार्यों में आप धन खर्च करेंगे।

वृष — आज विदेश में रह रहे परिजनों से कुछ अच्छी सूचना मिल सकती है। अपना लक्ष्य पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। गुरुजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बच्चों की उन्नति से उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं।

मिथुन — आज प्रेम संबंधों को लेकर ज्यादा गंभीर होना फिलहाल आपके लिए उपयुक्त नहीं है। कारोबार में भी अत्यधिक लालच के कारण ग्राहक नाराज हो सकते हैं। जॉब में आपका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहेगा। संकोच के कारण आप अपनी परेशानियों को भी शेयर नहीं कर पा रहे हैं।

कर्क — आज जीवनसाथी से अपने विचारों को साझा कर सकते हैं। वाणी में मधुरता की प्रशन्सा होगी। छोटी-मोटी बातों को ज्यादा महत्व न दें। शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहेंगे। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। विरोधी आपका अहित करने का प्रयास करेंगे।

सिंह — आज कारोबार की अधूरी पड़ी योजनाओं को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा परिणामों में उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। कानूनी विवादों को तीव्र बुद्धि और सूझबूझ से आप सुलझा लेंगे।

कन्या — आज आत्मविश्वास के साथ सभी कार्यों में आगे बढ़ेंगे। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों की आय में वृद्धि होगी। संतान के व्यवहार से आप दुखी हो सकते हैं। दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आप ख़रीदारी करने जा सकते हैं।

तुला — आज जॉब में आपका प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहने वाला है। संतान की तरफ से शुभ समाचार मिलेंगे। किसी कारणवश आपकी बदनामी हो सकती है। इसीलिए ऐसी स्थितियों को लेकर सावधान रहें। व्यापार में आप नये प्रयोग कर सकते हैं।

वृश्चिक — आज कारोबार में विस्तार कर सकते हैं। स्वादिष्ट व्यञ्जनों का आनन्द उठायेंगे। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी बढ़ सकती है। आपके सभी रुके हुये काम एक के बाद एक पूरे होते जायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका यश बढ़ेगा।

धनु — आज कार्यक्षेत्र में थोड़ी अस्थिरता हो सकती है। आपको किसी के साथ भी अभद्रता नहीं करनी चाहिए। अपने से बड़ों की बात न टालें। माता-पिता की सलाह से नया काम शुरू करना आपके लिए शुभ होगा। सर्दी और कफ बढ़ने की समस्या हो सकती है।

मकर — आज घर का वातावरण बहुत ही अच्छा रहेगा। निर्माण संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। दांपत्य संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। गृहस्थ जीवन में शांति रहेगी। लोग आपके विचारों से काफी सहमत रहेंगे। कोई रुकी हुई डील आज फाइनल हो सकती है।

कुंभ — आज जीवनसाथी की कोई बात बुरी लग सकती है। गुस्से पर नियंत्रण रखें। शारीरिक रूप से कमजोर महसूस करेंगे। व्यवसाय में आपको कुछ प्रयोग करने से बचना चाहिए। भावनात्मक रूप से कमजोर महसूस कर सकते हैं।

मीन — आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। सोशल मीडिया पर आप काफी सक्रिय रहेंगे। पारिवारिक परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। उधार दिया हुआ धन आपको प्राप्त होगा। घर में बच्चों की किलकारी गूंजेगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
दिल ही तो है — सुबह : 09 .00
इंडियन — रात : 09 .00

SONY SMAX
पति पत्नी और वो — सुबह : 11 .28
मेजर — रात : 09 .40

Utsav Gold
ओ तेरी — सुबह : 10 .00
यारियां — रात : 07 .00

ZEE CINEMA
चालबाज — सुबह : 09 .00
अनाड़ी नम्बर वन — रात : 07 .00

colors CINEPLEX
दोस्ताना — सुबह : 11 .34
स्वदेश — शाम : 06 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-09 .40 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पप्पू - इतना परेशान क्यों है?
गप्पू - अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े
टेडी बियर गिफ्ट किए थे...
पप्पू - तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू - उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए!

साला (जीजा से)-जीजा जी!
मेरी बहन तो गाय है गाय,
जीजा-फिर साले गौशाला में ही
छोड़ आते,
मेरे साथ क्यों बांध दी...

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	71,428.43	21,717.95
नुकसान	723.57	212.55
प्रतिशत में	1.00	0.97

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शुक्रवार, 9 फरवरी 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 900।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूंदड़ा	2525-2550
आरआर 21	2700-2750
गेहूंफ़ारम	2800-2850
जौ	2000-2100
ज्वार	2600-4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000-2200
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5400-5500
अरहर	8000-8300
मसूर	5500-5600
मटर	4400-4500
उड़दहरा	10000-10200
उड़दकाला	6000-8000
मूंग	8500-8800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	15100-15300
अरहरस्पेशल1	12500-12700
चनादाल	6800-6900
मटरदाल	5400-5500
मसूरमलका	7000-7050
मसूरदाल	7050-7100
उड़ददाल	8800-12500
उड़द धोवा	10200-12800
मूँगदाल	9500-10500
मूँग धोवा	9500-11500
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000-2300
बासमती नं.1	9100-11000
सेला	2500-3000
बासमती नं.2	7000-8000
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1490-1550
मैदा	1475-1520
सूजी	1500-1550
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1430-1475
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	4950-5000
अलसी	4500-4600 रुपये।

अगले वित्त वर्ष में वृद्धि दर रहेगी 7 प्रतिशत

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास बोले-उपभोक्ता मांग, निजी निवेश में हो रहा सुधार

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक का अनुमान है कि परिवारों का उपभोग बढ़ने और निजी निवेश में सुधार से अगले वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहेगी। हालांकि, यह राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के चालू वित्त वर्ष (2023-24) के 7.3 प्रतिशत के अनुमान से कम है।

भारतीय अर्थव्यवस्था 2022-23 में 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि ग्रामीण मांग में तेजी जारी है, शहरी खपत मजबूत बनी हुई है और पूंजीगत व्यय में वृद्धि के कारण निवेश चक्र रफ्तार पकड़ रहा है। निजी निवेश में भी सुधार के संकेत दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि रबी बुवाई में सुधार, विनिर्माण क्षेत्र के लाभ में सतत वृद्धि और सेवा क्षेत्र में अंतर्निहित मजबूती से 2024-25 में आर्थिक गतिविधियों को समर्थन मिलेगा। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान है। जून और सितंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर क्रमशः 7.2 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत रहेगी।

नियमों का अनुपालन नहीं करने पर पेटीएम के खिलाफ की कार्रवाई

आरबीआई ने बृहस्पतिवार को कहा कि पेटीएम ने बार-बार कहे जाने के बावजूद नियामकीय दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया और इसके कारण वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। आरबीआई ने यह भी साफ किया कि व्यवस्था के स्तर पर चिंता वाली कोई बात नहीं है। केंद्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह साफ किया कि नियमों के अनुपालन में पेटीएम की कमी व्यवस्था को लेकर कोई जोखिम पैदा नहीं करती है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि कौन से मामलों को लेकर वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

रेपो दर को स्थिर रखना व्यावहारिक कदम टिकाऊ वृद्धि सुनिश्चित करेगा: विशेषज्ञ

विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने नीतिगत ब्याज दर स्थिर रखने के रिजर्व बैंक के निर्णय को व्यावहारिक बताते हुए कहा कि यह फैसला टिकाऊ आर्थिक वृद्धि को सुनिश्चित करेगा। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने वैश्विक अनिश्चितता और खुदरा मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर लाने की जरूरत को देखते हुए लगातार छठी बार रेपो दर को अपरिवर्तित रखने का फैसला किया है। उद्योग मंडल एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने टिकाऊ आर्थिक वृद्धि के इस फैसले को व्यावहारिक बताया। कोटक आल्टरनेट एसेट मैनेजर्स की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (निवेश एवं रणनीति) लक्ष्मी अय्यर ने कहा कि मुद्रास्फीति के मोर्चे पर कोई बड़ी चिंता न जताना राहत देने वाली बात है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की दिल्ली इकाई के चेयरमैन पुनीत कौरा ने आरबीआई का यह कदम उम्मीदों के अनुरूप ही है।

रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा के बाद बाजार में सेंसेक्स 724 अंक लुढ़का

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 723 अंक से अधिक लुढ़क गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद नीतिगत दर में कटौती के समय को लेकर अनिश्चितता बढ़ने से बैंक और वाहन शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में बढ़त में था, लेकिन बाद में यह 723.57 अंक यानी एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,428.43 अंक पर बंद हुआ। आरबीआई की मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद बाजार नुकसान में आया और एक समय यह 921.38 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 212.55 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,717.95 अंक पर बंद हुआ।

▸▸ **सेंसेक्स ने शुरुआती लाभ गंवाया, निफ्टी भी 212 अंक गिरा**

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने बृहस्पतिवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार छठी बार प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। ब्याज दर से संबंधित बैंक और वित्तीय सेवाएं, वाहन, रियल्टी और जिंस कंपनियों के शेयर दबाव में रहे जबकि ऊर्जा तथा आईटी शेयरों में तेजी रही।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-हालांकि, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाया गया है, पर केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति और बैंक नकदी को लेकर सतर्क बना हुआ है। रेपो दर में मई, 2022 से छह बार में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि का लाभ अभी पूरी तरह नहीं मिला है और मुद्रास्फीति लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। इससे नीतिगत दर में कटौती के समय को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इसका असर सरकार के 10 साल के बॉन्ड प्रतिफल पर दिखा और यह बढ़ गया है। उन्होंने कहा, ''बाजार का बड़ा हिस्सा नुकसान में रहा। इसमें दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी), बैंक और वाहन कंपनियां शामिल हैं।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	72,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,400
गिन्नी (प्रति नग)	48,000-48,200
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,400
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,250
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	72,200
चांदी तैयार	72,300
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,100
सोना जेवरात गिन्नी	63,100
चांदी पक्की	714(अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,300
चांदी आभूषण	72,200।

राजस्थान सरकार ने की 70,000 पदों पर भर्तियों की घोषणा

जयपुर। राजस्थान की वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बृहस्पतिवार को विधानसभा में लेखानुदान या अंतरिम बजट पेश किया। इसमें उन्होंने 70,000 पदों पर भर्तियां करने, गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत एक लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त अल्पकालिक ऋण देने, जयपुर के निकट 'हाईटेक सिटी' विकसित करने, 'लाडो प्रोत्साहन योजना' के तहत गरीब परिवारों की बालिकाओं के जन्म पर एक लाख रुपये का 'सेविंग बॉन्ड' देने सहित कई घोषणाएं कीं। पिछले साल दिसंबर में सत्ता में आई भाजपा सरकार का यह पहला अंतरिम बजट था।

सरसों का दाम एमएसपी से नीचे आया, तो सरकार करेगी खरीद : मुंडा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और जनजातीय कार्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि सरसों का दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे जाता है, तो सरकार एमएसपी पर किसानों से इसकी खरीद करेगी।

उन्होंने कहा कि इसके लिए जरूरी व्यवस्था की गई है। मुंडा ने एक बयान में कहा-केंद्र सरकार द्वारा रबी विपणन सत्र के दौरान मूल्य समर्थन योजना या पीएसएस के अंतर्गत सरसों की खरीद की तैयारियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के लिए किसानों का हित सर्वोपरि है। यदि सरसों का दाम एमएसपी से नीचे जाता है तो सरकार ने किसानों से एमएसपी पर इसकी खरीद के लिए आवश्यक व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि रबी विपणन सत्र (आरएमएस) के लिए, केंद्रीय नोडल एजेंसियों को पहले से ही मूल्य समर्थन योजना के तहत सरसों की खरीद के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो।

एलआईसी बनी पांचवीं सबसे मूल्यवान कंपनी

नई दिल्ली। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के शेयरों में बृहस्पतिवार को छह प्रतिशत से अधिक का उछाल आने के बाद इसका बाजार मूल्यांकन 6.99 लाख करोड़ रुपये हो गया और यह देश की पांचवीं मूल्यवान कंपनी बन गई। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी का शेयर बीएसई पर 5.86 प्रतिशत चढ़कर 1,106.25 रुपये के भाव पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 9.51 प्रतिशत बढ़कर 1,144.45 रुपये के अपने रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया था। एनएसई पर कंपनी का शेयर 6.46 प्रतिशत की उछाल के साथ 1,112 रुपये के भाव पर बंद हुआ।

इक्विटी म्यूचुअल फंड में आया 21,780 करोड़ रुपये का निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **जनवरी माह में दो साल के उच्चस्तर पर पहुंचा**

इक्विटी म्यूचुअल फंड में जनवरी, 2024 में शुद्ध रूप से 21,780 करोड़ रुपये का निवेश आया है। यह लगभग दो साल में किसी भी महीने में हुआ सबसे अधिक मासिक निवेश है। इस दौरान निवेशकों ने स्मॉल-कैप फंड को प्राथमिकता देना जारी रखा।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की ओर से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। दिसंबर, 2023 में इस श्रेणी में लगभग 17,000 करोड़ रुपये का निवेश आया था। जनवरी में निवेश प्रवाह मार्च, 2022 के बाद से सबसे अधिक था। मार्च, 2022 में इक्विटी म्यूचुअल फंड में 28,463 करोड़ रुपये का निवेश किया गया था। ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि इक्विटी कोषों में लगातार 35 माह से शुद्ध निवेश आ रहा है। समीक्षाधीन महीने में वैल्यू फंड को छोड़कर, इक्विटी खंड की सभी श्रेणियों में शुद्ध प्रवाह आया। थीम आधारित फंडों में 4,805 करोड़ रुपये, स्मॉल-कैप फंड में 3,257 करोड़ रुपये और मल्टी-कैप में 3,039 करोड़ रुपये आए।

राष्ट्रीय

संप्रग के कार्यकाल की चुनौतियों पर राजग ने काबू पाया

संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर एक श्वेत पत्र पेश किया

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को भारतीय अर्थव्यवस्था पर एक 'श्वेत पत्र' संसद में पेश किया। श्वेत पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार से विरासत में मिली चुनौतियों पर पिछले 10 वर्षों में सफलतापूर्वक काबू पाया है। साथ ही भारत को उच्च वृद्धि के रास्ते पर लाने के लिए 'कड़े फैसले' किए हैं।

कुल 59 पृष्ठ के 'भारतीय अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र' में कहा गया है कि जब 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार ने सत्ता संभाली, तो अर्थव्यवस्था नाजुक स्थिति में थी, सार्वजनिक वित्त खराब स्थिति में था। साथ ही आर्थिक कुप्रबंधन, वित्तीय अनुशासनहीनता और व्यापक भ्रष्टाचार का बोलबाला था। सीतारमण द्वारा लोकसभा में पेश किए गए दस्तावेज में कहा गया है कि यह एक संकटपूर्ण स्थिति थी। अर्थव्यवस्था को चरण दर चरण सुधारने और शासन प्रणालियों को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी बहुत बड़ी थी। श्वेत पत्र के मुताबिक, संप्रग सरकार आर्थिक गतिविधियों को सुचारू रूप देने में बुरी तरह विफल रही। इसके बजाय संप्रग सरकार ने बाधाएं पैदा कीं, जिससे अर्थव्यवस्था पीछे रह गई। इस दस्तावेज में साथ ही यह भी कहा गया कि 2014 में राजग सरकार को विरासत में बेहद कमजोर अर्थव्यवस्था मिली थी। श्वेत पत्र में कहा गया कि मोदी सरकार ने व्यापक आर्थिक बेहतरी के लिए कठोर निर्णय लेने की जरूरत को समझा। इसके मुताबिक-हमारी सरकार ने अपनी पिछली सरकार के विपरीत एक मजबूत ढांचा बनाने के साथ ही अर्थव्यवस्था की नींव में निवेश किया।

अंतरिम बजट एवं वित्त विधेयक को मिली संसद में मंजूरी

संसद ने बृहस्पतिवार को अंतरिम बजट 2024-25, वित्त विधेयक, 2024 और जम्मू कश्मीर के अंतरिम बजट 2024-25 को मंजूरी प्रदान कर दी और इस तरह वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट को पारित करने की प्रक्रिया पूरी हुई। उच्च सदन में अंतरिम बजट 2024-25, वित्त विधेयक, 2024 और जम्मू कश्मीर के अंतरिम बजट 2024-25 और अनुदान की अनुपूरक मांगों एवं इससे संबंधित विधेयक पर हुई संयुक्त चर्चा पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब के बाद इन्हें ध्वनिमत से लौटा दिया गया। लोकसभा इन्हें कल ही पारित कर चुकी है। इसी के साथ संसद ने केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के लिए 1.8 लाख करोड़ रुपये के बजट को भी मंजूरी दे दी।

लोकतंत्र के मंदिर को प्रासंगिक बनाए रखने का किया गया प्रयास: धनखड़

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि लोकतंत्र के इस मंदिर को संवाद, बहस और विचार-विमर्श का मंच बनाकर प्रासंगिकता बनाए रखने का प्रयास किया गया है। श्री धनखड ने गुरुवार को राज्यसभा में सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों के विदाई कार्यक्रम में कहा कि यह हम सभी के लिए एक भावनात्मक अवसर है। सदन के 68 सहयोगियों को विदाई दी जा रही है। ये सदस्य अपना कार्यकाल पूरा होने के बाद फरवरी से मई के बीच सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सेवानिवृत्त होने वाले सदस्य भी भारत और प्रत्येक भारतीय के हित को आगे बढ़ाने के अपने प्रयासों के लिए गहन संतुष्टि की भावना के साथ जाएंगे।

भारत-म्यांमा सीमा पर मुक्त आवागमन व्यवस्था खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच पर दी जानकारी**

▸▸ **कहा-देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए लिया गया फैसला**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र ने देश की आंतरिक सुरक्षा और पूर्वोत्तर राज्यों की जनसांख्यिकीय संरचना को बनाए रखने के लिए भारत-म्यांमा मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) को खत्म करने का फैसला किया है। शाह ने कहा, चूंकि विदेश मंत्रालय फिलहाल इसे खत्म करने की प्रक्रिया में है, गृह मंत्रालय (एमएचए) ने एफएमआर को तत्काल निलंबित करने की सिफारिश की है। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने इस कदम के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री शाह को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह कदम आंतरिक सुरक्षा के लिये अहम है। एफएमआर भारत-म्यांमा सीमा के करीब रहने वाले लोगों को बिना किसी दस्तावेज के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किमी तक जाने की अनुमति देता है।

शाह ने एक्स पर कहा-हमारी सीमाओं को सुरक्षित करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का संकल्प है। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने फैसला किया है कि देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और म्यांमा की सीमा से लगे भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की जनसांख्यिकीय संरचना को बनाए रखने के लिए भारत और म्यांमा के बीच मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) को खत्म कर दिया जाएगा। यह घोषणा शाह के इस बयान के दो दिन बाद आई कि भारत ने पूरी 1,643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने का फैसला किया है। मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरने वाली भारत-म्यांमा सीमा वर्तमान में एफएमआर है। इसे 2018 में भारत की 'पूर्वोन्मुख नीति' के हिस्से के रूप में लागू किया गया था। मणिपुर के मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-हमारी सीमाओं को सुरक्षित करने की प्रतिबद्धता के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और माननीय गृह मंत्री अमित शाह जी का बहुत आभारी हूं। जैसा कि भारत के गृह मंत्री ने सिफारिश की है।

एक नजर

सड़क दुर्घटना में चार की मौत, 15 घायल

रायगंज। पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में एक तेज रफ्तार ट्रक दो वाहनों से टकराकर पलट गया, जिससे एक स्वयंसेवी सहित चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 15 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग-12 पर करणदिघी में तुंगीदिघी बस स्टैंड के पास हुई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ''तेज रफ्तार ट्रक पहले दो चलती गाड़ियों से टकराया और इसके बाद पलट गया। इस हादसे में एक साइकिल सवार समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य 15 लोग घायल हो गए।

फर्जी पहचान से यात्रा कर रहे 2 गिरफ्तार

इंदौर (मध्यप्रदेश)। चेन्नई से इंदौर आए दो लोगों को पुलिस ने फर्जी पहचान पत्रों के आधार पर यात्रा करने के आरोप में यहां के देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) आदित्य मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद उमर (43) और जाकिर हुसैन (30) के रूप में हुई है।

नक्सलियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ डेटोनेटर और विस्फोटक सामग्री जब्त

गढ़चिरौली। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस ने नक्सलियों से मुठभेड़ के बाद कुछ विस्फोटक सामग्री, डेटोनेटर और अन्य चीजें जब्त की हैं। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने कहा कि उन्हें बुधवार शाम को जानकारी मिली थी कि सशस्त्र नक्सली कैडर कांकेर-नारायणपुर-गढ़चिरौली सीमा पर वांगेतुरी से सात किलोमीटर पूर्व में हिद्दुर गांव में डेरा डाले हुए हैं। इसके बाद गढ़चिरौली पुलिस की विशेष लड़ाकू इकाई सी-60 यूनिट के जवानों की एक टीम को इलाके में तलाशी अभियान पर भेजा गया। उन्होंने कहा कि इस दौरान शाम करीब सात बजे हिद्दुर गांव से करीब 500 मीटर दूर नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी की।

कांग्रेस को झटका, पूर्व मंत्री सिद्दीकी ने दिया इस्तीफा

मुंबई, एजेंसी

▸▸ **अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा में शामिल होंगे**

महाराष्ट्र की राजनीत में में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा जियाउद्दीन सिद्दीकी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है और वह अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा में शामिल होंगे।

बाबा जियाउद्दीन सिद्दीकी को 'बाबा सिद्दीकी' के नाम से भी जाना जाता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने के एक महीने के भीतर शहर के दूसरे नेता ने कांग्रेस को अलविदा कहा है। सिद्दीकी के बेटे जीशान शहर से कांग्रेस विधायक हैं। बाबा सिद्दीकी ने हालांकि कहा कि वह (जीशान) अपना फैसला खुद लेंगे। सिद्दीकी (66) ने कांग्रेस छोड़ने के अपने फैसले का कोई कारण नहीं बताया है। पार्टी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि कहने के लिए बहुत कुछ है लेकिन कुछ चीजों को अनकहा छोड़ दिया।

उत्तर रेलवे का 68वां रेल सप्ताह...

उत्कृष्ट सेवा के लिए भगत सिंह सहित कई कर्मचारी सम्मानित

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी, अपर महाप्रबंधक अजय कुमार सिंघल, कार्मिक अधिकारी प्रमिला हिंगोरानी भार्गव की उपस्थिति में भगत सिंह को पुरस्कृत किया गया।

नई दिल्ली, ब्यूरो

▸▸ **पांचों मंडलों में राजधानी दिल्ली सबसे आगे**

अमृत विचार: उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए उत्तर रेलवे के मुख्य टिकट निरीक्षक भगत सिंह सहित कई रेल कर्मचारियों को रेल सप्ताह के अंतर्गत सम्मानित किया गया है। जबकि लखनऊ, मुरादाबाद, अंबाला, फिरोजपुर व दिल्ली मंडलों में दिल्ली को सर्वश्रेष्ठ मंडल के लिए शील्ड प्रदान की गई है।

चाणक्यपुरी स्थित रेल संग्रहालय में आयोजित रेल सप्ताह समारोह के अंतर्गत उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने उत्कृष्ट सेवा के लिए रेल कर्मियों को पुरस्कृत किया इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अजय कुमार सिंघल, विभिन्न विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी, उत्तर रेलवे के कर्मचारी, यूनियनों, एसोसिएशनों और फेडरेशनों के सदस्यगण, उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष सन्नीति चौधुरी आदि उपस्थित थीं। कार्य-निष्पादन मानकों के आधार पर महाप्रबंधक द्वारा 54 रनिंग शील्डें प्रदान की गईं। सभी क्षेत्रों में 'सर्वश्रेष्ठ कार्य निष्पादन' के लिए दिल्ली मंडल को ओवरॉल उत्कृष्टता शील्ड प्रदान की गई। फिरोजपुर मंडल को मितव्ययिता शील्ड प्रदान की गई। बेस्ट इम्प्रूव्ड डिवीजन शील्ड मुरादाबाद मंडल को प्रदान की गई।

विपक्षी सरकारों के खिलाफ युद्ध छेड़ रहा केंद्र : केजरीवाल

▸▸ **जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री ने लगाया आरोप**

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, भगवंत मान, फारूक अब्दुल्ला और अन्य लोगों ने भाजपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उस पर विपक्षी दलों के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों के खिलाफ युद्ध छेड़ने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के नेतृत्व में केरल के वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के नेताओं और सांसदों ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। केजरीवाल ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। प्रदर्शन में शामिल हुए केजरीवाल ने कहा-विपक्षी दलों के नेतृत्व वाली सरकारें देश के 70 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करती हैं। भाजपा ने विपक्ष शासित राज्यों के खिलाफ जंग छेड़ रखी है। उन्होंने हमारे लिये भारत-पाकिस्तान जैसी स्थिति बना दी है। केंद्र सरकार विपक्षी सरकारों को परेशान करने के लिए हर हथकंडा अपना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र राज्य सरकारों को निधि देने से वंचित कर रहा है, राज्यपालों और उपराज्यपालों के माध्यम से काम में बाधा डाल रहा है तथा विपक्षी नेताओं के पीछे केंद्रीय एजेंसियों को लगा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा-वह (केंद्र सरकार) उन्हें निधि देने से वंचित कर रही है, राज्यपालों और उपराज्यपालों के माध्यम से काम में बाधा डाल रही है। वह विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग करके उन्हें परेशान भी कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारी यहां अपने परिवारों के लिए भीख मांगने या कुछ मांगने नहीं आए हैं।

ईडी ने सांसद धीरज साहू को 10 को पूछताछ के लिए समन भेजा

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास पर बीते 29 जनवरी को ईडी की टीम ने छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी की टीम ने एक हरियाणा नंबर की बीएमडब्ल्यू कार को जब्त कर अपने साथ ले गई थी। सूत्रों के अनुसार ईडी की टीम ने जिस बीएमडब्ल्यू कार को बरामद किया था, वो कार कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के हरियाणा के गुरुग्राम स्थित मानेसर के आवास के पते पर रजिस्टर थी। वहीं दूसरी ओर ईडी की टीम गुरुवार को सासंद धीरज साहू के मानेसर स्थित आवास पर मामले की जांच करने पहुंची है। साथ ही इस मामले में ईडी ने सांसद धीरज साहू को पूछताछ के लिये समन भेजा है।

यूसीसी... कितना नफा कितना नुकसान

दशकों से, भारत में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की अवधारणा गरमागरम बहस और चर्चा का विषय रही है। यूसीसी के पीछे मूल विचार विवाह, तलाक, विरासत और गोद लेने जैसे व्यक्तिगत मामलों को नियंत्रित करने वाले कानूनों का एक सेट स्थापित करना है, जो सभी नागरिकों पर उनकी धार्मिक संबद्धता की परवाह किए बिना लागू हो। हालाँकि, भारत के विविध धार्मिक परिदृश्य को देखते हुए, इस तरह के कोड को लागू करने की राह जटिलताओं और संवेदनशीलता से भरी हुई है। आइए जानते हैं यूसीसी लागू करने पर कितना नफा और कितना नुकसान होगा।

समान नागरिक संहिता पर क्या कहता है भारतीय संविधान

भारत का संविधान, अनुच्छेद 44 के तहत, निर्देशक सिद्धांत को स्थापित करता है कि राज्य अपने नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता को सुरक्षित करने का प्रयास करेगा। फिर भी, मुद्दे की जटिल प्रकृति को देखते हुए, यूसीसी को अधिनियमित करने का निर्णय सरकार पर छोड़ दिया गया। वर्षों से कई चर्चाओं के बावजूद, एक के बाद एक सरकारें अपनी विवादास्पद और राजनीतिक रूप से संवेदनशील प्रकृति के कारण यूसीसी को लागू करने की चुनौती से जूझ रही हैं।

हिंदू पर्सनल लॉ

हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 और हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 जैसे अधिनियमों द्वारा शासित, हिंदू व्यक्तिगत कानून प्राचीन धार्मिक ग्रंथों और रीति-रिवाजों से निकले हैं। ये कानून हिंदू महिलाओं के लिए समान विरासत अधिकार सुनिश्चित करते हैं, जो लैंगिक समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मुस्लिम पर्सनल लॉ

भारत में मुसलमान शरिया सिद्धांतों पर आधारित मुस्लिम पर्सनल लॉ का पालन करते हैं। मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937, मुसलमानों के बीच विवाह, तलाक, विरासत और रखरखाव जैसे मामलों को नियंत्रित करता है।

भारत में विभिन्न नागरिक संहिताएं

भारत में, जीवन के विभिन्न पहलुओं को नियंत्रित करने वाले व्यक्तिगत कानून धार्मिक ग्रंथों और रीति-रिवाजों में गहराई से निहित हैं, जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न धार्मिक समुदायों के लिए अलग-अलग नागरिक कोड बने हैं।

अन्य समुदाय

ईसाई, पारसी और यहूदी 1925 के भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम द्वारा शासित होते हैं, जिनमें से प्रत्येक के विवाह, विरासत और संबंधित मामलों से संबंधित अपने प्रावधान हैं।

यूसीसी से जुड़े विवाद

समान नागरिक संहिता पर बहस बहुआयामी है, जो भारत की धार्मिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक विविधता को दर्शाती है।

धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता

आलोचकों का तर्क है कि यूसीसी एक समान संहिता के साथ व्यक्तिगत धार्मिक कानूनों को प्रतिस्थापित करके भारत की समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता को कमजोर कर सकता है। उन्हें डर है कि यह धार्मिक स्वतंत्रता पर आघात कर सकता है और देश के सांस्कृतिक ताने-बाने को नष्ट कर सकता है।

अल्पसंख्यक अधिकारों का संरक्षण

विरोधी अल्पसंख्यक समुदायों पर प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करते हैं, जिनके व्यक्तिगत कानून उनकी धार्मिक पहचान का अभिन्न अंग हैं। उन्हें चिंता है कि यूसीसी उनके अधिकारों और सांस्कृतिक स्वायत्तता को कमजोर कर सकता है, जो भारत जैसे बहुलवादी समाज में आवश्यक है।

राजनीतिक विचार

यूसीसी अक्सर राजनीतिक पैंतरेबाजी का एक उपकरण बन जाता है, पार्टियां इसका उपयोग अपने मतदाता आधार को आकर्षित करने के लिए करती हैं। हालांकि इसकी खूबियों और कमियों पर वास्तविक चर्चा अक्सर राजनीतिक गणनाओं में पीछे रह जाती है।

लैंगिक समानता और महिलाओं के अधिकार

समर्थकों का तर्क है कि यूसीसी कुछ व्यक्तिगत कानूनों में भेदभावपूर्ण प्रथाओं को समाप्त करके लैंगिक समानता को बढ़ावा देगा। हालांकि विरोधियों का मानना है कि धार्मिक स्वतंत्रता से समझौता किए बिना मौजूदा ढांचे के भीतर लैंगिक न्याय हासिल किया जा सकता है।

एक नजर

श्रीलंकाई नौसेना ने 19 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंका ने उत्तरी जाफना प्रांत में डेफ्ट द्वीप के पास अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 19 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर उनकी दो नौकाओं को जब्त कर लिया है। श्रीलंका की नौसेना ने बताया है कि, यह एक महीने के भीतर इस तरह की दूसरी घटना है। श्रीलंका की नौसेना ने एक बयान में कहा कि उसने तटरक्षक बल के साथ एक अभियान में बुधवार को श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ रहे 19 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ उनकी दो नौकाओं को भी जब्त कर लिया। पकड़े गए मछुआरों और उनकी दो नौकाओं को कांकेसंथुराई बंदरगाह ले जाया गया।

आइसलैंड में ज्वालामुखी विस्फोट

ग्रिंडाविक (आइसलैंड)। दक्षिण-पश्चिमी आइसलैंड में दिसंबर के बाद से तीसरी बार फटा ज्वालामुखी, जिससे आकाश में धुएं का गुबार छा गया। द्वीपीय राष्ट्र के सबसे बड़े पर्यटक केंद्रों में से एक ब्लू लैगून स्पा को खाली कराना पड़ा। आइसलैंड के मौसम विज्ञान कार्यालय ने कहा कि विस्फोट माउंट सुंधनुकुर के उत्तर-पूर्व में तीन किलोमीटर दरार आने के साथ शुरू हुआ। ज्वालामुखी फटने की यह घटना 3,800 लोगों की आबादी वाले तटीय शहर ग्रिंडाविक से लगभग चार किलोमीटर उत्तर-पूर्व में हो रही है, जिसे 18 दिसंबर को पिछले विस्फोट से पहले खाली करा लिया गया था।

अमेरिकी सेना के हमले में हिजबुल्लाह का कमांडर ढेर

वाशिंगटन। इराक में अमेरिका की सेना के हमले में कताइब हिजबुल्लाह के एक कमांडर की मौत हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति प्रशासन ने गुरुवार को बताया कि अमेरिकी बलों ने गुरुवार देर रात हमला किया, जिसमें बगदाद के कताइब हिजबुल्लाह कमांडर को मारा गया। यह कमांडर क्षेत्र में अमेरिकी सेनाओं पर हमलों की सीधे योजना बनाने और उनमें शामिल होने के लिये जिम्मेदार था। इस हमले में कोई आकस्मिक क्षति या नागरिक हताहत नहीं हुआ ।अमेरिका अपने लोगों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई करना जारी रखेगा।" गौरतलब है कि यह हमला 28 जनवरी को जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ड्रोन हमले के खिलाफ जारी अमेरिकी जवाबी कार्रवाई का हिस्सा था।

अमेरिका में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त पांच नौसैनिकों की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक हेलीकॉप्टर हादसे में पांच नौसैनिकों की मौत हो गयी है। यूएस मरीन कॉर्प्स ने गुरुवार को पुष्टि की कि मंगलवार को कैलिफोर्निया में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में पांच नौसैनिकों की मौत हो गई। मरीन कॉर्प्स की ओर जारी बयान में कहा गया है, छह फरवरी को सीएच-53ई हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बाद तीसरी मरीन एयरक्राफ्ट विंग के मरीन एयरक्राफ्ट ग्रुप 16 के मरीन हेवी हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन 361 के पांच नौसैनिकों की मौत हुई है। बता दें, प्रशिक्षण उड़ान के दौरान यह घटना घटी है। दुर्घटना की जांच चल रही है।

पाकिस्तान में आतंकी घटनाओं के बीच हुआ मतदान, मोबाइल सेवाएं रहीं ठप

हाइब्रिड सरकार के आसार, सेना के हाथ में होगी नए पीएम की कमान

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में छिटपुट हिंसा के बीच आम चुनाव के लिए गुरुवार शाम मतदान पूरा हो गया और मतगणना शुरू हो गई, शुक्रवार दोपहर तक ज्यादातर परिणाम आने की उम्मीद है।

चुनाव सर्वे में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) को आगे माना जा रहा है। नवाज को सेना का समर्थन भी माना जा रहा है। बता दें, नवाज की पार्टी पीएमएलएन के नेतृत्व वाली हाइब्रिड सरकार बनने के आसार हैं। हाइब्रिड इसलिए क्योंकि पहले सरकारें सत्ता में आने के बाद सेना से समझौता करती थीं, लेकिन इस बार चुनाव से पहले की सेना और राजनीतिक दलों का गठजोड़ हो गया है। मतदान के बाद मतगणना स्थलों पर ही उम्मीदवारों के एजेंटों के समक्ष मतपेटियों की सील तोड़कर मतगणना शुरू कर दी गई। मतगणना संचालित कराने वाले पीठासीन अधिकारी ही रिटर्निंग ऑफिसर के जरिये चुनाव प्रबंधन व्यवस्था को सूचित करेंगे और परिणाम की घोषणा करेंगे। चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से पूरा कराने के लिए मतगणना स्थलों के आसपास छह लाख सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे।

मतगणना स्थलों के आसपास मौजूद रहे सुरक्षाकर्मी दूसरी तरफ मतदान करते पूर्व पीएम नवाज शरीफ।

चार पुलिसकर्मियों की मौत, 2 अन्य घायल

आतंकवादियों ने गुरुवार दोपहर को आम चुनाव के बीच खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले के कुलाची में एक पुलिस मोबाइल वैन को निशाना बनाया। आतंकवादियों ने पहले यहां आईईडी ब्लास्ट किया और उसके बाद अंधाधुंध गोलियां बरसाईं, जिससे चारों ओर चीख-पुकार मच गई। खैबर पख्तूनख्वा में हुए इस आतंकी हमले में चार सुरक्षाकर्मियों की जान चली गई और 2 अन्य घायल हो गए। गृह मंत्रालय ने सुरक्षा कारणों के चलते चुनाव के दिन पूरे पाकिस्तान में मोबाइल सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया। कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा उपाय आवश्यक है।

सरकार का तख्तापलट और सेना का दखल

पाकिस्तान में चुनी हुई सरकार का तख्तापलट आम बात है, लेकिन इस बार चुनाव प्रक्रिया में भी सेना का दखल जारी है। सेना नवाज शरीफ को चौथी बार पीएम बनाना चाहती है लेकिन उन्हीं नवाज की सरकार का जनरल परवेज मुशर्रफ से तख्तापलट किया था। सेना, राष्ट्रपति और कोर्ट का दखल इतना है कि 1988 के बाद पाक में कोई भी निर्वाचित पीएम अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया।

निर्वाचित पीएम	कार्यकाल	सरकार क्यों गई
बेनजीर भुट्टो	1988-1990	राष्ट्रपति द्वारा सरकार भंग
नवाज शरीफ	1990-1993	इस्तीफा देना पड़ा
बेनजीर भुट्टो	1993 से 1996	राष्ट्रपति द्वारा बर्खास्त
नवाज शरीफ	1996 से 1999	मुशर्रफ द्वारा तख्तापलट
1999 से 2008 तक सैन्य तानाशाह सरकार के पीएम रहे		
युसुफ रजा गिलानी	2008 से 2012	सुप्रीम कोर्ट द्वारा अयोग्य
नवाज शरीफ	2013 से 2017	सुप्रीम कोर्ट द्वारा अयोग्य
इमरान खान	2018 से 2022	अविश्वास प्रस्ताव

पेस सैटेलाइट लॉन्च मौसम का पूर्वानुमान लगाने में मिलेगी मदद

केप केनवेरल। गर्म होती धरती के महासागरों और वायुमंडल का अंतरिक्ष से विस्तृत सर्वेक्षण करने के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का जलवायु उपग्रह स्पेसएक्स के फॉल्कन राकेट से गुरुवार को रवाना हो गया। इस मिशन के तहत अंतरिक्ष से धरती पर मौजूद महासागरों, झीलों और नदियों का सर्वेक्षण किया जाएगा। मिशन का नाम प्लैंकटन, एरोसोल, क्लाउड, ओशन इकोसिस्टम (पेस) है। विज्ञानियों को उम्मीद है कि एक या दो महीने में डाटा मिलना शुरू हो जाएगा।

जेलों में गर्भवती हो रहीं महिला कैदी, हाईकोर्ट में याचिका दायर

कोलकाता, एजेंसी। कलकत्ता उच्च न्यायालय में गुरुवार को एक जनहित याचिका दायर (पीआईएल) की गई। जिसमें जानकारी दी गई कि राज्य की जेलों में महिला कैदी गर्भवती हो रही हैं। याचिका में कहा गया है कि, सजा काटने के दौरान महिला कैदी गर्भवती हो रहीं हैं।

यह जानकारी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति टीएस शिवगनामन और न्यायमूर्ति सुप्रतिम भट्टाचार्य की पीठ के सामने लाई गई। याचिका में अदालत से सुधार गृहों के पुरुष कर्मचारियों के उन बाड़ो में काम करने पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया, जहां महिला कैदियों को रखा जाता है। इसमें कहा गया कि यह एक बहुत ही गंभीर मामला है। न्याय मित्र ने अदालत को बताया कि जेलों में अब तक कम से कम 196 शिशुओं ने जन्म लिया है। यह मामला जेल के अंदर बंद महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ा है। उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि सुधार गृहों के पुरुष कर्मचारियों का उन बाड़ों में प्रवेश पूरी तरह रोका जाए, जहां महिला कैदियों को रखा जाता है। मुख्य न्यायाधीश शिवगनामन ने इस मामले में एक आदेश पारित किया और कहा, हमारे संज्ञान में लाया गया यह मुद्दा बहुत गंभीर है। हम इन सभी मामलों को आपराधिक मामलों की सुनवाई करने वाली पीठ को स्थानांतरित (ट्रांसफर) करना उचित समझते हैं।

मोदी को आगामी चुनाव में मिलेगा विदेश से भी समर्थन

वाशिगटन, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरा टर्म दिलाने के लिए देश ही नहीं विदेशों से भी अभियान चलाए जाने की तैयारी है। इसके लिए ओवरसीज फ्रेंड्स आफ बीजेपी ने कई योजनाएं बनाई हैं। इसमें देशभर में 25 लाख लोगों को फोन कर प्रधानमंत्री को एक बार फिर से जिताने के वोट देने की अपील की जाएगी।

साथ ही तीन हजार भारतवंशियों का प्रतिनिधिमंडल भारत भेजा जाएगा। यह देशभर में कई स्थानों पर भाजपा और उनके उम्मीदवारों के समर्थन में कैंपेन चलाएंगे।

▸▸ देशभर में होगी 25 लाख लोगों को फोन कर वोट देने की अपील

काल करने और विभिन्न राज्यों और भाषाओं के अनुसार रणनीति विकसित करने में मदद करने के लिए पूरे अमेरिका में दो दर्जन से अधिक टीमें भी बनाई गई हैं। संस्था की ओर से कहा गया है कि इसके लिए दिसंबर से तैयारियां जारी हैं।

ओएफबीजेपी यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने बताया कि फरवरी में हम पूरे अमेरिका में एक कार्यक्रम शुरू कर रहे हैं। हम न केवल ओवरसीज फ्रेंड्स आफ बीजेपी के समर्थकों और स्वयंसेवकों को इकट्ठा करने की कोशिश कर रहे हैं, बल्कि आम समुदाय, समुदाय के नेताओं और उन्हें इकट्ठा करने की कोशिश कर रहे हैं।

भारतवंशी वरुण श्रीमद् भगवद्गीता पर शपथ लेने वाले पहले सीनेटर बने

मेलबर्न, एजेंसी। भारतीय मूल के बैरिस्टर वरुण घोष, प्रतिष्ठित हिंदू धर्मग्रंथ भगवद गीता पर पद की शपथ लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई सीनेटर बन गए हैं।

लेबर पार्टी के 38 वर्षीय घोष ने मंगलवार को पार्टी की सीनेट सीट भरी, जो पिछले महीने स्वास्थ्य कारणों से पैट्रिक डोडसन की सेवानिवृत्ति के बाद खाली हो गई थी। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मामलों के मंत्री और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के सीनेटर पेनी वोंग ने एक्स पर कहा, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के हमारे नवीनतम सीनेटर वरुण घोष का स्वागत है। सीनेटर घोष श्रीमद् भगवद्गीता पर शपथ लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई सीनेटर हैं। उन्होंने मंगलवार को कहा, मैंने अक्सर कहा है कि जब आप किसी चीज में प्रथम होते हैं, तो आपको यह सुनिश्चित करना होता है कि आप आखिरी नहीं हों। घोष 1980 के दशक में अपने माता-पिता के भारत से चले जाने और डॉक्टर के रूप में काम करने के बाद 17 साल की उम्र में पर्थ में लेबर पार्टी में शामिल हो गए थे।

यूक्रेन में सैन्य कार्रवाई का विरोध करने पर चुनाव लड़ने से रोका

मॉस्को। रूस के मुख्य चुनाव प्राधिकरण ने गुरुवार को यूक्रेन में मॉस्को की सैन्य कार्रवाई का विरोध करने वाले एक राजनेता को आगामी राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। मॉस्को के पास एक कस्बे के स्थानीय विधायक बोरिस नादेजदीन को कानून के अनुसार उम्मीदवारी के समर्थन में कम से कम 100,000 हस्ताक्षर इकट्ठा करने की आवश्यकता थी। केंद्रीय चुनाव आयोग ने नादेजदीन के अभियान द्वारा प्रस्तुत 9,000 से अधिक हस्ताक्षरों को अमान्य घोषित कर दिया।

विवि में भारतीय छात्र ने की थी आत्महत्याः अमेरिकी अधिकारी

न्यूयॉर्क, एजेंसी। इंडियाना राज्य में स्थित प्रतिष्ठित पड्र्यू विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट की पढ़ाई कर रहा एक भारतीय छात्र इस हफ्ते मृत पाया गया था। इस मामले में अधिकारियों ने बताया कि छात्र ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। उसके सिर में गोली लगी है। मीडिया अनुसार, समीर कामथ को पांच फरवरी की शाम को मृत पाया गया था।

उनका शव विश्वविद्यालय के क्रो ग्रोव में मिला था, जो एक प्रकृति संरक्षित क्षेत्र है। वॉरेन काउंटी के कोरोनर जस्टिन ब्रुमेट ने बुधवार को बताया था कि इंडियाना के क्रॉफड्र्सविले में छह फरवरी को कामथ का फोरेंसिक पोस्टमार्टम किया गया था। ब्रुमेट के कार्यालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कामथ की मौत सिर में गोली लगने की वजह से हुई है। यह आत्महत्या का मामला है। उसने खुद को गोली मारी है। हालांकि, एक रिपोर्ट इस मामले में अभी और सामने आनी है।

हिमस्खलन...



जम्मू-कश्मीर : श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर सारबल गांदरबल में बेहद बड़ा हिमस्खलन हुआ है। इसमें किसी प्रकार का जान माल का नुकसान होने की सूचना नहीं है। जानकारी के मुताबिक ये हिमस्खलन निर्माणाधीन जोजिला सुरंग से कुछ ही दूरी पर हुआ है। बता दें, कश्मीर घाटी के ऊंचाई वाले इलाकों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की है। 24 घंटे तक खतरे वाले इलाकों में नहीं जाने को कहा गया है। ● एजेंसी

विज्ञान पृथ्वी के वातावरण में टकराने के दौरान व्यवहार का पता देगी घटना, 21 जनवरी को गिरा था क्षुद्रग्रह

जर्मनी में गिरा क्षुद्रग्रह, पृथ्वी से संबंधित मिलेगी जानकारी

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचारः जर्मनी में गिरा क्षुद्रग्रह पृथ्वी के उत्पत्ति में प्रकाश डालने में मददगार साबित हो सकता है। यह क्षुद्रग्रह 21 जनवरी को गिरा था। इस घटना से क्षुद्रग्रह के पृथ्वी के वातावरण में टकराने के दौरान व्यवहार संबंधित कई नई जानकारियां मिल सकती है।

इस क्षुद्रग्रह को दुर्लभ अंतरिक्ष चट्टान माना जा रहा है। घटना के पांच दिन बाद यह क्षुद्रग्रह बरामद किया गया था। क्षुद्रग्रह का नाम 2024 बीएक्स1 है। वैज्ञानिकों द्वारा जांच करने के बाद पता चला कि चट्टान का यह टुकड़ा ऑब्राइट नामक दुर्लभ श्रेणी का है। इस तरह के टुकड़े सौर मंडल के पुराने दुर्लभ उल्कापिंड होने की पुष्टि करते हैं। अमेरिकी संस्था सेटी इंस्टीट्यूट के उल्का खगोलशास्त्री पीटर जेनिस्केंस व उनकी टीम ने इस घटना का अध्ययन किया और पाया कि यह वास्तव में पूर्व में पृथ्वी पर गिरे चट्टानों की पुष्टि करता है।

इस तरह के उल्कापिंड गिरने के केवल 11 उदाहरण अभी तक पाए गए हैं। खास बात यह है कि दुर्लभ क्षुद्रग्रह के नमूने एक ऐसे परिवार से हैं जो हमारे सौर मंडल के ज्ञात उल्कापिंडों का केवल 1 प्रतिशत है। 2024 बीएक्स1 के ऑब्राइट उल्कापिंड अन्य उल्कापिंडों से भिन्न हैं। क्योंकि उनमें काले कांच की मोटी परत के बजाय पारभासी कांच की परत है और उनका रंग ग्रे ग्रेनाइट जैसा है। इस घटना का दिलचस्प पहलु यह है कि इसकी कक्षा को समझ चुके है। जिससे पता चलता है कि इस उल्कापिंड का स्रोत क्षेत्र कहां था। वे संभवतः मंगल और बृहस्पति के बीच क्षुद्रग्रह बेल्ट के अंदरूनी हिस्से से आया था। यह एक ऐसी जगह है जहां संभवतः बहुत सारा मलबा है, एक टक्कर से बहुत सारे छोटे-छोटे टुकड़े बने जिन्हें क्षुद्रग्रह परिवार कहा जाता है।

जर्मनी में गिरे क्षुद्रग्रह की तस्वीर।

उल्कापिंड पृथ्वी के अतीत और भविष्य की कुंजी

2024 बीएक्स1 जैसे मुख्य बेल्ट क्षुद्रग्रहों का निर्माण सौर मंडल के ग्रहों के निर्माण के दौरान लगभग 4.5 अरब साल पहले हुआ था। तब सूर्य के आसपास की सामग्री से जो ग्रहों के निर्माण के दौरान नष्ट नहीं हुई थी। क्षुद्रग्रह 2024 बीएक्स1 के अवशेषों का अध्ययन न केवल पृथ्वी के अतीत को समझने में बल्कि मानवता के भविष्य की सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण हो सकता है।

भारत और फ्रांस की नौसेना के बीच समुद्री सुरक्षा पर चर्चा

नई दिल्ली। भारत और फ्रांस की नौसेना के बीच नई दिल्ली में 17वीं स्टाफ वार्ता आयोजित की गई। बैठक में दोनों देशों की नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत की। इस दौरान परिचालन, प्रशिक्षण और सूचना का आदान-प्रदान समेत वर्तमान में नौसेना के सामने आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। गौरतलब है कि 17वीं भारत-फ्रांस नौसेना स्टाफ वार्ता छह से सात फरवरी तक दिल्ली में आयोजित की गई थी।

भारतीय नौसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि दोनों देशों की नौसेना के बीच समुद्री क्षेत्र के अपने अनुभवों को साझा किया। साथ ही कहा कि समुद्री क्षेत्र के खतरों पर भी वार्ता में चर्चा की गई। इस दौरान परिचालन, प्रशिक्षण समेत सहयोग के तरीकों पर बातचीत हुई। समुद्री क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।

भारत को अमेरिका के नेतृत्व पर भरोसा नहीं, रूस के करीब

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में काफी कम समय रह गया है, जिसके कारण राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवार बनने की रेस में शामिल निक्की हेली ने बाइडन का नाम लिए बिना तंज कसा है।

निक्की हेली ने कहा कि भारत अमेरिका के साथ भागीदार बनना चाहता है, लेकिन अभी उन्हें अमेरिकियों के नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। भारतीय-अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की रेस में शामिल निक्की ने यह भी कहा कि नई दिल्ली ने मौजूदा वैश्विक स्थिति में चतुराई से खेला है और रूस के साथ करीब रहा है। मीडिया को दिए साक्षात्कार में 51 साल की हेली ने कहा कि फिलहाल भारत अमेरिका को कमजोर मानता है। उन्होंने कहा कि मैंने भारत के साथ भी डील की है। मैंने मोदी से बात की है। भारत हमारे साथ पार्टनर बनना चाहता है और वो रूस के साथ पार्टनर नहीं बनना चाहता। निक्की हेली ने कहा कि समस्या यह है कि भारत को हमारे नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। वे अभी देख रहे हैं कि हम कमजोर हैं। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा चतुराई से खेला है और वे तभी रूस के साथ करीबी रूप से टिके हुए हैं, क्योंकि यहीं से उन्हें अपने बहुत सारे सैन्य उपकरण मिलते हैं। रिपब्लिकन नेता ने फॉक्स बिजनेस न्यूज से कहा कि भारत ने चीन पर कम निर्भर होने के लिए खुद को एक अरब डॉलर का प्रोत्साहन दिया।

▸▸ निक्की बोलीं अमेरिका का भागीदार बनना चाहता है भारत लेकिन बाइडन पर भरोसा नहीं

नक्सलियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ विस्फोटक सामग्री जब्त

मुंबई। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद क्षेत्र की तलाशी ली गई, जहां से विस्फोटक सामग्री, डेटोनेटर और अन्य सामान बरामद किया गया।

गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि बुधवार देर रात को खुफिया जानकारी मिली थी कि कांकेर-नारायणपुर-गढ़चिरौली तिराहे पर वांगेतुरी से सात किलोमीटर पूर्व हिदुर गांव में सशस्त्र नक्सली डेरा डाले हुए हैं। सूचना पर गढ़चिरौली पुलिस की विशेष लड़ाकू इकाई सी-60 यूनिट के जवानों की एक टीम को इलाके में तलाशी के लिए भेजा गया। तलाशी में नक्सलियों ने जवानों पर गोलीबारी की। इस पर पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद नक्सली घने जंगल और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। विस्फोटक सामग्री, आईईडी बरामद किए गए हैं।